CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 25°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 20 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 188 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




यूपी में धर्मांतरण के रैकेट का भंडाफोड़

पेज 2



आंद्रे रसेल ने कहा इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा

खेल टाइम्स



भारत-पाकिस्तान संघर्ष में पांच जेट गिरेः ट्रम्प

पेज 11



सोनम ने बागी 4 की शूटिंग पूरी की

बॉलीवुड

### परंपरागत धार्मिक रिवाजों में राज्य का हस्तक्षेप अनुचित: उच्च न्यायालय

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बहराइच के सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर सालाना लगने वाले उर्स, जिसे जेठ मेला भी कहा जाता है, के मामले में दिए आदेश में अहम टिप्पणी की है कि सामान्य परिस्थितियों में,वे सभी धार्मिक रिवाज जो लंबे समय से प्रचलित हैं, राज्य सरकार द्वारा छोटे-छोटे कारणों से रोकी नहीं जा सकते। विशेषकर तब जब कि ये प्रथाएं समाज में सांस्कृतिक सौहार्द को बढ़ावा देती हैं। अदालत ने कहा कि मामले में बीती 17 मई को पारित अंतरिम आदेश के तहत किए गए प्रबंधों के दौरान शांति और सौहार्द बना रहा, लिहाजा निर्धारित तिथियों में उर्स अथवा मेला के आयोजन को लेकर राज्य सरकार की सभी आशंकाएं भी निर्मूल सिद्ध हुई हैं। न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यह आदेश वक्फ नंबर 19 दरगाह शरीफ, बहराइच व अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर दिया।

# चीन ने भी की पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा

## कहा: हम हर तरह के आतंकवाद के विरोधी, TRF व पाक का नाम लेने से किया परहेज

**बीजिंग, वार्ता**

**चीन ने** अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि चीन हर तरह के आतंकवाद का सख्त विरोध करता है और 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता है।

उन्होंने आगे कहा कि चीन सभी देशों से आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने और क्षेत्रीय शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील करता है। चीन का यह बयान अमेरिका के पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को 'विदेशी आतंकवादी संगठन' घोषित किए जाने के बाद आया है। चीन ने पहलगाम हमले की निंदा तो की है, लेकिन अमेरिका की तरह न तो टीआरएफ का नाम लेकर उसकी आलोचना की और न ही टीआरएफ को सीधे तौर पर आतंकी संगठन कहा। टीआरएफ पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन -शेष पृष्ठ दो पर



### पाक का दावा: आतंकी नेटवर्क ध्वस्त किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने आतंकी नेटवर्क को खत्म कर दिया है। पाक ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकी हमले का संबंध लश्कर-ए-तैयबा से जोड़ना सही नहीं है, क्योंकि यह संगठन अब सक्रिय नहीं है। पाक का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका ने पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन लश्कर की प्रॉक्सी विंग टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन और वैश्विक आतंकी घोषित किया है। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान ने संबंधित आतंकी संगठनों को प्रभावी और व्यापक रूप से ध्वस्त कर दिया है। उनके नेताओं को गिरफ्तार किया गया है।

### टीआरएफ के पहलगाम हमले में शामिल होने का सबूत दिखाएं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने संसद में खुलकर टीआरएफ का बचाव किया। डार ने दावा किया कि पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र के बयान से टीआरएफ का नाम हटवाया। साथ ही उन्होंने टीआरएफ को गैरकानूनी मानने से भी इन्कार किया। पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार खुलकर टीआरएफ के बचाव में सामने आ गए। उन्होंने पाकिस्तान की संसद में भाषण देते हुए खुलेआम द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का बचाव किया। इशाक डार ने संसद में दावा किया कि पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पहलगाम हमले पर जारी बयान में टीआरएफ का नाम हटवाया।

# उत्तराखंड में एक लाख करोड़ के निवेश की सफल ग्रांउडिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रुद्रपुर( उधमसिंह नगर )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को उत्तराखंड के रुद्रपुर में आयोजित उत्तराखंड निवेश उत्सव-2025 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के प्रयासों की जमकर सराहना की। दिसम्बर 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की सफल ग्राउंडिंग का उत्सव मनाते हुए शाह ने कहा कि धामी सरकार पारदर्शिता, तीव्रता और दूरदर्शिता के साथ काम कर रही है। उन्होंने जोर दिया कि विकसित उत्तराखंड के बिना 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता।

गृह मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि देवभूमि उत्तराखंड ने पूरी दुनिया को आध्यात्मिक ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। उन्होंने दिसम्बर 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का जिक्र करते हुए कहा कि तब मैंने



### औद्योगिक विकास की ऊंचाइयों को छू रहा उत्तराखंड: धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए कहा कि आज हम उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की सफलतापूर्वक ग्राउंडिंग का उत्सव मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज का उत्सव केवल आर्थिक निवेश नहीं, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध संभावनाओं, उद्यमिता की भावना और जन भागीदारी पर आधारित समावेशी विकास का प्रतिबिंब है, जो राज्य को आत्मनिर्भरता और औद्योगिक समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। आज 1342 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है।




## संक्षिप्त समाचार

### पाक को आने वाले समय में चुकानी होगी भारी कीमत: एलजी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल(एलजी) मनोज सिन्हा ने सिंधु जल संधि के निलंबन का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान को इसका भारी खामियाजा भुगतना होगा। सिन्हा ने कहा कि भारत अब आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा और हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। यह बयान उन्होंने जम्मू में आयोजित एक कार्यक्रम में दिया, जहां वरिष्ठ पत्रकार संत कुमार शर्मा की पुस्तक सिंधु जल संधि तथ्यों का प्रतिबिंब का विमोचन किया गया। इस मौके पर उपराज्यपाल ने पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि दी और आतंकवाद के खिलाफ सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मनोज सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद ने जम्मू-कश्मीर को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया है और अब समय आ गया है कि इस पर निर्णायक प्रहार किया जाए।

### यूपी में बकाया गृहकर वसूली अभियान 31 तक

**लखनऊ( ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बकाया गृह कर वसूलने के लिए 15 जुलाई से शुरू किया विशेष अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिन मालिकों ने अभी तक अपना बकाया नहीं चुकाया है, उन्हें नोटिस और बिल भेजे जाएंगे। उत्तर प्रदेश के 17 प्रमुख नगर निगमों में 55 लाख से ज्यादा संपत्तियों को इसके दायरे में लाया जाएगा। कुल 762 शहरी स्थानीय निकायों के साथ, राजस्व का बड़ा हिस्सा इन्हीं 17 शहरों से आता है। अनुमान है कि शेष 199 नपा परिषदों और 545 नगर परिषदों के पास 30 से 35 लाख अतिरिक्त संपत्तियां हैं।

# अजीत हत्याकांड में धनंजय सिंह का नाम आया सामने

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में चार साल पहले हुए अजीत सिंह हत्याकांड के मामले में पूर्व बाहुबली सांसद धनंजय सिंह का नाम एक बार फिर सुर्खियों में है।

हत्या के मामले में शामिल मुख्य गवाह मोहर सिंह ने अदालत में सीधे तौर पर धनंजय का नाम लेते हुए कहा है कि अजीत की हत्या की साजिश में धनंजय भी शामिल थे। मोहर सिंह ने कोर्ट में शूटरों की पहचान करते हुए कहा कि अजीत सिंह की हत्या को पूर्व सांसद अजीत सिंह की भी भूमिका रही है। दरअसल अजीत की जब हत्या हुई थी, तब मोहर सिंह पर भी हमला हुआ था। उस समय जांच के दौरान एसटीएफ ने अजीत सिंह को क्लीन चिट दे दी थी। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंश नारायण ने गवाह मोहर सिंह से बचाव पक्ष के लिए 28 जुलाई की तारीख तय की है।

अदालत ने गवाह मोहर सिंह को सुरक्षा देने का आदेश भी दिया है। कोर्ट में मोहर सिंह ने अपने बयान में कहा है कि अजीत सिंह की हत्या की साजिश कुंटू, अखंड, प्रदीप धनंजय सिंह ने मिलकर रची थी। इसके लिए शूटर बुलवाए गए थे। गौरतलब है कि छह जनवरी 2021 की रात लखनऊ के विभूतिखंड में कठौता चौराहे के पास माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी अजीत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हमले में उसके करीबी मोहर सिंह को भी गोली लगी थी।

# वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ा



**वाराणसी।** गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी जारी है। शनिवार सुबह 8:00 बजे तक केंद्रीय जल आयोग के जारी आंकड़ों के मुताबिक गंगा का जलस्तर वार्निंग लेवल से सिर्फ 33 सेंटीमीटर दूर है। जलस्तर बढ़ोतरी की वजह से गंगा और तेजी से सड़कों पर आने के लिए उतावली दिखाई दे रही है।

# बूथ उतारेगा कुछ लोगों का भूत: अखिलेश यादव

## सपा मुखिया ने योगी के बयान की निंदा की

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ताजिया जुलूस को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कुछ लोगों का भूत 'बूथ' उतारेगा।

यादव ने शनिवार को एक्स पर लिखा- और कुछ नहीं कहना है। गौरतलब है कि वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा था कि जौनपुर में मुहर्रम के दौरान एक घटना हुई। ताजिया को इतना ऊंचा किया कि हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गए। तीन लोगों की मृत्यु हो गई, जिसके बाद उपद्रव हुआ और रोड जाम कर दिया। पुलिस ने उनसे पूछा तो उन्होंने कहा लाठी मारो इनको। ये लातों के भूत हैं बातों से नहीं मानेंगे। इसका किसी ने सोशल मीडिया पर विरोध नहीं किया, लेकिन कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है।

# कांग्रेस सरकारें भ्रष्टाचार में शामिल रहीं



### भाजपा ने की भूपेश बघेल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों का बचाव करने के लिए गांधी परिवार की तीखी आलोचना

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों का बचाव करने के लिए 'गांधी परिवार' की तीखी आलोचना करते हुए सवाल किया है कि भ्रष्टाचार के इस मामले में 'गांधी परिवार' का क्या हित छिपा है।

डा. द्विवेदी ने शनिवार को यहां मीडिया को संबोधित करते हुए मांग की कि इस मामले में गांधी परिवार का हित देश के सामने आना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की कई सरकारें प्रत्यक्ष रूप से भ्रष्टाचार में शामिल रही हैं और छत्तीसगढ़ में तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार में हुआ भ्रष्टाचार उसी शृंखला की एक कड़ी है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा धन शोधन मामले में राबर्ट वाड्रा का बचाव करने का उल्लेख करते कहा कि बहनोई के बचाव में मामला तो पारिवारिक है, लेकिन यह तो राजनीतिक मामला है, इसलिए बीजेपी जानना चाहती है कि छत्तीसगढ़ के इस भ्रष्टाचार के मामले में गांधी परिवार का क्या हित छिपा है।

### अडानी को छत्तीसगढ़ के जंगल सौंपने के विरोध की बघेल को सजा : प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार छत्तीसगढ़ के जंगल पीएम मोदी के नजदीकी उद्योगपति गौतम अडानी को सौंप रही है और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इसका जमकर विरोध कर रहे हैं, इसलिए उनके परिवार को इसकी सजा दी जा रही है। बघेल इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही उनकी आवाज दबाने की कोशिश करते हुए उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनका कहना था कि भाजपा इस तरह के हथकंडे अपनाती रहती है, लेकिन कांग्रेस के लोग इससे डरने वाले नहीं है।

## डीजीपी राजीव कृष्ण ने किया खुलासा, छह राज्यों से 10 पकड़े

# यूपी में धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की आगरा पुलिस ने अवैध धर्मांतरण के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए देश के छह राज्यों से दस लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि आगरा पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छह राज्यों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी छद्म नाम से गैर मुस्लिम युवतियों से दोस्ती कर उन्हें प्रेमजाल में फंसाते थे और बाद में उन्हें इस्लाम अपनाने पर मजबूर किया जाता था। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की शुरुआती जांच में इस गिरोह का संबंध पीएफआई, एसडीपीआई और पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से होने के संकेत मिले हैं। इस घटना के संबंध में बंगाल, गोवा, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 11 टीमों को लगाया गया था जिन्होने आयशा (एसबी कृष्णा) गोवा, अली हसन (शेखर राय) कोलकाता, ओसामा-कोलकाता, रहमान कुरैशी-आगरा, अब्बू तालिब-खालापार, मुजफ्फरनगर, अबुर रहमान- देहरादून, मोहम्मद अली - जयपुर, राजस्थान, जुनैद कुरैशी-जयपुर, मुस्तफा (मनोज)-दिल्ली, मोहम्मद अली-जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि आगरा पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में उत्तर प्रदेश की विशेष एजेंसी एटीएस और एसटीएफ भी शामिल थी। अब इस मामले की आगे की जांच के लिए अन्य राज्यों की पुलिस तथा केंद्रीय जांच एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगरा जिले में पिछली मार्च में दो सगी बहनों जिनकी उम्र 33 वर्ष और 18 वर्ष की थी गुमशुदगी का मामला उनके परिवार में दर्ज कराया था।

### छांगुर के दो करीबी एटीएस के हत्थे चढ़े

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने शनिवार को अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के दो करीबियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस महा. निदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि एटीएस ने छागुर गैंग के दो सदस्यों सबरोज उर्फ इमरान (42) और शहाबुद्दीन (36) को बलरामपुर जिले से गिरफ्तार किया। दोनो छांगुर के करीबी बताए जाते है, जो गरीब मजबूर लोगों को आर्थिक मदद का आश्वासन देकर उन्हे धर्म परिवर्तन के लिए उकसाते थे। गौरतलब है कि धर्मांतरण के आरोपी छांगुर और उसकी करीबी नसरीन से पूछताछ के बाद यूपी एटीएस 100 से अधिक लोगों को रडार पर लिया है।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 81757.73
निफ्टी 2496840



सोना रु. 98243
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 112700
प्रति किलो



# बाजरा किसानों को प्रोत्साहित करेगी सरकार

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार पौष्टिकता से भरपूर श्रीअन्न की प्रमुख फसल बाजरा के उत्पादन को लेकर किसानो का लगातार उत्साहवर्धन कर रही है। उत्तर प्रदेश में धान, गेहूं एवं मक्का के पश्चात लगभग 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बाजरा की खेती की जाती है।

बाजरा के दानो में भरपूर पौष्टिकता होती है। विशेष रूप से फाइबर, प्रोटीन, विटामिन बीकॉम्पलेक्स, कैल्शियम, फास्फोरस एवं मैगनीज तत्वों के साथ एन्टीआक्सीडेंट भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करती है। इससे बाजार में इसकी मांग है। बाजरा के प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ में औषधीय गुण भी पाए जाते हैं। बाजरा के उत्पाद मधुमेह के नियंत्रण, हृदय के स्वास्थ्य सुधार हेतु उपयुक्त, ग्लुटेन मात्रा कम पाए जाने के कारण पेट के रोगों से राहत दिलाने में सहयोग के साथ ही



**पेट के रोगों को और मोटापा कम करने में सहायक है ये अन्न**

वर्तमान समय में मोटापा कम करने और वजन सुधार में भी लाभदायक है। इसके अतिरिक्त वैज्ञानिक शोध एवं तकनीकी विकास के कारण बाजरे के दानों से कई प्रकार की औषधियों का भी निर्माण किया जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार बाजरा की खेती अपेक्षाकृत कम वर्षा (400-500 मिमी0) में भी की जा सकती है। वर्तमान में लगभग प्रदेश के 29 जिलों में औसत से कम वर्षा पायी गयी है। जहां कम वर्षा के कारण धान की खेती नहीं की जा सकती, किसानों के लिए उन क्षेत्रों में बाजरा की फसल लेना लाभदायक सिद्ध होगा। बाजरा की फसल लगभग धान की असफल बुवाई की स्थिति में अगस्त माह के मध्य तक कर सकते हैं। फसल की अवधि अधिकतम 80-85 दिन होने के कारण 10 नवम्बर के पूर्व कटाई कर रबी की फसल की बुवाई समय से की जा सकती है। बाजरा की फसल से 25.30 कुन्तल प्रति हेक्टेयर उत्पादन मिल जाती है, तो दूसरी तरफ धान की अपेक्षा लागत कम होने एवं बाजरा का बाजार मूल्य अधिक होने के कारण प्रति इकाई किसानों को अपेक्षाकृत अधिक लाभ की संभावना हो सकती है। बाजरा की संकर प्रजाति 86एम84, बायो-8145, एन.बी.एच.- 5929 के साथ संकुल प्रजाति धनशक्ति की उत्पादन क्षमता 35.40 कुन्तल प्रति हेक्टेयर तक है। उत्तर प्रदेश में बहुत से क्षेत्रफल असमतल एवं वर्षा आधारित होने के कारण धान की खेती के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं।

### इस हफ्ते 732 रुपए महंगा हुआ सोना

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी में तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोना 97,511 रुपए पर था, जो अब 98,243 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी हफ्तेभर में इसकी कीमत 732 रुपए बढ़ी है। चांदी 11 जुलाई को 1,10,290 रुपए पर थी, जो अब 1,12,700 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह हफ्तेभर के कारोबार में इसकी कीमत 2,410 रुपए बढ़ी है। 14 जुलाई को चांदी ने 1,13,867 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इसके पहले सोने ने 8 जून को 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार को बढ़त देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 790 बढ़कर 98,243 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 97,453 पर था। चांदी की कीमत 1,700 बढ़कर 1,12,700 प्रति किलोग्राम हो गई है।

# गेहूं महंगा, दालें सस्ती, अधिकतर खाद्य तेल मजबूत



**नई दिल्ली।** घरेलू जिंस बाजारों में शनिवार को गेहूं के भाव में तेजी रही। अधिकतर खाद्य तेल भी महंगे हुए। इसके विपरीत दालें सस्ती हुईं। गुड़-चीनी में भी मंदी देखी गयी। घरेलू थोक बाजारों में ग्राहकों के आने से अनाजों में चावल की औसत कीमत 3,818 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही।

गेहूं करीब 22 रुपए के उछाल के साथ 2,834 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपए से ज्यादा महंगा हुआ और औसतन 3,286 रुपए पर रहा। अधिकतर खाद्य तेलों में तेजी रही। हालांकि मूंगफली तेल 225 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। सरसों तेल 95 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। सोया तेल भी 90 रुपए से ज्यादा चढ़ा। वनस्पति के दाम भी 33 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा चढ़े। सूरजमुखी तेल में 17 रुपए की तेजी रही। पाम ऑयल भी लगभग 54 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मंदी का रुख रहा। दलहन बाजार में चना दाल करीब 17 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल करीब 108 रुपए सस्ती हुई। उड़द दाल 72 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई, जबकि मसूर दाल में 24 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक की नरमी रही। दाल मूंग भी सात रुपए से अधिक की तेजी दर्ज की गई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव 19 रुपए से ज्यादा टूट गए। चीनी एक रुपए प्रति क्विंटल से अधिक सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहन: दाल चना 7821.61, मसूर काली 8082.69, मूंग दाल 10149.11, उड़द दाल 10497.08, अरहर दाल 10955.81 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2834.01 रुपए और चावल 3818.17 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4267.95 और गुड़ 4887.23 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17002.13 रुपए, मूंगफली तेल 17567.66 रुपए, सूरजमुखी तेल 15253.86 रुपए, सोया रिफाइंड 13786.77 रुपए, पाम ऑयल 12230.82 रुपए और वनस्पति तेल 14507.19 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चीन ने ....**

लश्कर-ए-तैयबा का सहयोगी संगठन है। इसने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। इसमें 26 नागरिकों की मौत हुई थी। हमले के कुछ ही देर बाद टीआरएफ ने घटना की जिम्मेदारी ली थी और बयान जारी कर कहा था कि भारत सरकार कश्मीर में मुस्लिमों को बहुसंख्यक से अल्पसंख्यक बना रही है। हालांकि, 26 अप्रैल को टीआरएफ इससे मुकर गया था। संगठन के प्रवक्ता अहमद खालिद ने कहा था कि पहलगाम हमले के लिए टीआरएफ को जिम्मेदार ठहराना गलत है। खालिद ने कहा कि उनकी वेबसाइट को हैक कर लिया गया था। टीआरएफ मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है। यह अक्सर ऐसे लोगों को भर्ती करता है, जो आम नागरिकों जैसे दिखते हैं, लेकिन गुप्त रूप से आतंकी गतिविधियों में शामिल होते हैं। इन्हें हाइब्रिड आतंकवादी कहा जाता है। भारत सरकार ने 5 जनवरी, 2023 को टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित किया था। जम्मू-कश्मीर के आतंकी संगठनों में 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) नया नाम है। 2019 में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाए जाने के बाद यह अस्तित्व में आया। भारत सरकार भी मानती है कि ये लश्कर-ए-तैयबा का प्रॉक्सी आतंकी संगठन है। ये आतंकी संगठन जवानों और आम नागरिकों की हत्या के अलावा सीमा पार से ड्रग्स और हथियार की तस्करी में शामिल रहा है। सुरक्षा मामलों के जानकार बताते हैं कि सीमा पार से आईएसआई हैंडलर्स ने ही लश्कर-ए-तैयबा की मदद से टीआरएफ को खड़ा किया। इससे पहले अमेरिका ने पहलगाम आतंकी हमले की आलोचना की थी और इसकी जिम्मेदारी लेने वाले संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) की लिस्ट में डाल दिया था। इस सूची में पहले से ही पाकिस्तान के कई आतंकी संगठन जैसे लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), जमात-उद-दावा (जेयूडी) और आतंकी सरगना हाफिज सईद व मसूद अजहर जैसे नाम शामिल हैं।

**उत्तराखंड में...** पुष्कर सिंह धामी से कहा था कि असल पराक्रम समिट में हुए तीन लाख 56 हजार करोड़ के एमओयू को धरातल पर उतारने का होगा। मुझे खुशी है कि धामी की टीम ने तमाम चुनौतियों के बावजूद आज एक लाख करोड़ का निवेश धरातल पर उतार दिया है। उन्होंने बताया कि इस निवेश से 81 हजार नए रोजगार सृजित हुए हैं, और सहायक उद्योगों के जरिए भी ढाई लाख से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। शाह ने इस बात पर जोर दिया कि उत्तराखंड के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में भी अब उद्योग लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए, नीति में पारदर्शिता, क्रियान्वयन में तीव्रता और विजन में दूरदर्शिता के साथ विकास का नया खाका खींचने में सफल रही है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा उत्तराखंड के गठन और केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद से लगातार चल रही डबल इंजन सरकार के लाभों का भी उल्लेख किया। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर से चौथे नंबर पर आ गई है और 2027 तक इसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 2047 तक विकसित भारत की कल्पना की है, लेकिन विकसित उत्तराखंड के बिना विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है। शाह ने गरीबों के कल्याण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में मोदी सरकार की उपलब्धियों का भी संक्षिप्त उल्लेख किया, जिसमें 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाना शामिल है। उन्होंने जोर दिया कि देश के समग्र विकास के लिए छोटे राज्यों और पूर्वोत्तर के राज्यों का विकास भी महत्वपूर्ण है, जिस पर केंद्र सरकार विशेष ध्यान दे रही है।

# आयातित पुर्जे जोड़कर निर्माण की जमीनी हकीकत बदलना जरूरी: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आयातित पुर्जे असेंबल करके टीवी, मोबाइल बनाने की नीति पर सवाल उठाते हुए शनिवार को कहा कि यह 'मेक इन इंडिया' नहीं है इसलिए निर्माण की इस हकीकत को बदलना जरूरी है।

गांधी ने कहा कि टीवी मोबाइल आदि के 80 फीसदी पुर्जे विदेश से आयात करके देश में असेंबल होते हैं। यह स्थिति बदलनी चाहिए और देश में ही इन सब वस्तुओं का निर्माण हो इसके लिए हालात में बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्या आप जानते हैं कि भारत में बने ज़्यादातर टीवी का 80 प्रतिशत हिस्सा चीन से आता है। 'मेक इन इंडिया' के नाम पर हम सिर्फ असेंबल कर रहे हैं-असली निर्माण नहीं। आईफोन से लेकर टीवी तक- पुर्जे विदेश से आते हैं, हम बस जोड़ते हैं। छोटे उद्यमी निर्माण करना चाहते हैं, लेकिन न नीति है, न सपोर्ट। उल्टा, भारी टैक्स और चुने हुए कॉरपोरेट्स का एकाधिकार - जिसने देश के उद्योग को जकड़ रखा है। जब तक भारत उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं बनता, रोज़गार, विकास और 'मेक इन इंडिया' की बातें सिर्फ भाषण रहेंगी। गांधी ने कहा कि इसके लिए देश में बदलाव जरूरी है। इस स्थिति में बदलाव आना जरूरी है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

**स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है**
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
**हाशमी दवाखाना**
9997161320, 8272800800

**काम कोर्स उदास क्यों?**
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
**ऋषि इन्टरनेशनल**
08899787114
09808917010

**Cipzer**
HEALTH WITH CARE
**जॉन्डिस क्योर**
**लिवर का जिगरी दोस्त**
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

**वैधानिक सूचना**
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अबू तालिब को ले गई आगरा की क्राइम ब्रांच

## छांगुर बाबा से नाम जुड़ा होने की चर्चा, आगरा पुलिस ने स्थानीय पुलिस को नहीं दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आगरा से जुडा धर्मातंरण का मामला मुजफ्फरनगर के खालापार कोतवाली तक आ पहुंचा है। आगरा पुलिस अब तक इस सनसनी खेज मामले में लडकियां सहित दस लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है जिसमें खालापार क्षेत्र का अबूतालिब भी पुलिस की जांच में आने के बाद आगरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार हो चुका है, हालांकि यह मामला सनसनी खेज है, लेकिन अबू तालिब का इस अपराध में क्या रोल है यह तो आगरा पुलिस की जांच ही जाने, फिलहाल उक्त युवक की गिरफ्तारी एक बड़ा सवाल खडा कर रही है।

बता दे कि आगरा के उच्च अधिकारियों के संरक्षण में पुलिस ने जलालुद्दीन उर्फ छांगुर के खिलाफ बड़ा एक्शन लेते हुए उसकी शान हवेली को तहस नहस कर दिया था। जलालुद्दीन पर बडी कार्यवाही के बाद उससे हुई पूछताछ के बाद पुलिस अब तक कई राज्यों व जनपद में छापेमार कार्यवाही कर चुकी है। लखनऊ डीजीपी राजीव कृष्ण की माने तो पुलिस ने गोवा निवासी आईशा, कलकत्ता निवासी अली हसन व ओसामा, आगरा निवासी रहमान और जनपद मुजफ्फरनगर के थाना खालापार निवासी अबू तालिब पुत्र नन्हे तथा देहरादून के अबू रहमान, जयपुर के मौहम्मद अली सहित करीब दस लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस छांगुर के इस गिरोह से लगातार पूछताछ में लगी हुई है। डीजीपी लखनऊ राजीव कृष्ण का कहना है कि उन्होने धर्मातंरण कराने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए एक सनसनी खेज खुलासा किया है। उनकी पुलिस अब तक छह राज्यों में छापेमार कार्यवाही कर चुकी है। यह मामला डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देशन मे चल रहा है, लेकिन सवाल यह है कि जामिया नगर खालापार का निवासी अबू तालिब का इस गिरोह में क्या रोल था और उसने कौन-कौन से गुनाह किए इस पर पुलिस छानबीन कर रही है। सूत्रों का कहना है कि अबू तालिब का नन्हा गैस सिलेण्डर का काम करता है और अबू तालिब तीन भाई है जिसमें साजमा मंदबुद्धि है और अबू तालिब सबसे छोटा है। अबू तालिब की मां करीब दस वर्ष से अलग रहती है और अबू तालिब व दूसरा भाई नन्हे व अपनी मां के साथ भी रहते है। अबू तालिब घरों में सामान की डिलीवरी करने का काम करता है और विगत दिवस सवेरे करीब पांच बजे अबू तालिब की गिरफ्तारी क्षेत्र के लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है क्षेत्र के लोग इस मामले को अलग-अलग पहलु से जोड रहे है कुछ लोग लडकी से संबंध होने से जोड रहे है तो कुछ लोग इस मामले को किसी ओर ढंग से देख रहे है। चर्चा यह भी है कि अबू तालिब का नाम चर्चित जलालुद्दीन उर्फ छांगुर से जुड रहा है। सच्चाई क्या है यह तो लखनऊ व आगरा के पुलिस अधिकारी जाने है फिलहाल अबू तालिब की गिरफ्तारी को लेकर तरह-तरह की चर्चा फैल रही है। उधर परिजनों का कहना है कि अबू तालिब निर्दोष है, उनको अबू तालिब से मिलने भी नहीं दिया जा रहा है।

# बम-बम भोले की जयघोष से शिवमय हुआ शहर

## सजीली रंग बिरंगी कांवड़ की झलक देखने को सड़कों पर आए महिला व बच्चों के साथ लोग





# पति व दोस्त पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एक विवाहिता ने थाना सिविल लाइन में एक शिकायती पत्र देकर अपने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पति ने नशीली कोल्ड्रिंक पिलाकर स्वयं व अपने साथी से दुष्कर्म कराया है। पुलिस ने इस मामले को दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है। सच्चाई क्या है अब यह पुलिस जांच का विषय है?

पीडित महिला ने सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी शादी को 14 साल बीत चुके है। उसके तीन बच्चे है। पति उसके साथ आए दिन मारपीट करता था। उसे पता चला कि उसके पति के अपने दोस्त के साथ अवैध संबंध है। उसने विरोध किया। तब पति ने उसके साथ कुकर्म किया। ससुरालियों से शिकायत करने पर पति ने माफी मांग ली। इसके बाद भी पति नही माना। बल्कि अपने दोस्त के साथ अवैध संबंध बनाने का दबाव बनाया। आरोप है कि 16 जुलाई की शाम पति ने उसे नशीली कोल्ड ड्रिक पिलाई तब उसे गहरी नींद आ गई। इसके बाद पति ने दोस्त को बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म कराया। गले दिन नशीला पदार्थ मिलाया हुआ घेवर खाने को दिया। पीडिता ने थोडा घेवर खाकर बाकी फेंक दिया और बच्चों के साथ जाकर सो गई। आरोप है कि उसके साथ रात में एक बार फिर पहली वाली घटना करने का प्रयास किया गया। लेकिन इस बार पीडिता जाग गई। विरोध करने पर पति ने उसे बांध दिया। तब पति व दोस्त दोनों ने दुष्कर्म किया। इस बारे में पीडिता ने अपने ससुराल व मायके वालों को जानकारी दी। इसके बाद मुकदमा दर्ज कराया।

## युवक पर किया चाकू से हमला

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाइन में हुसैनिया कॉलोनी निवासी प्रवेज ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसका भाई जाहिद गाडी चालक है। 9 जुलाई को उसकी मल्लूपुरा निवासी शौकीन के साथ टी शर्ट को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी रंजिश में शौकीन ने अपने चार साथियों के साथ मिल कर शुक्रवार को रास्ते में जाहिद से मारपीट की। उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गए।

# प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर परखी व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कावड महाकुंभ के दौरान व्यवस्थाएं परखने निकले सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री सोमेंद्र तोमर ने कावड मार्गों पर लगे सेवा शिविरों, मेडिकल कैंपों और शिव चौक पर स्थापित कावड कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उनके साथ राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और वीरपाल निरपाल भी मौजूद रहे। सोमेंद्र तोमर कपिल देव अग्रवाल ने स्वयं पुष्प वर्षा कर शिवभक्तों का अभिनंदन किया। जिससे पूरा वातावरण बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री ऊर्जा वैकल्पिक ऊर्जा सोमेंद्र तोमर ने कावड़ शिविर सब्जी मंडी, जानसठ तिराहा खतौली, नगर पालिका गंग नहर, उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ कावड़ शिविर कंपनी बाग, शिव भक्त शिविर सेवा संघ कंपनी बाग, शिव चोक पर शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत प्रभारी मंत्री सोमेंद्र तोमर ने कावड़ मार्गो का निरीक्षण करते हुए श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क भोजन, चिकित्सा व विश्राम की व्यवस्था को परखा। जिससे किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो रही है। हर श्रद्धालु की सुरक्षा हमारी नैतिक और प्रशासनिक दोनों ही जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, नगर पालिका चेयरमैन मिनाक्षी स्वरुप, अपर जिला. धिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज कुमार राठोर, एसडीएम सदर निकिता शर्मा, ईओ प्रज्ञा सिंह रहे।

## दुष्कर्म के प्रयास में दस वर्ष की कैद

**मुजफ्फरनगर।** पीड़ित व्यक्ति ने 23 सितम्बर 2017 को मंडी पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि जितेन्द्र पुत्र बाबूराम निवासी गांधीनगर ने उसकी नाबालिक भांजी के साथ छेडछाछ व दुष्कर्म का प्रयास किया है। पुलिस ने इस मामले को 452, 354, 376, 511 आईपीसी व 7/8 पोक्सो के तहत दर्ज कर लिया था। इस मुकदमें की पैरोकारी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता दिनेश शर्मा द्वारा की गई और अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट कोर्ट प्रथम ने इस मामले को गंभीरता से सुना। दोनो पक्षो के अधिवक्ताओं की दलीले सुनकर सबूत व गवाहों के आधार पर जितेन्द्र को दोषी पाया और उसको दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।

# खतौली सहित पांच सेक्टरों में बंटा जीएसटी विभाग

## स्टेट जीएसटी विभाग ने पंजीकृत व्यापारी की संख्या घटने से विभाजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्टेट जीएसटी विभाग में पंजीकृत व्यापारियों की संख्या कम होने के चलते मुख्यालय के आदेश पर जिले में पांच सेक्टर खत्म कर दिए गए हैं। खतौली सहित शहर को मिलकर 10 सेक्टरों में बंटा मुजफ्फरनगर अब पांच सेक्टरों से संचालित होगा। बंद किए गए पांच सेक्टरों के अधिकारियों को भी अन्य जिलों में भेज दिया गया है। उत्तर प्रदेश में स्टेट जीएसटी विभाग स्टाफ को कम कर खर्चे घटाने और आय बढाने पर काम कर रहा है। इसी प्रक्रिया में वर्ष 2025-26 में मुजफ्फरगनर का स्टाफ घटाने के साथ पांच सेक्टरों को बंद कर शेष पांच सेक्टरों में उनका क्षेत्र मर्ज कर दिया है।

विभाग ने यह कार्रवाई करते हुए स्टाफ की मैन पावर को भी कम किया है। बंद हुए पांच सेक्टरों की उपायुक्त, सहायक आयुक्तों का स्थानांतरण अन्य जनपदों में कर दिया है। विभाग अधिकारियों के अनुसार मुजफ्फरनगर में पूर्व में बना सेक्टर पांच, सेक्टर सात, सेक्टर चार, छह व आठ तथा खतौली के सेक्टर दो को बंद किया है। इन क्षेत्रों के उपायुक्त और सहायक आयुक्त को जिले से फ्री कर अन्य जिलों में भेजा गया है। इससे विभागीय अधिकारियों पर काम को बोझ बढा है, लेकिन विभाग के प्रमुख सचिव से कम लोगों से ज्यादा काम लेने की प्रक्रिया के तहत इस योजना से सेक्टरों को घटाया है। इन सेक्टरों में मर्ज हुए बंद हुए सेक्टर सेक्टर एक क्षेत्र में सेक्टर पांच को मर्ज किया है। सेक्टर दो में सेक्टर सात को मर्ज किया है।

सेक्टर तीन में सैक्टर चार, सेक्टर चार नया बनाते हुए इसमें सेक्टर छह और आठ का क्षेत्र मर्ज किया गया है। वहीं खतौली में एक ही सेक्टर बचा है, जिसमें सेक्टर को क्षेत्र मर्ज किया गया है। स्टेट जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित ने बताया कि मुख्यालय के आदेश पर सेक्टरों को अन्य सैक्टरों में मर्ज किया गया है। जिले में 10 सेक्टरों से घटकर पांच सेक्टर बचे हैं। अन्य सेक्टरों के क्षेत्र को इन्हीं पांच सेक्टरों में मर्ज किया है। उपायुक्त और सहायक आयुक्तों के अन्य जिलों में स्थानांतरण भी हो गए हैं।

## घर में घुसकर किया हमला

**मुजफ्फरनगर।** मिमलाना रोड निवासी नईम ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज बताया कि शुक्रवार देर शाम वह और उसकी मां शमीम घर पर थे। पास में रहने युवक शहबान उनसे रंजिश रखता है। वह अपने साथी , सलीम, सरफराज, शरीफ उसके घर में घुस आया। उन्होंने उसे व उनकी मां को हमला कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर भाग गए। बाद में आरोपियों ने अपने घर की छत पर चढकर उनके घर पर पथराव कर दिया। पथराव की वीडियो वायरल हुई थी। कोतवाली पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# कांवड़ व्यवस्था की खुद मॉनिटरिंग कर रहीं चेयरपर्सन

## शिविरों में पहुंचकर शिवभक्तों की सेवा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कांवड़ यात्रा के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने सेवा भाव का परिचय देते हुए शिविरों में पहुंचकर हारे-थके कांवड़ियों की सेवा की। उन्होंने स्वयं शिविरों में पहुंचकर न सिर्फ कांवड़ियों की मरहम-पटी की, बल्कि उनकी हर संभव सहायता करते हुए उनका कुशलक्षेम भी जाना। पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कांवड़ शिविर में पहुंचकर जहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया वहीं भारी कांवड़ उठाकर आ रहे शिव भक्तों के कंधों पर स्वयं अपने हाथों से बैंडेज लगाई और आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि ये शिवभक्त हमारे अतिथि हैं और उनकी सेवा करना हमारा धर्म है। पूरे कांवड़ मार्ग पर सफाई कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी सुनिश्चित कराई है और स्वयं सड़कों पर उतरकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रही हैं। नगर क्षेत्र में स्वच्छता, जलापूर्ति, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था सहित हर पहलू पर उनकी नजर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि कांवड़ शिविरों में सेवा और सुविधा में कोई कमी न रह जाए, इसके लिए वे स्वयं लगातार शिविरों में पहुंचकर निरीक्षण कर रही हैं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दे रही हैं। चेयरपर्सन ने यह भी आश्वासन दिया कि मुजफ्फरनगर आने वाले हर शिवभक्त को पूर्ण सुविधा, सुरक्षा और सम्मान मिलेगा। नगरवासियों और जनप्रतिनिधियों ने भी नगरपालिका अध्यक्ष की इस सेवाभावना और सक्रियता की सराहना की है।

# शिवभक्तों की सेवा में लगे मंत्री कपिल देव

## बॉर्डर से शिव चौक तक व्यवस्था की कर रहे निगरानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल इन दिनों कांवड़ यात्रा के दौरान पूरी तत्परता के साथ व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। वह भूराहेड़ी चेक पोस्ट उत्तर प्रदेश बॉर्डर से लेकर शिव चौक तक लगातार शिव भक्तों के बीच सक्रिय नजर आ रहे हैं।

रात्रि के समय उन्होंने शिव चौक पर भक्तों संग भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया और नृत्य करते हुए श्रद्धा की मिसाल पेश की। कांवड़ यात्रा मार्ग में लगे शिविरों का निरीक्षण करते हुए मंत्री अग्रवाल ने श्रद्धालुओं की मरहम-पट्टी, चिकित्सा सेवाएं, भोजन व्यवस्था और विश्राम की सुविधा जैसी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी शिव भक्त को कोई असुविधा न हो। मंत्री की यह सक्रियता शिव भक्तों में सराहना का विषय बनी हुई है और उनके सेवा भाव की चारों ओर प्रशंसा की जा रही है।

# दादा की विरासत को टूटने नहीं दूंगा:चंदन

## बाबू नारायण सिंह पुण्य तिथि पर की गई पुष्पांजलि अर्पित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री रहे एंव स्वतंत्रता सेनानी और किसानों के सच्चे हितैषी बाबू नारायण सिंह की 38वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को मुजफ्फरनगर जिले के ग्राम नसीरपुर स्थित उनके प्रेरणा स्थल पर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में श्रद्धा, भावना और संकल्प का समागम देखने को मिला। हर वर्ष की भांति इस बार भी हवन, सामूहिक प्रार्थना और विचार गोष्ठी के माध्यम से बाबू नारायण सिंह को याद किया गया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं और ग्रामीणों का पहुंचना शुरू हो गया था। लोगों ने उन्हें एक ऐसे जननेता के रूप में याद किया, जिन्होंने राजनीति को कभी सत्ता का साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम माना।

कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि यहां न केवल राजनेता बल्कि जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी पूरी भागीदारी के साथ मौजूद रहे। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया, एडीएम प्रशासन, एडीएम फाइनेंस और एसडीएम सदर निकिता शर्मा सहित प्रशासन की पूरी टीम ने कार्यक्रम में पहुंचकर बाबू नारायण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि के मौके पर बिजनौर के सांसद और बाबू नारायण सिंह के पोत्र चंदन चौहान ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भावुक शब्दों में कहा कि वे अपने दादा के पदचिन्हों पर चल रहे हैं और उनकी विरासत को हर हाल में संभाले रखेंगे। उन्होंने कहा, ह्बाबूजी ने जो सोच और सेवा की परंपरा शुरू की थी, उसे हमारा परिवार कभी टूटने नहीं देगा। जनता की सेवा ही हमारे जीवन का उद्देश्य है।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री और मुजफ्फरनगर जिले के प्रभारी मंत्री सोमेंद्र तोमर और राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी पहुंचे।

दोनों मंत्रियों ने बाबू नारायण सिंह के योगदान को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि वे सच्चे अर्थों में जननेता थे, जिन्होंने आजादी के बाद राजनीति को सेवा और संघर्ष का पर्याय बना दिया था। समा. जवादी पार्टी के सांसद हरेंद्र मलिक, सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, पूर्व विधायक प्रमोद, विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, किसान नेता और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। वक्ताओं ने बाबू नारायण सिंह को सादगी, ईमानदारी और जनता के लिए समर्पण का प्रतीक बताया। बाबू नारायण सिंह ने अपने जीवन में कई अहम भूमिकाएं निभाईं। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जेल गए, किसानों की लडाई सडक से संसद तक लडी, और उपमुख्यमंत्री रहते हुए कई ऐतिहासिक फैसले लिए। उन्होंने हमेशा ग्रामीण और कमजोर वर्गों की आवाज को बुलंद किया। यही कारण है कि आज भी लोग उन्हें सिर झुकाकर याद करते हैं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान नसीरपुर गांव पूरी तरह श्रद्धा के रंग में रंगा नजर आया। मंच पर लगाए गए पोस्टर और तस्वीरों ने कार्यक्रम को भावुक और प्रेरणादायक बना दिया। अंत में, हजारों लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्र और समाज के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।यह कार्यक्रम केवल एक श्रद्धांजलि सभा नहीं, बल्कि उस सोच और विचारधारा को आगे ले जाने का संकल्प था, जिसे बाबू नारायण सिंह ने जिया और साकार किया।

# बिजली चैकिंग को गए जेई पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव मखियाली में विद्युत चोरी पकडने के लिए टीम के साथ गए जेई के साथ एक उपभोक्ता ने मारपीट कर दी। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने उन्हें बचाया। टीम को सरकारी कार्य बीच में ही छोड कर वापस लौटना पडा। कर्मचारियों ने घटना की वीडियो भी बनाई। वीडियो पुलिस को सौंपी है।

मखियाली उप केंद्र के जेई राहुल साहू कर्मचारी अमित कुमार, प्रवर्तन दल के दरोगा मोहम्मद शाकिर अली, दीवान राम किशन यादव, सिपाही पंकज कुमार व संजय सिंह बिष्ट के साथ मखियाली में विद्युत चोरी पकडने के लिए दो दिन पहले गए थे। विभागीय टीम उपभोक्ताओं के मीटर चेक कर रही थी। टीम ने जब उपभोक्ता अशोक कुमार के मीटर को चेक करना शुरू किया तो वंहा मौजूद अशोक ने विभागीय टीम के साथ अभद्रता शुरू कर दी। टीम के साथ गाली गलौज की गई। आरोप है कि आरोपी ने जेई के साथ मारपीट कर दी। टीम के कर्मचारियों ने जेई को बचाया। मारपीट करने से सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। मारपीट करने से टीम में दहशत फैल गई। जेई के साथ मारपीट किए जाने के बाद टीम कार्य को बीच में ही छोडҺकर वापस लौट गई। विभागीय टीम ने पूरी घटना की वीडियो भी बनाई है।

सीओ नई मंडी रुपाली रॉय ने बताया कि घटना दो दिन पहले की है। अब तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया।






# 12 फुट से ऊंची डीजे कांवड़ पर सख्ती, पुलिस ने भैंसी कट से ही हाइवे से लौटाया



**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा पूरे जोश और श्रद्धा के साथ जारी है, लेकिन इस बार खतौली नगर में 12 फुट से ऊंची डीजे कांवड़ को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा तय 12 फुट की ऊंचाई सीमा को लांघने वाली कांवड़ को नगर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। शनिवार को खतौली हाईवे स्थित भैंसी कट पर पुलिस ने कई ऊंची-विशालकाय डीजे कांवड़ को रोक दिया, जिससे कांवड़ियों और पुलिस के बीच नोक झोंक हुई।

पुलिस और शिवभक्तों के बीच तीखी झड़प

नगर में प्रवेश से रोके जाने पर कई शिवभक्तों ने पुलिस के सामने नगर से गुजरने की मांग रखी, लेकिन पुलिस प्रशासन के सख्त निर्देशों के चलते किसी की एक न चली। इस दौरान पुलिस और शिवभक्तों के बीच कई बार नोकझोंक और तीखी बहस भी देखने को मिली। पुलिस ने हाईवे पर ही कांवड़ की नाप-तोल कराई और 12 फुट से अधिक ऊंची कांवड़ को आगे बढ़ने से रोक दिया।

हाई वोल्टेज तारों की घटना बनी आधार

गौरतलब है कि वर्ष 2024 में कांवड़ यात्रा के दौरान मेरठ के भावन पुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ था, जब कई फुट से ऊंची डीजे कांवड़ पर बैठे 6 शिवभक्त हाई वोल्टेज विद्युत तारों की चपेट में आकर असमय काल के ग्रास बन गए थे। इस बड़ी घटना के बाद शासन और प्रशासन हरकत में आया और ऊंची डीजे कांवड़ पर सख्ती लागू कर दी गई।

यूपी पुलिस भी बनी सख्त

उत्तराखंड के बाद अब उत्तर प्रदेश पुलिस ने भी इस नियम को पूरी सख्ती से लागू कर दिया है। खतौली में पुलिस ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि 12 फुट से ऊंची डीजे कांवड़ को नगर में प्रवेश नहीं मिलेगा। इसके तहत नगर में प्रवेश करने वाली हर कांवड़ की ऊंचाई की माप की जा रही है। 12 फुट से अधिक पाई गई कांवड़ की ऊंचाई को कम कराया गया या उन्हें वैकल्पिक मार्ग से निकाला जा रहा है।

नगरवासियों को भी लगा झटका

नगरवासियों को इस बार बड़ी डीजे कांवड़ का नजारा देखने को नहीं मिला, जिससे स्थानीय श्रद्धालु और व्यापारी वर्ग मायूस नजर आए। हर साल नगर की सड़कों से गुजरने वाली विशाल डीजे कांवड़ यहां के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होती है, लेकिन इस बार प्रशासन की सख्ती के चलते यह नजारा नदारद रहा।

प्रशासन की अपील नियमों का करें पालन खतौली पुलिस प्रशासन ने शिवभक्तों से अपील की है कि वे सरकार द्वारा निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन करें और यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित बनाएं। पुलिस ने चेताया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भक्ति, राष्ट्रप्रेम और समरस्ता को समर्पित है कांवड़ यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** धर्मनगरी मुजफ्फरगर में कांवड़ियों का सैलाब उमड़ पड़ा है, जो भगवान शिव की पूजा और गंगा जल चढ़ाने के लिए उत्साहित हैं। शहर से लेकर हाईवे तक, हर तरफ बम बम भोले और हर हर महादेव के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है।

**कांवड़ यात्रा का अद्भुत नजारा**

कांवड़ियों की कतारें इतनी लंबी हैं कि जहां तक नज़र जाती है, भगवा रंग में रंगे शिवभक्त ही दिखाई देते हैं। उनके ऊपर, भगवा झंडा लेकर उत्साह के साथ चल रहे हैं, तो कोई अपने गले में गंगाजल की बोतल टांगे हुए हैं। उनकी आँखों में भोलेनाथ के प्रति अगाध श्रद्धा और मुख पर निरंतर भक्ति गीत हैं।

**झांकियों का आकर्षण**

कांवड़ यात्रा के दौरान विभिन्न झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विशेष रूप से भगवान शिव के रौद्र रूप और श्री राम की भक्ति में लीन आदि योगी की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान शिव की एक झांकी में उनके खुले तीसरे नेत्र से अग्नि वर्षा का अद्भुत नजारा दिखाया गया, जिसने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। इस झांकी के चारों ओर हो रही आतिशबाजी ने माहौल को और भी मनमोहक बना दिया, जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो साक्षात शिव तांडव कर रहे हों।

**शिविरों में सेवा**

कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों के लिए विभिन्न शिविर लगाए गए हैं, जहां उनकी सेवा की जा रही है। इन शिविरों में कांवड़ियों को जलपान, आराम और मेडिकल सहायता प्रदान की जा रही है। स्वयंसेवी संस्थाएं और स्थानीय लोग कांवड़ियों की सेवा में जुटे हुए हैं और उनके ऊपर पुष्पवर्षा की जा रही है।

**सुरक्षा के इंतजाम**

कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन ने सड़क के किनारे लोहे की जाली लगाई है, जिसके पीछे खड़े होकर लोग झांकियों का आनंद ले रहे हैं। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी कांवड़ यात्रा की निगरानी कर रहे हैं और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैयार हैं।

**धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व**

कांवड़ यात्रा का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व बहुत अधिक है। यह यात्रा भगवान शिव की भक्ति और गंगा जल चढ़ाने के लिए की जाती है। कांवड़ियों की इस विशाल भीड़ ने मुजफ्फरनगर की गंगा-जमुनी तहज़ीब और धार्मिक सौहार्द को प्रदर्शित किया है, जहां हर कोई भोलेनाथ की भक्ति में लीन होकर इस पावन यात्रा का हिस्सा बन रहा है।

**कावड़ मार्ग पर बने एमएमएस छा रहे हैं पूरे देश में**

मुजफ्फरनगर की कांवड़ यात्रा एक अद्भुत और पावन अनुभव है, जिसमें श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा करते हैं और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। इस यात्रा के दौरान झांकियों, शिविरों और सुरक्षा के इंतजामों ने श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींचा है और उन्हें आध्यात्मिक संतुष्टि प्रदान की है।

शिव भक्तों द्वारा ले जा रही हर एक झांकी अपने आप में अनूठी है और अलग ही मैसेज दे रही है कोई पर्यावरण संरक्षण के लिए कावड़ उठा रहा है तो कोई नेताओं को खुश करने के लिए उनके नाम की कावड़ ला रहा है कावड़ उठाने वालों में 5 वर्ष के बच्चे से लेकर 90 साल की वृद्ध तक शामिल हैं कावड़ मार्ग पर हर और सामाजिक समरसता भी देखे जा रही है जाति पाति के बंधन समाप्त होकर हर किसी की पहचान भोले के रूप में ही हो रही है इस दौरान फेसबुक यूटड्यूब और अन्य सोशल मीडिया पर एमएमएस की बाढ़ आ गई है बड़ी संख्या में कावड़िया भोले की भक्ति को अपने-अपने अंदाज में फिल्मांकन करने के बाद सोशल मीडिया पर आकर्षक अंदाज में अपलोड कर रहे हैं जिसे अपना ही अलग मजा है।

## फायरिंग प्रकरण मे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से रोष

चरथावल इस्टाग्राम पर हुए विवाद को लेकर जहाँ हेबतपुर के निवासियों द्वारा चरथावल के मललुह वाला मैदान पर पहुंचकर खुलेआम फायरिंग की घटना से क्षेत्र सहित पुरे जिले मे हड़कंप मच गया था और अवैध हथियारों और फायरिंग की वीडियो सोशल मीडिया मे जमकर वायरल हुई थी स घटना पर तत्काल पहुंचकर थाना प्रभारी द्वारा जाँच की गयी थी जिसमे सुहेल की तहरीर पर दो नामजद व आधा दर्जन अज्ञात लोगो को नामजद किया गया था घटना के करीब एक सप्ताह बीत जाने पर भी सभी आरोपियों की गिरफ्तारी न होना पुलिस की सक्रियता की कहानी को बयान कर रहा है स और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहा है और गिरफ्तारी न होने से आरोपियों द्वारा अन्य घटना को भी अंजाम देने की भी संभावना जताई जा रही है

# कांवड़ मार्ग से पवित्र गंगाजल लेकर गंतव्य की ओर बढ़ रहे शिव भक्त

**भोपा।** भोपा क्षेत्र मे गंग नहर पटरी मार्ग पर काँवड़ियों की यात्रा गंग नहर पटरी पर भगवान शिव शंकर की जय जयकार एक मनोरम छटा को प्रस्तुत कर रही है। उमस व तेज गर्मी की परवाह न कर काँवडिये भव्य काँवड को लेकर अपने गणतव्य की ओर प्रस्थान कर रहे हैँ।जिनमे महिलाओ व बच्चों का उत्साह देखते बनता है। पवित्र श्रावण मास में शिव भक्त उत्तराखंड के हरिद्वार की हर की पैड़ी से पवित्र गंगाजल लेकर चलते हैं तथा अपने-अपने शिवालों में शिवलिंग पर पवित्र गंगा जल चढ़ाकर भगवान शंकर से अपनी मनोकामना की मनोकामना करते हैं राज देवी मेरठ से 80 वर्ष वृद्धावस्था में भगवान शिव से कुछ घरेलू परेशानी से छुटकारा पाने के लिए मनोकामना की थी भगवान शिव ने मनोकामना पूरी की जिसके चलते हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए , मुरादनगर से पवन, नेहायादव, पुलकित, राजदेव व आंचल यादव ने बताया कि उन्होंने दिल्ली पुलिस में नौकरी पानी की मनोकामना की थी भगवान शिव ने उनकी मनोकामना पूर्ण की है जिसके चलते अपने परिवार सहित हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य मुरादनगर भुवनेश्वर महादेव मंदिर में गंगाजल अभिषेक करेगी, नोएडा ,गाजियाबाद, मेरठ, बागपत आदि दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु शिव शंकर के जयकारों के साथ आगे बढ़ते जा रहे हैं गमह्ल व कई सौ किलोमीटर की दूरी पर आस्था भारी



पड़ रही है शिव भक्ति में लीन महिलाएं जिसमें पुरुष व बच्चे आदि कावड़िये अपने-अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। क्षेत्रवासी शिव भक्तों की सेवा के लिए कावड़ सेवा शिविरों में शिव भक्तों की सेवा करने में जुटे हुए हैं वहीं शासन प्रशासन भी कावड़ यात्रा को से कुशल संपन्न कराने में तत्परता से जुटा हुआ है।

## पॉश कालोनी में बाइक चोरी से हड़कंप

**मोरना।** गांव मोरना में पोश कालोनी मे बाईक चोरी की घटना से हड़कंप मच गया। वहीं घटना को अंजाम देता चोर सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गया। पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर देकर बाईक बरामदगी की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी आशीष ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी लाल रंग की डीलेक्स हीरो होंडा बाइक घर से सम्बद्ध घेर में खड़ी हुई थी शुक्रवार की देर रात अज्ञात चोर ने घेर का ताला तोड़कर बाइक को चुरा लिया। वहीं घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। घटना से मोहल्ले में सनसनी फैल गयी। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश जारी है।शीघ्र घटना का खुलासा किया जायेगा।

# खाकी का कांवड़ सेवा में मानवता रूपः पुलिस ने बांटे फल

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** श्रावण मास के पावन अवसर पर चल रही कांवड़ यात्रा में पुलिस प्रशासन केवल सुरक्षा ही नहीं, सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। शुक्रवार देर रात पुलिस अधिकारियों ने खतौली कोतवाली के सामने जीटी रोड पर सेवा शिविर लगाकर कांवड़ यात्रियों को फल, कोल्ड्रिंक और पानी वितरित कर मानवता की मिसाल पेश की। सेवा शिविर का नेतृत्व खुद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने किया। उन्होंने शिवभक्तों की थकान मिटाने के लिए उन्हें ठंडा पानी, कोल्ड्रिंक व फल वितरित किए और सभी से सौहार्दपूर्ण वातावरण में यात्रा पूरी करने का संदेश भी दिया। इस दौरान सीओ रामआशीष यादव, कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा, क्राइम कोतवाल नरेंद्र कुमार, सब-इंस्पेक्टर विक्रांत कुमार, आरिफ खान समेत कई अन्य पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद रहे। सभी ने खुद शिवभक्तों की सेवा कर यह जताया कि वर्दी में भी सेवा और समर्पण का भाव मौजूद है। वही शनिवार को भी खाकी ने शिवभक्तों की सेवा की खतौली पहुँचे एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने सीओ रामआशीष यादव , कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा समेत सभी दरोगाओं के साथ कावड़ियों को फल, पानी, कोल्ड्रिंक आदि का वितरण कर सेवा की। सेवा शिविर में पुलिसकर्मियों ने मुस्कराते हुए कांवड़ियों को पानी पिलाया, कोल्ड्रिंक और फल दिए। दूर-दराज से आ रहे शिवभक्तों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि खाकी का यह मानवीय चेहरा मन को छू गया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने मौके पर मौजूद शिवभक्तों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

## बाइक हादसे में एक कांवड़िए की मौत, चार घायल

**पुरकाजी।** अमेठी के थाना शिवरतनगंज के गांव महेशपुर निवासी 23 वर्षीय अनिल पुत्र सूर्यपाल व घनश्याम पुत्र सीताराम नोएडा में रहकर किसी फैक्ट्री में काम करते हैं। दोनों कांवडिए शनिवार की शाम मोटरसाइकिल पर सवार होकर हरिद्वार गंगाजल लेने के लिए जा रहे थे। जब दोनों कावड़िएं पुरकाजी सलेमपुर बाईपास पुरकाजी के निकट पहुंचे तो सामने से आ रहे तितावी थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर निवासी विनय पुत्र राजपाल सैनी, निखिल पुत्र राजपाल रजत पुत्र नामालूम निवासी गुर्जरहेड़ी थाना तितावी जो एक मोटरसाइकिल पर आ रहे थे। दोनो मोटरसाइकिल आमने-सामने से टकरा गई। जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को पुरकाजी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने अनिल को मृत घोषित कर दिया तथा घनश्याम, विनय, निखिल रजत का उपचार कर गंभीर अवस्था में रजत व विनय को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# पीडीए पंचायत की सफलता को किया जन संपर्क

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के सभी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से आगामी 10 अगस्त को बुढ़ाना कस्बे के फैज गार्डन में आयोजित होने जा रही भव्य पीडीए पंचायत को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल कोई भी मौका चूकना नहीं चाह रहे हैं। वे इस पंचायत को सफल बनावे के लिए अब तक दर्जनों वरिष्ठ नेताओं को पंचायत में आने का न्यौता दे चुके हैं और इसी कड़ी में शनिवार के दिन भी उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री राजकुमार यादव, सपा के प्रदेश सचिव इलम सिंह गुर्जर और समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जिया चौधरी सहित अन्य कई सपाईयों को बुढ़ाना में 10 अगस्त को फैज



गार्डन में होने वाली पीडीए पंचायत में आने का निमंत्रण दिया। जिसे लेकर नेताओं ने पंचायत में आने का आश्वा. सन सपा नेता और पंचायत आयोजक सत्येंद्र पाल को दिया और कहा कि वे तैयारी करें हम सभी उनके साथ हैं। जिस मेहनत के साथ सपा नेता सत्येंद्र पाल व उनके साथी कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं वह सराहनीय है। हमें भरोसा है कि कार्यक्रम भव्य होगा। यहां सपा नेता सत्येंद्र पाल, बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अकरम खान व जिला सचिव अनेश निर्वाल आदि मौजूद थे।

## बिना साइलेंसर वाली बाइकों को किया सीज

**बुढ़ाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में बुढाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में बुढ़ाना पुलिस ने शनिवार के दिन बुढाना कस्बे में बिना साइलेंसर वाली बाइकों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान हिंडन नदी पुल के पास स्थित बुढ़ाना कस्बा चौकी पर तैनात उप निरीक्षक नंद किशोर की अगुवाई में किया गया। अभियान का उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करना और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करना था। चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिना साइलेंसर वाली बाइकों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। कई बाइकों को सीज किया गया और संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई शुरू की गई। एसएसपी संजय कुमार ने बताया कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे ताकि ध्वनि प्रदूषण और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अंकुश लगाया जा सके। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई की सराहना की और पुलिस के इस कदम को जनहित में बताया है।

# मदनलाल हॉस्पिटल की टीम भोलों की सेवा में समर्पित

**बुढ़ाना।** कस्बे के हिंडन नदी के पुल पार मुजफ्फरनगर रोड पर स्थित मदनलाल हॉस्पिटल पर आज शनिवार के दिन निरूशुल्क कांवड़ सेवा शिविर लगाया गया। जो कि आगामी 23 जुलाई तक लगातार रात दिन चलेगा। जिसमें उत्तराखंड राज्य की पवित्र धर्मनगरी हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर अपने अपने गंतव्य की और इस रोड की पर चल रहे समस्त शिव भक्तों को निरूशुल्क चिकित्सा सुविधा डॉक्टर सोनू कश्यप और उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर सूची कश्यप के संयुक्त नेतृत्व में प्रदान की जा रही है। इस शिविर की विशेषता यह है कि इस मदनलाल हॉस्पिटल के हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्मो के स्टाफ के लोग मिलकर कांवडियो की सेवा कर रहे हैं। यहां पर आज सैंकड़ों कांवड़ियों को उपचार दिया गया



और उनको जलपानघ कराया गया। मदनलाल हॉस्पिटल टीम में मुख्य रूप से अभिनव कश्यप, डॉक्टर शेखर कुमार, अनस अहमद, मोइन अहमद, नदीम अहमद, राधिका, आसमा उस्मानी, शाहवेज अहमद, आकाश कुमार, तुषार कुमार, मोर्ि. हत कुमार, ज्योति और अश्वनी कुमार सहित स्टाफ के अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# मातृशक्ति की मिसालः घर के काम के साथ-साथ कांवड़ियों की सेवा में जुटीं महिलाएं

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** श्रावण मास के पावन अवसर पर जहां कांवड़ यात्रा अपने चरम पर है, वहीं निःस्वार्थ सेवा भाव महिला समिति खतौली की महिलाओं ने एक प्रेरणादायी पहल करते हुए कांवड़ियों की सेवा के लिए ष्लाल पूजा एवं सेवा शि. विर का शुभारंभ किया। शनिवार को आयोजित इस शिविर में महिलाओं ने पूरी श्रद्धा और समर्पण भाव से कांवड़ियों को कोल्ड ड्रिंक और ताजे फल वितरित किए। भीषण गर्मी में ठंडे पेय और फलों का यह वितरण कांवड़ियों के लिए किसी अमृत से कम नहीं रहा। सेवा पाकर अभिभूत हुए श्रद्धालुओं ने मातृशक्ति के इस प्रयास की दिल खोलकर सराहना की।

सेवा के साथ परिवार की जिम्मेदारी भी निभा रहीं महिलाएं

गौरतलब है कि इस समिति की सभी महिलाएं घरेलू जिम्मेदारियां निभाने के साथ-साथ श्रावण मास में कांवड़ सेवा में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। यह सेवा कार्य निस्वार्थ भावना से प्रेरित होकर किया जा रहा है, जिसमें ना तो कोई दिखावा है, न प्रचार की चाह।

**समिति की प्रमुख महिलाएं रहीं सक्रिय**

शिविर के आयोजन में समिति की प्रमुख सदस्य दीपिका अग्रवाल, डॉ. सारिका शर्मा, सोनिया अग्रवाल, अंजू, अलका गोयल, प्राची, डॉली, पूनम और मीरां सहित कई अन्य महिलाओं का विशेष सहयोग रहा। सभी ने मिलकर शि. विर को सफल बनाने में अथक मेहनत की।

**समाज के लिए बनीं उदाहरण**

निःस्वार्थ सेवा भाव महिला समिति का यह प्रयास समाज के



लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। घर की चारदीवारी से निकलकर समाज सेवा में जुटीं ये महिलाएं यह साबित कर रही हैं कि सेवा का कोई समय, उम्र या दायरा नहीं होता बस नीयत होनी चाहिए।

## खोया-पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौहल्ला बचन सिंह कालोनी, गली नं0 7, मुजफ्फरनगर से सम्बन्धित मेरे मकान का एक असल बैनामा दिनांकित 03.04.2002 जो उपनिबन्धक कार्यालय, मुजफ्फरनगर के यहां बही संख्या 1, जिल्द संख्या 4148 के पृष्ठ संख्या 431 से 436 तक क्रमांक 3191 पर दिनांक 03.04.2002 को रजिस्ट्रीकृत है, दिनांक 18.07.2025 को पूर्वाहन करीब ग्यारह-सवा ग्यारह बजे अपने निवास बचन सिंह कालोनी से विश्वकर्मा चौक थाना नई मंडी, मुजफ्फरनगर जाते समय रास्ते में कही खोया गया है। तलाश करने पर नहीं मिला है यदि किसी व्यक्ति पर पाया जाता है तो इसका दुरूपयोग अवैधानिक/अपराधिक होगा।

**श्रीमति कविता शर्मा पत्नी विकास शर्मा मौहल्ला बचन सिंह कालौनी, गली नं० 7, थाना नई मंडी, मुजफ्फरनगर**
**मो०नं०-8909580451**


# कदीम अग्रवाल सभा ने की शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा



**मुजफ्फरनगर।** श्री कदीम अग्रवाल सभा द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर में आने वाले सभी कावड़ भाई और बहनों का स्वागत पुष्प वर्षा द्वारा किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मीनाक्षी स्वरूप अध्यक्ष और अध्यक्षता सभा उपाध्यक्ष मयंक बंसल और संचालन सभा मंत्री अनिल तायल ने किया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व सभा अध्यक्ष श्रीमोहन तायल, गौरव स्वरूप बंसल भवन मंत्री, पवन बंसल उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष अनिल बंसल, प्रचार मंत्री परीक्षित मित्तल, दिनेश बंसल, दीपक बंसल, नीरज अग्रवाल, गरिमां गोयल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता प्रतोष त्यागी का हुआ निधन

**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रतोष त्यागी नही रहे। आज शनिवार की सुबह करीब साढ़े 08 बजे के आसपास उनका जनपद मेरठ के एक कस्बे में स्थित एक निजी हस्पताल में लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वे करीब 74 साल के थे। दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रतोष त्यागी को काफी वर्ष पहले केंसर हो गया था लेकिन उन्होंने केंसर को मात देते हुए उसके बाद भी काफी लंबा जीवन जिया। कोरोना काल में भी उन्होंने अपने आपको काफी संभाला जबकि उनके दो सगे भतीजे कोराना बीमारी की भेंट चढ़ गये थे। मिलनसार प्रवृति के प्रतोष त्यागी अक्सर अपने छोटे फोन से किसी ना किसी परिचित को फोन मिलाकर उसका हाल चाल जानने को बहुत ही उत्सुक रहते थे। प्रतोष त्यागी काफी सालों से बंद पड़े बुढाना कस्बे में स्थित भारत सिनेमाघर के आनर थे और कई दशक तक वे कांग्रेस के सच्चे सिपाही भी रहे लेकिन लोकल की राजनिति उनको कुछ ही



वर्ष पहले भाजपा में खींच लाई थी लेकिन वे कांग्रेस की तरह भाजपा में सक्रिय नहीं दिखे। सरल और विनम्र स्वभाव के व्यक्ति प्रतोष त्यागी के निधन पर कस्बे के लोग बहुत दुखी दिखाई दिए और उनके अंतिम संस्कार में भीड़ के रुप में शामिल हुए। भारत चौक उनके निधन पर सूना दिखा।

# भोकरहेड़ी में हुआ कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ

**मोरना।** शिवभक्तों की निःशुल्क सेवा के लिये भोकरहेड़ी बस स्टेण्ड पर काँवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ हवन यज्ञ में आहुति के उपरान्त मुख्य अथिति जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा फीता काटकर किया गया।

भोकरहेड़ी कस्बे में बस स्टेण्ड पर प्रतिवर्ष होने वाले काँवड़ सेवा शिविर के शुभारंभ अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामीणों ने मंत्रोच्चार के बीच आहुति दी।इसके उपरांत खिचड़ी वाले आश्रम के महन्त बाबा धर्मदास महाराज व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया।शिविर में शिवभक्तों के लिये निःशुल्क जलपान, चिकित्सा, विश्राम की व्यवस्था की गयी है। महाशिवरात्रि के अवसर पर बडी संख्या में शिवभक्त



हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर सोलानी नदी खादर मार्ग से होकर भोकरहेड़ी व मोरना,ककरौली क्षेत्र से गुजरते हैं। बस स्टेण्ड भोकरहेड़ी पर शिवभक्तों की निःशुल्क सेवा के लिये शिविर का आयोजन पूर्व से ही किया जाता रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से राजनाथ महाराज,शिवनाथ महाराज शिव मंदिर दरगाह, अमित मिस्त्री, बाबा ओमवीर सिंह, राजदेव, चाद, सचिन कुमार, अजय कुमार, विनोद,राम कुमार शर्मा, कमल, अनिल उर्फ बबला, सुमित, मनोज, रजत, ओमवीर सिंह आदि उपस्थित रहे । पण्डित रमेन्द्र शर्मा उर्फ कक्का ने हवन सम्पन्न कराया।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैने अपना नाम विनय कुमार (VINAY KUMAR) से बदलकर विनय कुमार राठी (VINAY KUMAR RATHI) कर लिया है अब मुझे भविष्य में विनय कुमार राठी के नाम से जाना व पुकारा जाये।

**विनय कुमार राठी**
**पुत्र श्री मुकेश राठी**
**निवासी ग्राम हरैटी**
**थाना पुरकाजी**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# वायुसेना अधिकारी के बंद मकान में चोरी से मचा हड़कंप

## विधायक मिथलेशपाल ने पीड़ित परिवार को दिया कार्रवाई का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** जानसठ मार्ग स्थित गांव खुजेडा में बीती रात अज्ञात चोरों ने बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर सनसनी फैला दी। पीड़ित शिवकुमार भारतीय वायुसेना में अधिकारी है। पाल समाज के परिवार मे चोरी होने की जानकारी मिलते ही मीरापुर विधायक मिथलेश पाल मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी कर शीघ्र घटना का खुलासा कराने का आश्वासन दिया है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खुजेड़ा निवासी शिवकुमार इंडियन एयर फ़ोर्स मे वारन्ट ऑफिसर हैं। वर्तमान मे वह जोधपुर मे तैनात हैं। शिव कुमार के बड़े भाई राजबीर गांव मे पुलिस चौकीदार हैं। शनिवार की सुबह राजबीर की पत्नी कुंता देवी जब खेत जा रही थीं, तभी उन्होंने शिवकुमार के मकान के मुख्य गेट का टूटा ताला देखा तो सन्न रह गयी। ताला टूटे होने की जानकारी शिवकुमार को दी गयी। जिसके बाद परिजन घर में दाखिल हुए तो नीचे के कमरे में सामान खुर्द बुर्द मिला।ऊपर कमरे में भी ताले टूटे हुए मिले। सेफ अलमारी से सोने-चांदी के कीमती आभूषण जैसे 2 सोने के ओम लॉकेट, 2 चांदी के कड़े और 2 पाजेब गायब मिले। वहीं सूचना पर थानाध्यक्ष जोगिंदर सिंह मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। मीरापुर विधायक



मिथलेश पाल भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी की। विधायक ने पुलिस अधिकारियों से जल्द घटना का खुलासा करने को कहा।गांव चौकीदार राजबीर के परिवार मे चोरी की घटना के बाद गांव मे दहशत व्याप्त है।

# ग्राम प्रधान की लापरवाही से गलियों में भरा गंदा पानी

**खतौली।** ग्राम निवासी सरदार सिंह खेड़ा (चोगावा) के ग्रामीणों ने गांव के प्रधान पर लाप. रवाही बरतने का आरोप लगाते हुए तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा को शिकायती पत्र सौंपा।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान की उदासीनता के चलते गांव में जलभराव की स्थिति विकराल होती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मुख्य मार्गों और गलियों में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। स्थिति इतनी गंभीर है कि गांव के पुराने तालाब का गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंचने लगा है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार वे कई बार ग्राम प्रधान से जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस उपेक्षा से परेशान होकर दर्जनों ग्रामीण तहसील दिवस में पहुंचे और डीएम से इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की। शिकायत करने पहुंचे ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बरसात में स्थिति और बिगड़ जाएगी। जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों को भरोसा दिलाया गया कि जलनिक. ासी की व्यवस्था जल्द दुरुस्त की जाएगी ताकि उन्हें राहत मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### पाल समाज में जागृति के लिए उठाई देवी अहिल्याबाई होल्कर के नाम की कांवड़



**मुजफ्फरनगर।** कावड़ महाकुंभ के दौरान अलग-अलग कावड़ लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है पीडीए, योगी और मोदी के नाम की कांवड़ के बाद मुजफ्फरनगर में लो. कमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के नाम की कांवड़ पहुंची। काविड़िया विवेक पाल को समाज के लोगों ने स्वागत कर हौसला बढ़ाया। विवेक पाल समाज में जागृति पैदा करने के लिए देवी अहिल्याबाई होल्कर के नाम की कांवड़ लेकर पहुंचे हैं। खतौली के गांव सिकंदरपुर कलां निवासी विवेक पाल हरिद्वार से लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के नाम की कांवड़ उठाई। कांवड़ लेकर वह शनिवार को मुजफ्फरनगर के अहिल्याबाई चौक पर पहुंचे तो समाज के लोग समाज उत्थान व जागृति के लिए उठाए गए प्रयास का मनोबल बढ़ाने के लिए अहिल्याबाई चौक पर पहुंचे। इस दौरान विवेक पाल का बसपा जिलाध्यक्ष पुष्पांकर पाल, ढांसरी निवासी हर्ष पाल, हरेंद्र पाल, संदीप पाल, दिनेश पाल, सुधीर पाल, प्रदीप पाल, देवी सिंह पाल, जितेंद्र चंदेल, विपिन चंदेल आदि ने स्वागत किया। अहिल्याबाई होल्कर के नाम की कांवड़ लाने की जानकारी मीरा. पुर विधायक मिथलेश पास तक भी पहुंचाई गई, लेकिन वह वहां नहीं पहुंची, ना ही उनका कोई प्रतिनिधि अहिल्याबाई चौक पर हौंसला बढ़ाने के लिए पहुंचा। जिला पंचायत सदस्य तरुण पाल भी पहुंचे, लेकिन उससे पहले ही कांवड़ लेकर विवेक पाल निकल गए। पाल समाज के नेताओं व समाजिक लोगों का कांवड़िए ने तीन घंटे अहिल्याबाई चौक पर इंतजार किया था।

# किसान सम्मान निधि का इंतजार कर रहे हैं किसान

**चरथावल।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छ साल पहले शुरू की गयी किसान सम्मान निधि योजना से जहाँ देश के किसानो को बहुत लाभ हुआ था और पुरे देश मे इस योजना की बड़ी सराहना द्वारा किसानो द्वारा की गयी थी इस योजना के तहत जहाँ किसानो को एक साल मे तीन बार दो दो हजार रुपए मिलते थे स और इस योजना से किसानो को आर्थिक लाभ होता था साल मे हर चौथे महीने बाद किसानो को दो हजार रुपए मिलते हैस बहुत बड़ी संख्या मे किसान इस योजना का लाभ उठा रहे है किसानो को 19 किश्त जहाँ समय से मिली है वही 20 वी किश्त मे देरी होने से किसानो को किसान सम्मान निधि का बड़ी बेसब्री से इंतजार किया जा रहा हैस जहाँ किसानो को बिसवी किश्त जून मे मिलने थी वही जुलाई मे अभी तक किश्त नहीं मिलने से किसानो को परेशानी हो रही है किसान सलीम मलिक सभासद, असलम त्यागी, नौशाद मुखिया, रबबन त्यागी, रियासत बबरा आदि किसानो ने किसान सम्मान निधि की किश्त जल्द से जल्द भेजनें की मांग की है

# प्रिया कंपनी के पापड़ के पैकेट में निकले कीड़े

**बुढ़ाना।** प्रिया कंपनी के पापड़ के दो पैकटों में कीड़े निकलने का दावा एक ग्राहक ने किया है। ग्राहक ने बाकायदा एक वीडियो भी वायरल किया है जिसमें वह कह रहा है कि प्रिया कंपनी के पापड़ के दो पैकटों में कीड़े निकलने हैं।

इसकी शिकायत उसने फूड इंस्पेक्टर से करते हुए कंपनी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना के लोकेश कुमार ने आज शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिए जानकारी देते हुए बताया कि मैंने आज किसी एक दुकान से प्रिया कंपनी के पापड़ के दो पैकेट खरीदें। जिनमें कीड़े निकले हैंघ। इस संबंध में उसने फूड इंस्पेक्टर को फोन पर शिकायत की है और उनको बताया है कि में शिव भक्तों की सेवा करने के लिए बाजार से प्रिया कंपनी के पापड़ लेकर आया था। जब मैंने पैकेट खोला तो उसके अंदर कीड़े निकले। मैंने दूसरा पैकेट देखा तो उसके अंदर भी कीड़े थे। हमने वह पैकेट नहीं खोला। इस तरह के खाने को खाने से किसी व्यक्ति की भी हालत खराब हो सकती है। लोकेश ने बताया कि किसी के साथ कोई हादसा ना हो इसीलिए हमने फूड इंस्पेक्टर को शिकायत करते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल फूड इंस्पेक्टर ने उसको कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# अग्रवाल सम्मेलन ने लगाया कावड़ चिकित्सा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रे.वि. आज स्थानीय कोल्ड स्टोरेज कंपाउंड निकट मीनाक्षी चौक पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की ओर से निशुल्क कावड़ चिकित्सा शि. विर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने की तथा संचालन रामकुमार तायल ने किया! वही विनोद संगल(जिलाध्यक्ष)अंकुर गर्ग (जिला महामंत्री) टोनी बिंदल (जिला कोषाध्यक्ष) कुलवंत सिंघल (काकन) संयोजक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की। मुख्य अतिथि आये कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री तथा मीनाक्षी स्वरूप नगर पालिका अध्यक्ष, अशोक कंसल पूर्व विधायक, प्रमोद मित्तल राष्ट्रीय संगठन मंत्र,ी भाजपा नेता श्री मोहन तायल, संजय मित्तल व्यापारी नेता बतौर विशिष्ट अतिथि पधारे।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने हाथों से अनेक भोले भक्ति कावड़ियों को मरहम पट्टी की तथा अपनी सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर अनिल गोपाल गर्ग, अरुण गोयल ,बी.एम गुप्ता, लोकेश चंद्रा ,शिव कुमार संगल, अजय अग्रवाल सी.ए, श्री कृष्ण अग्रवाल ,अवनीश मोहन तायल, विश्वदीप गोयल ,प्रवीण सिंगल, अजय सिंगल, विशाल गर्ग ,रोहित तायल ,ललित अग्रवाल, सतीश मित्तल, सुनील गोयल ,जितेंद्र कुछल ,राजीव गर्ग, जगदीश पांचाल, निरंकार स्वरूप ,अनिल मावे वाले, राजीव अग्रवाल ,श्रवण अग्रवाल ,दिनेश बंसल, पुष्पेंद्र अग्रवाल आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे!

## सिखेड़ा पुलिस ने लगाया कांवड़ शिविर




**सिखेड़ा/ जानसठ।** गंग नहर पटरी पर सिखेड़ा पुलिस द्वारा कावड़ सेवा शिविर लगाया गया और गंग नहर से गुजर रहे शिव भक्तों पर पुलिस ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। पुलिस द्वारा लगाये गये शिविर मे कावड़यो के लिये जलपान व फलो की व्यवस्था की गयी। सीओ रूपाली राव ने सिखेड़ा पुलिस द्वारा लगाए गए शिविर की सराहना की। इस दौरान थाना सिखेड़ा प्रभारी विनोद कुमार सिंह, उपनिरीक्षक मॉम राज सिंह, विवेक मुदगल, कांस्टेबल सूरज सिंह, महिला कांस्टेबल स्वाती वह अन्य पुलिस कर्मी व क्षेत्र के गणमान्य लोग अयूब अंसारी, प्रधान ब्लॉक संगठन अध्यक्ष अनूप सिंह अहलावत, विकुल, सुदेश, संजो आदि मौजूद रहे।

### पुरकाजी विद्युत विभाग भी कर रहा है कांवड़ सेवा



**पुरकाजी।** उपखंड अधिकारी कपिल मुनि के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने कावड़ियों को फल और पेय पदार्थ वितरित किए मिली जानकारी के अनुसार उपखंड अधिकारी कपिल मुनि के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम द्वारा लगाए गए कावड़ सहायता केंद्र के सामने हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर आने वाले शिव भक्त कावड़ियों को फल एवं पेय पदार्थ वितरित किए इस अवसर पर एसडीओ कपिल मुनि ने बताया कि उनका मकसद शिव भक्त भोलो की सेवा करना है वह चाहे किसी भी प्रकार से हो उन्होंने शिव भक्त कावड़ियों के लिए विद्युत के क्षेत्र में भी कावड़ यात्रा के समय आने वाली समस्याएं समय रहते दूर कराई है इस अवसर पर उनके साथ मुख्य रूप से विद्युत विभाग के अभियंता चंद्र प्रकाश दिलशाद अली चौधरी मुकेश अमित कुमार मधु कुमार अंशुल चौधरी आदि शामिल रहे।

# इस्लाम धर्म में ब्याज बिल्कुल हराम है : कासमी

**बुढ़ाना।** मोहल्ला पीर शाह विलायत में जमिअत उलेमा हिंद शाख बुढ़ाना की ओर से सूद के विरुद्ध एक अहम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लोगों को सूद की सख्त मनाही और इसकी बुराइयों के बारे में जागरुक किया गया।

यहां नगर अध्यक्ष मुफ्ती आस मोहम्मद कासमी ने कहा कि सूद इस्लाम में पूरी तरह हराम है और किसी भी सूरत में हलाल नहीं हो सकता। जो व्यक्ति सूद को जायज़ ठहराने की कोशिश करता है वह शरिया के नहीं बल्कि अपनी मनमानी के अनुसार चलते हैं। शरियत में सूद के लेन देन पर कोई रियायत नहीं है। हज़रत नबी करीम ने फ़रमाया कि इंसान का ये जानते हुए एक रुपया सूद खाना 36 बार ज़िना करने से भी बड़ा गुनाह है। ये केवल आख़िरत का मामला नहीं बल्कि दुनियावी नुकसान भी बहुत बड़ा है। इससे हमारी इज़्ज़त, ईमान व घर की औरतों को नुकसान हो रहा है। ये सब एक सोची समझी साज़िश है। जिससे हमारी महिलाएं आसानी से इस्लाम विरोधियों का शिकार बन रही हैं। यह इस्लाम व मुस्लिमों को दीमक की तरह खाए जा रहा है। हमें किसी से शिकवा किए बिना इस हराम व नाजायज़ काम से खुद को बचाना चाहिए। जनरल सेक्रेटरी हाफिज अ"यूब त्यागी ने कहा कि सूद के ज़रिए ये लोग हमारे घरों में दाखिल हो गए हैं और हम अपने ही घर के मालिक होते हुए भी उन्हें रोकने की हिम्मत नहीं कर पा रहे। अल्लाह ने हमें मर्द बनाया है हमें मर्द बनकर अपने घरेलू मामलों को खुद संभालना चाहिए न कि औरतों के ऊपर बोझ डालकर खुद बेफिक्र हो जाना चाहिए। इस्लाम में पर्दे का सख्त हुक्म है मगर यह लोग गैर महरम होकर हमारी औरतों से बेपर्दा मिलते जुलते हैं जो बेहद शर्मनाक है। साबिक सदर मौलाना इसराईल ने कहा कि लोगों के दिलों से सूद की बुराई का एहसास खत्म हो गया है वे इसे गलत जानते हुए भी नहीं मानते ये बहुत अफसोस की बात है। एक मुस्लिम के लिए अल्लाह की हराम की हुई चीज़ अमल में लाना उसके ईमान की कमजोरी व आखिरत की फिक्र न करने की निशानी है जिससे अल्लाह की नाराज़गी जरूर होगी। मरकज़ के इमाम और ख़तीब मौलाना अनस ने कहा कि ये सब बातें और हमारा यहां बैठना तभी कामयाब होगा जब हम इन सब बातों पर अमल करेंगे। इसके बाद लोगों ने हाथ उठाकर सूद से बचने व इसके विरुद्ध मुहिम में साथ देने का वादा किया। यहां मस्जिद पीरशाह विलायत के इमाम हाफिज तौफीक व अनवार मस्जिद के इमाम हाफिज रईस आदि मोमिन मौजूद थे।

# नगर पंचायत बुढ़ाना ने सार्वजनिक एलईडी लगाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के इतिहास में पहली बार सार्वजनिक रूप से बड़ी एलईडी लगाई गयी है। जिसमें बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन उमा त्यागी कौशल के साथ साथ 14 वार्डों के सभासदों के फोटो के अलावा चेयरपर्सन के ससुर और बुढ़ाना नगर पंचायत के भूतपूर्व चौयरमेन स्वर्गीय लक्ष्मीचंद त्यागी का भी फोटो लगा है जबकि तीन सभासदों ने किसी कारण से अपने फोटो नहीं लगवाए हैं।

यह एलईडी आने जाने वाले भोलों के साथ साथ कस्बे और क्षेत्र के लोगों का ध्यान अपनी और खींच रही है। एलईडी सिनेमा के पर्दे जैसी है जो कोतूहल का विषय बनी है। सभी इस स्क्रीन पर उभर रहे मैसेज को पढ़कर ही आगे बढ़ते हैं।

खासकर भोलों के स्वागत में लगाई गयी यह एलईडी चेयरपर्सन और सभासदों के चेहरों की भी पहचान आगंतुको को कराने में एक अहम भूमिका अदा कर रही है। चेयरपर्सन उमा त्यागी कौशल ने इस संबंध मे बतलाया कि नगर पंचायत बुढ़ाना की ओर से कांवड़ यात्रा को लेकर बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई है। सजावट भी बहुत मनमोहक है और साथ ही नगर पंचायत बुढ़ाना के सौजन्य से चौधरी चरण सिंह तिराहे पर एलईडी वॉल भी लगवाई गई है। सभासद सहयोग कर रहे हैं। ये एलईडी खासकर रात में आकर्षण का केंद्र बनी है।

## 281 लीटर गंगाजल ला रहे भोलों का स्वागत किया

**भोपा।** हरिद्वार से 281.पवित्र गंगाजल लेकर आ रहे शिव भक्तो का बेलडा गंगनहर कांवड मार्ग शि. विर पर पहुचने फूलमाला व शील्ड टॉपी देकर सम्मानित किये जिन्हे देखने के लिए अछछी खासी भीड देखी गई

भोपा थानाक्षेत्र के गांव बेलडा गंगनहर पुल पर लगे सिविर पर शुक्रवार देर शाम

प्रभात चौधरी, हार्दिक चौधरी,निवासी ककराला मुज़फ्फरनगर 281 पवित्र गंगाजल लेकर पहुचे तो पप्पू सैनी, रोहित पाल, काका मोटवाल, प्रशान्त नायक, आदि ग्रामीणो ने ढोल बजवाकर व फूलमाला पहनाकर, शील्ड टॉपी देकर सम्मानित किये वही कांवड देखने के लिए महिलाओ व बच्चो की अच्छी खासी भीड देखने को मिली।

# सर्वे सट्टा प्रदर्शन को सुपरवाइज़रों को दिया प्रशिक्षण

**बुढ़ाना।** शनिवार को बजाज शुगर मिल भसाना परिसर में रविवार से प्रारंभ हो रहे सर्वे सटा प्रदर्शन की तैयारी के लिए चीनी मिल एवं गन्ना समिति के फील्ड सुपरवाइज़रों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में सटा प्रदर्शन प्रणाली की कार्य विधि को स्पष्ट रूप से समझाया गया तथा सभी सुपरवाइज़रों को सर्वे कार्य में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं सटीकता बनाए रखने के दिशा-निर्देश दिए गए। सर्वे सटा प्रदर्शन के दौरान किसानों को गन्ना फसल में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोग जैसे रेड रॉट, टॉप बोरर व पोक्का बोइंग आदि की पहचान एवं रोकथाम के विषय में भी जागरूक किये जाने के लिए दिशा निर्देश जारी किये गये। अधिकारियों ने फील्ड स्टाफ को किसानों तक यह जानकारी प्रभावी ढंग से पहुँचाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गन्ना समिति बुढाना से ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय सिंह, वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना ललित तोमर, केन डेवलपमेंट हेड डॉक्टर विकास बालियान, वरिष्ठ प्रबंधक गन्ना सुनील मलिक और अपर प्रबंधक गन्ना अनिल सिंह सहित अन्य गन्ना विभाग के अधिक. ारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और मौजूद फील्ड स्टाफ ने सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई।

# कांवड़ यात्रा की व्यस्तता के चलते संपूर्ण समाधान दिवस रहा फीका

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** श्रावण मास में चल रही कांवड़ यात्रा की महत्ता और सामाजिक सक्रियता के बीच शनिवार को तहसील खतौली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस अपेक्षाकृत शांत नजर आया। आमतौर पर जनता की समस्याओं से गुलजार रहने वाला समाधान दिवस इस बार शिकायतकर्ताओं की नगण्य उपस्थिति के चलते ठंडा रहा।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय सिंह वर्मा स्वयं समाधान दिवस के लिए निर्धारित समय पर तहसील परिसर पहुंचे थे, लेकिन फरियादियों की कमी साफ दिखाई दी। समाधान दिवस में अधिकांश कुर्सियां खाली पड़ी रहीं और गिनती के कुछ ही आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें से अधिकतर मामले जमीनी विवाद और गांव में जलभराव ग्राम पंचायत से संबंधित रहे। जैसे ही अधिकारियों को यह आभास हुआ कि आमजन कांवड़ यात्रा में व्यस्तता के चलते समाधान दिवस में नहीं पहुंच सके हैं, उन्होंने मौके की नज़ाकत को समझते हुए समाधान दिवस से रवाना होकर कांवड़ मार्ग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करना बेहतर समझा।

**एसडीएम और सीओ ने संभाली कमान**

हालांकि समाधान दिवस की संपूर्ण प्रक्रिया उप जिलाधिकारी राज. कुमार भारती और पुलिस क्षेत्राधिकारी रामाशीष यादव की निगरानी में संपन्न हुई। जो गिने-चुने आवेदक पहुंचे थे, उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। लेकिन कार्यक्रम समाप्ति तक कोई नया शिकायतकर्ता नहीं आया।

प्रशासन जुटा सेवा कार्यों में

जिलाधिकारी और एसएसपी समाधान दिवस के बाद क्षेत्र में कांवड़ यात्रा मार्ग पर सक्रिय व्यवस्थाओं की समीक्षा में जुट गए। उन्होंने कई स्थानों का भ्रमण कर सेवा शिविरों, मेडिकल स्टॉल्स, ट्रैफिक पाइंट्स और जल वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों और स्वयंसेवकों से भी बातचीत कर आवश्यक निर्देश दिए।

**यात्रा की पवित्रता और सुरक्षा सर्वोपरि**

प्रशासन का ध्यान इस समय यात्रा मार्ग की साफ-सफाई, चिकित्सा सेवाओं, यातायात नियंत्रण, जलापूर्ति और कांवड़ियों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित है। अधिकारियों ने साफ किया कि संपूर्ण समाधान दिवस एक नियमित प्रक्रिया है और आगामी समाधान दिवस में अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

फरियादियों से की अपील

प्रशासन द्वारा यह भी कहा गया कि समाधान दिवस में भाग लेना जनहित में आवश्यक है। यदि किसी कारणवश लोग इस बार उपस्थित नहीं हो सके, तो आगामी तिथियों में वह जरूर पहुंचें, ताकि उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा सके। जहां एक ओर कांवड़ यात्रा की



धार्मिक और सामाजिक गरिमा के चलते समाधान दिवस शांतिपूर्ण रहा, वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक मशीनरी पूरी निष्ठा से सेवा कार्यों में जुटी नजर आई। कांवड़ियों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अधिकारी व्यवस्थाओं को और अधिक दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं।

# कांवड़ यात्रा विश्व की सबसे बड़ी पैदल धार्मिक यात्रा



**मुजफ्फरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा एवं अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा शहर के मेरठ रोड पर संचालित कांवड़ सेवा शिविर में शिवभक्तों का स्वागत पारंपरिक रूप से पुष्पवर्षा कर किया जा रहा है। इस सेवा शिविर में महाराष्ट्र के नासिक से पधारे अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री 1008 स्वामी माधव नंद सरस्वती जी महाराज, अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष चौधरी, हिंदू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमरीश त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट बृजभूषण शर्मा, राष्ट्रीय पोशाक साक्षी वर्मा, पुलकित गोयल और योगेंद्र सहित अनेक पदाधिकारियों ने शिवभक्तों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया।अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि यह सेवा भाव ही है जो इस अद्भुत यात्रा को न केवल बिश्व की सबसे बड़ी धार्मिक पदयात्रा बनाता है, बल्कि इसे श्रद्धा, समर्पण और सहयोग का अद्वितीय उदाहरण भी सिद्ध करता है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटते शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा कर उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। कांवड़ सेवा शिविर में स्वामी माधवानंद सरस्वती, वैभव राज, भावेश पाटिल, राजेश कौशल, मोहित त्यागी, बृजमोहन शर्मा, पुलकित गोयल, मनोज चौहान, बृजेश कुमार सहित कई सेवाभावी कार्यकर्ता दिन-रात शिवभक्तों की सेवा में जुटे हैं।

## श्रीराम कॉलेज में पुस्तक का विमोचन

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के प्रवक्ता संजय कांत, प्रवीण कुमार और कपिल कुमार द्वारा संपादित ''द आर्ट ऑफ वेब डर्वपमेंट लर्न एचटीएमएल सीएसएस और जावास्क्रिप्ट'' पुस्तक का विमोचन किया गया।

पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के अवसर पर पुस्तक के लेखक संजय कांत, प्रवीण कुमार, और कपिल कुमार ने कहा कि इस पुस्तक में वेब डेवलपमेंट की विधाओं को संकलित किया गया है। इस पुस्तक में वेब डेवलपमेंट में एचटीएमएल द्वारा वेब पेज बनाना, सीएसएस तथा जावास्क्रिप्ट द्वारा यूजर फेंडली इंटरफेस के बारे में पूरी जानकारी दी गई है। नोशन प्रेस की तरफ से प्रकाशित इस 206 पन्नों की पुस्तक है। इस अवसर पर श्रीराम कालेज के निदेशक डा अशोक कुमार ने शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर कम्प्यूटर विभाग के डीन निशांत राठी, प्रवेश समन्वयक नीतू सिह, संजय कान्त, अमित त्यागी, विकास शर्मा, सुमित सैनी, अभिनव त्यागी, सिद्दांत गर्ग, अंकुर रूहेला, वैष्णवी शुक्ला, आदि सभी विभाग के प्रवक्ताओ ने शुभकामनाएं प्रेषित की। ।

# कांवड़ मार्ग पर स्वेच्छा से किया जा रहा है फल वितरण

**मुजफ्फरनगर।** साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा शिवभक्तों के लिए नरा जड़ौदा के मोड़ पर महाकाल जी के आशीर्वाद से चल रहे सेवा शिविर में अन्नदान, फलों, पानी, कोलड्रिंक, बिस्किट आदि से सेवा की गई

क्रांतिकारी शालू सैनी के नेतृत्व में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव भक्तों की सेवा में संस्था की पूरी टीम लगातार सेवा कर रही है आज की सेवा में वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती बीना शर्मा जी का योगदान रहा संस्था के महासचिव राजू सैनी व उनकी धर्मपत्नी द्वारा दिव्य शिवभक्तों का श्रद्धाभाव से अभिनंदन करते हुए पुष्पवर्षा की गईयह अद्वितीय क्षण शिवभक्तों की अपार श्रद्धा, संयम और तप का साक्षी बना, जहाँ हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों का उत्साह, ष्हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंजती हुई वातावरण में एक



अलौकिक ऊर्जा का संचार कर रहा था।क्रांतिकारी शालू सैनी ने कहा कि शिवभक्ति के इस महासागर में सम्मिलित होकर स्वयं को धन्य अनुभव किया। यह दृश्य न केवल भक्ति का प्रतीक था, बल्कि समाज की एकता, सेवा और समर्पण की भावना को भी उजागर कर रहा है उपस्थित क्रांतिकारी शालू सैनी, राजू सैनी, बीना शर्मा, मंगलेश प्रजापति, रविन्द्र शर्मा, राजबती सैनी एडवोकेट, काजल, साक्षी सैनी, पूनम सैनी, अंजू सैनी, मीनाक्षी सैनी, प्रीति सैनी मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# तीनों तहसीलों में अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं

## विभिन्न मामलों से सम्बंधित मात्र 13 शिकायती प्रार्थना-पत्र कार्यक्रम में पहुंचे, चार का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना/शामली।** डीएम अरविंद चौहान व एसपी रामसेवक गौतम ने तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित मात्र 13 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से चार शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

शनिवार को तहसील मुख्यालय पर स्थित सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीएम शामली अरविन्द चौहान ने की। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित मात्र 13 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से चार शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष प्रार्थना-पत्रों को शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने



अधीनस्थ अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए है। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी है। इस दौरान एसपी शामली रामसेवक गौतम, एसडीएम निधि भारद्वाज, तहसीलदार अर्जुन चौहान, आपूर्ति निरीक्षक मदनपाल सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कैराना धर्मेन्द्र सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसके अलावा तहसील शामली में एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।संपूर्ण समाधान दिवस में आज एसडीएम के समक्ष 17 शिकायतें आईं। प्राप्त शिकायतों में 01 का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार शामली सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहें।

इसके अलावा तहसील ऊन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सतएन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी, शामली की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी के समक्ष आज 31 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से मौके पर 02 शिकायत का निस्तारण किया गया। ओर शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मनी लांड्रिंग के अपराध में अरेस्ट वारंट जारी करने की धमकी दे खाते से रकम उड़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन नगर के व्यापारी के फोन पर आए फोन ने व्यापारी के होश उड़ा दिए। फोन करने वाले ने व्यापारी को बताया कि उसके ऊपर आपराधिक मुकदमे है। उसके खाते में जमा रकम गैरकानूनी है सभी रकम भारत सरकार के खाते में तुरंत जमा करें अन्यथा अरेस्ट वारंट जारी कर दिया जाएगा। व्यापारी के फोन पर आए लिंक को जैसे ही व्यापारी ने खोला तो खाते से लगभग ₹5000 की रकम उड़ा ली गई। पीड़ित व्यापारी ने व्यापार मंडल के पदाधिकारी के साथ थाने पहुंच थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना भवन नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी विष्णु स्वरूप पुत्र विशंभर सहाय नगर के पुरानी घास मंडी में बुक सेलर की दुकान करते हैं। पीड़ित ने थाना भवन थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार की दोपहर लगभग 1:10 पर पीड़ित व्यापारी विष्णु स्वरूप के फोन पर 8986336265 से व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नम्बर से कॉल आई। जिसमे व्यापारी को डराते हुऐ कहा कि व्यापारी पर कई अपराधिक मामले है तथा उसके खाते में जो पैसा जमा है वह गलत तरीके से कमाया गया है। अगर पैसा वापिस भारत सरकार के खाते में अभी जमा नहीं करेगे तो आपके विरुद्ध अरेस्ट वॉरंट जारी कर दिया जाएगा। इस दौरान व्यापारी को कहा गया कि अगर आपको अपने ऊपर दर्ज मुकदमों की डिटेल चाहिए तो भेजे गए लिंक को खोलकर चेक कर ले। इस प्रकार की कॉल को सुन व्यापारी के पैरों तले जमीन सरक गई। जैसे ही व्यापारी ने लिंक को खोला तो एक का एक पीड़ित के खाते से पैसे ट्रांसफर होने पर आरंभ हो गए। पीड़ित के खाते से जैसे ही 4999 रूपये की रकम कटी तो पीड़ित ने तुरंत बैंक को संपर्क किया तथा खाते से अन्य ट्रांजैक्शन ना हो सके इसके लिए ट्रांजैक्शन रुकवा दी। जिससे व्यापारी की सूझबूझ से आगे की रकम बच गई। परंतु फॉड के चक्कर में आकर उनके खाते से रकम कट गई। व्यापारी ने जब उक्त फोन नंबर पर कॉल की तो पता चला कि यह नंबर अब मौजूद नहीं है। ऐसे में व्यापारी घबरा भी गया था। घटना की सूचना जैसे ही बाजार में हुई तो लोगों में इस प्रकार की कॉल को लेकर चर्चाएं होनी प्रारंभ हो गई। लोगों में पूर्व की घटनाओं को लेकर पहले ही खौफ का माहौल बना है। अब इस प्रकार की कॉल को लेकर लोग सकते में है। शनिवार को थाने पहुंचे व्यापारियों ने थाना प्रभारी को तहरीर देते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच प्रारंभ कर दी है।

# ग्राम पंचायत सहायक समस्याओं को लेकर विधायक अशरफ अली से मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** ग्राम पंचायत सहायकों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को थानाभवन विधानसभा के विधायक अशरफ अली खान से मिला और अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। पंचायत सहायकों ने एक ज्ञापन सौंपते हुए अपनी प्रमुख मांगों में स्थायित्व, मानदेय वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा, और सम्मानजनक सेवा नियमावली की स्थापना पर जोर दिया।

ज्ञापन में बताया गया कि 1 सितंबर 2021 से ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त सहायक/डाटा एंट्री ऑपरेटर आज तक अस्थाई व्यवस्था में न्यूनतम मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। पंचायत सहायक वर्षान्त कुमार ने बताया कि उन्हें महज रु. 200 प्रतिदिन का मानदेय मिलता है, जबकि मनरेगा



मजदूरों को रु. 252 प्रतिदिन मिलता है। जबकि पंचायत सहायक सरकार के विभिन्न पोर्टलों का संचालन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने, पंचायत ऑडिट, ई-ग्राम स्वराज पोर्टल समेत तमाम डिजिटल सेवाओं का संचालन करते हैं।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि पंचायत सहायकों को रु. 26,910 प्रतिमाह मानदेय दिया जाए, जो राज्य के अन्य संविदा कर्मियों को मिल रहा है। इसके अलावा पंचायत सहायकों के लिए स्थाई सेवा नियमावली बनाई जाए, जिसमें भविष्य में 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित हो और उन्हें ग्राम सचिव अथवा ग्राम विकास अधिकारी के पद पर प्रोन्नति का अवसर भी मिल सके। महिला पंचायत सहायकों ने मातृत्व अवकाश और अन्य महिला हितैषी प्रावधान लागू किए जाने की भी मांग की। इसके अतिरिक्त पंचायत सहायकों ने पंचायत भवनों में इंटरनेट, सुरक्षित और स्वच्छ कार्यस्थल, बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की भी मांग उठाई।

विधायक अशरफ अली खान ने पंचायत सहायकों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगों को संबंधित विभागों व शासन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायकों को उनका हक और सम्मान दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में मोहम्मद शादाब, वर्षान्त, मोहित, मोहम्मद फरीद, कार्तिक, अरुण, जतिन, प्रतिज्ञा सैनी, पूजा सागवाल, शिवानी, रजनी, शर्मिला, कोमल, आर्यन, अनुज, बृजमोहन, प्रदीप कुमार समेत दर्जनों पंचायत सहायक शामिल रहे।

# नहीं झुके नपा चेयरमैन शमशाद अंसारी, सभासदों का धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगरपालिका परिषद कैराना के चेयरमैन शमशाद अहमद अंसारी सभासदों के सामने नही झुके। आखिरकार विगत 15 दिनों से नपा प्रांगण में चल रहा सभासदों का धरना-प्रदर्शन बिना किसी वार्ता और नतीजे के ही समाप्त हो गया। कस्बे के कुछ सभासद विगत चार जुलाई को नपा चेयरमैन शमशाद अहमद अंसारी पर तानाशाही, निरंकुशता व विकास कार्यों की अनदेखी समेत अनेकों गम्भीर आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध पालिका प्रांगण में धरने पर बैठ गए थे। धरने पर बैठे पांच सभासदों ने मांग पूरी न होते देख भूख हड़ताल भी शुरू की थी। सभासदों के धरना-प्रदर्शन को कस्बे व क्षेत्र के कई सामाजिक, राजनीतिक, किसान व अन्य संगठनों के लोगो का भी समर्थन प्राप्त हुआ था। सभासदों को मिल रहे समर्थन के मद्देनजर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज व तहसीलदार अर्जुन चौहान ने भी पालिका में पहुंचकर धरना-प्रदर्शन समाप्त करने को कहा था, परन्तु सभासद नपा चेयरमैन को धरनास्थल पर बुलाने की मांग पर अड़े हुए थे। वहीं, शनिवार को विगत 15 दिनों से चल रहा सभासदों का धरना-प्रदर्शन बिना किसी परिणाम के ही समाप्त हो गया। अचानक समाप्त हुए सभासदों के धरने से कस्बावासी हैरान है। नगर में तरह-तरह की चर्चाएं लोगो की जुबान पर है। वहीं, धरने व भूख हड़ताल पर रहे नगरपालिका के वार्ड संख्या-21 के सभासद शाहिद हसन ने बताया कि कांधला क्षेत्र के गांव मलकपुर में एक शादी समारोह के दौरान करीब तीन-चार घंटे तक नपा चेयरमैन से वार्ता हुई है, जिसमें उन्होंने उनकी मांगों पर सहमति जताई है। इसके पश्चात, अन्य सभासदों से सलाह करने के बाद धरना समाप्ति का निर्णय लिया गया है।

## एक नजर

### बांध को खतरा पैदा हुआ, ग्रामीणों ने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के गांव चौसाना जदीद में गत वर्ष यमुना नदी में बनाए गए मिनी बांध (ठोकर) टूट गई थी जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था ड्रेनेज विभाग समेत जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे थे तथा ठोकर का निर्माण कर दिया गया लेकिन दोनों किनारो पर नाके छोड़ दिए गए जिससे बांध को खतरा पैदा हो गया है इस संबंध में ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर नाके बंद करने तथा नए मिनी बांध बनाने की मांग की है। गांव चौसाना जदीद में गत वर्ष यमुना नदी में बनाई गई ठोकर टूटने के कारण सैकड़ो बीघे भूमि कटकर यमुना में समा गई थी जिससे किसानों को फसलों तथा भूमि का भी नुकसान उठाना पड़ा इसके बाद ड्रेनेज विभाग ने मौके पर कई दिन कैंप किया था तथा जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे थे इसके बाद ठोकर का निर्माण किया गया लेकिन दोनों तरफ के नाके छोड़ दिए गए पानी का जलस्तर बढ़ने से गांव की तरफ बने बांध को भी खतरा पैदा हो जाएगा जिससे बांध टूटने का खतरा बना हुआ है ।इस संबंध में ग्राम प्रधान गुरमुख सिंह, कमल सिंह आदि ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर नाके का निर्माण करने तथा नए ठोकर बनाने की मांग की है।

### ऊन इंडेन गैस एजेंसी की संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** कस्बे की ऊन इंडेन गैस एजेंसी पर कर्मचारियों ने उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की तथा एजेंसी मालिक से तीन माह का वेतन व अन्य भुगतान कराने की मांग की है। कस्बे की ऊन इंडेन गैस एजेंसी पर ललित कुमार पुत्र रविंद्र सिंह निवासी सापला द्वारा बतौर कर्मचारी कार्य किया। ललित कुमार का आरोप है कि एजेंसी मालिक संगीता देवी द्वारा 3 माह का वेतन 27000 रूपए तथा केवाईसी 10 रूपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से रु. 25000 कुल 52000 रू. बिना कारण रोक लिए गए जब उसने एजेंसी मालिक से पैसे के भुगतान देने की बात कही तब उसे धोखाधड़ी साजिश के तहत झूठे एससी एसटी मुकदमे में फंसाने ,मारपीट, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई ।इस संबंध में पीड़ित ने पूर्व में भी शिकायत की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई ।पीड़ित ने संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी सतएंद्र सिंह को शिकायत कर तीन माह का वेतन तथा अन्य भुगतान दिलाने की मांग की है।

### खेत पर पानी चलाने गए किसान की बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** खेत पर बाइक को खड़ी कर दूसरी तरफ पानी देखने गए किसान की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित किसान द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बिडौली सादत निवासी राजू पुत्र इस्लाम ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह बाइक को लेकर गत दिवस शाम के समय खेत पर चल रहे पानी को देखने गया था। पीड़ित किसान ने बताया कि वह मोटर साईकिल को खडी करके दूसरी तरफ पानी देखने चला गया। वापिस आया तो बाइक गायब थी। किसान ने थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस नें तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### श्रद्धा और सेवा का संगम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा तत्वावधान में निशुल्क कांवड़ चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, सीओ थानाभवन जितेंद्र सिंह, चेयरमैन अरविंद संगल, जिला अध्यक्ष राजकुमार वर्मा एवं नगर अध्यक्ष अंकित जैन द्वारा किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष डा। अर्जुन वर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री गौरव गोयल ने कांवड सेवा शिविर का उददेश्य बताया।कैंप में कांविडयों को प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य परीक्षण, निशुल्क दवाओं का वितरण, पेयजल, जूस वितरण, आराम एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई।

### बाबा भोलेनाथ का रूद्राभिषेक सावन के नौंवे दिन जारी रहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्राचीन सिद्ध पीठ मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सती वाला में बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक सावन के नोवे दिन जारी रहा। शनिवार को हरिद्वार से आय पवित्र गंगाजल से जलाभिषेक किया गया। जिसके मुख्य यजमान अनुज गर्ग सपरिवार, अखिल तायल सपरिवार, विशाल ऐरन सपरिवार, अनिल सपरिवार रहे। इस दौरान मंदिर के पुजारी ने विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई गई। देर रात्रि महाआरती भी की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया।

# चौसाना-यमुना बांध मार्ग पर अधूरी सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत

**चौसाना।** क्षेत्र के यमुना नदी किनारे ड्रेनेज विभाग द्वारा बनाए जा रहे बांध मार्ग पर सड़क निर्माण अधर में लटक गया है। तीन महीने पहले ठेकेदार ने सड़क उखाड़ दी थी, लेकिन उसके बाद न ही निर्माण कार्य शुरू हुआ और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचा। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि यहां से पैदल गुजरना भी लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं। कभी जो ्रों वाली सड़क थी, वहां अब पत्थरों की खतरनाक परतें हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य की शुरुआत होते ही सड़क को पूरी तरह से खोद दिया गया और उस पर दो इंच मोटी गिट्टी डालकर उसे अधूरा छोड़ दिया गया। जबकि नियमों के अनुसार इस पर कम से कम चार इंच मोटाई में पत्थर डालने थे। ओमवीर मास्टर, जिंदा हसन, रणवीर, मैनपाल, शाकीर, शाहिद, ओमपाल, सचिन, परमाल व सोनू सहित दर्जनों ग्रामीणों ने प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ रोष जताया और बताया कि यह सड़क दशकों बाद बनने जा रही थी, जिससे आवागमन की उम्मीद बंधी थी, लेकिन ठेकेदार की अनदेखी ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पहले जहां सड़क पर ग्ढ़े होते थे, वहां से किसी तरह निकलना संभव था, लेकिन अब पत्थरों की बिछाई गई अधूरी परतों पर वाहन फिसलते हैं, और पैदल चलना भी जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। ठेकेदार का अता-पता नहीं, कॉल और मैसेज का नहीं मिला जवाब ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार बी बी गोयल से संपर्क करने की कई बार कोशिश की गई। उन्हें फोन किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद व्हाट्सएप पर संदेश भेजा गया, लेकिन वहां भी कोई जवाब नहीं आया। इससे स्पष्ट है कि ठेकेदार पूरी तरह से निर्माण कार्य से मुंह मोड़ चुका है। ग्रामीणों ने शुक्रवार को यमुना बांध मार्ग पर विरोध प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण मानकों के अनुसार शुरू नहीं हुआ, तो वह बड़ा आंदोलन छेड़ेंगे और सड़क को जाम कर देंगे।

............................

ड्रेनेज विभाग के एसडीओ संजय मित्तल ने मामले पर संज्ञान लेते हुए कहा, हमें घटिया सामग्री व अधूरे निर्माण की शिकायतें मिली हैं। ठेकेदार से लिखित में जवाब मांगा गया है। मार्च से वह साइट पर नहीं



आया है। उसे निर्देश दिए गए हैं कि सड़क निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और मानकों के अनुसार तत्काल पूरा किया जाए।

ग्रामीणों ने साफ कहा है कि अगर जल्द इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो वे सड़क पर उतरकर मजबूती से अपनी आवाज उठाएंगे। यह सिर्फ सड़क नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र की कार्यशैली की असल तस्वीर है, जो किसी दिन बड़ा हादसा भी करवा सकती है।

# नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** जनपद शामली के थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के एक पिता ने ग्राम ताना निवासी एक युवक पर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने और विरोध करने पर धमकी देने का गंभीर आरा. ेप लगाया है।

शनिवार को पीड़ित ने तहसील दिवस पर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित पिता का कहना है कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को 18 जुलाई को अभिषेक उर्फ छोटू पुत्र सतीश बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी और उसके परिजनों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित के अनुसार, घटना की शिकायत थाने में की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि उसकी पुत्री को बरामद किया जाए और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

# कलेक्ट्रेट परिवार शामली ने 20वां विशाल भंडारा लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** श्रावण मास कावड़ मेला-2025 के शुभ अवसर पर समस्त अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक एवं कलेक्ट्रेट परिवार शामली द्वारा 20वां विशाल भण्डारा का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम व विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक,



परमानन्द झा, एसडीएम शामली, विनय प्रताप सिंह भदौरिया सहित अधिवक्ताओं आदि गणमान्यों ने भण्डारा में प्रसाद वितरण से पूर्व भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की मूर्ति के समक्ष पूजा अर्चना की गई।

आयोजित विशाल भंडारा के अवसर पर शिव भक्तों के साथ-साथ मुख्य अतिथि सहित कलेक्ट्रेटध्तहसील के अधिकारी एवं समस्त कर्मचारीगण के अलावा समस्त अधिवक्ता, स्थानीय लोगों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। इसके साथ ही आज कैराना में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान व पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम द्वारा पवित्र गंगाजल लेकर अपने गंतव्यों की ओर जा रहे कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई।

# निर्वाचन नामावलियों के पुनरीक्षण के दिए निर्देश

**शामली।** जनपद शामली में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण किया जाएगा। एडीएम धनिर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पंचायत एवं नगरीय निकाय सतएन्द्र सिंह ने जानकारी दी कि राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना 11 जुलाई 2025 तथा जिला निर्वाचन अधिकारी शामली की सार्वजनिक सूचना 15 जुलाई 2025 के क्रम में यह कार्यवाही सुनिश्चित कराई जा रही है। बताया कि बीएलओ का कार्य क्षेत्र निर्धारण, प्रशिक्षण व स्टेशनरी वितरण अवधि 18 जुलाई से 13 अगस्त, घर-घर सर्वेक्षण और पाण्डुलिपि तैयार करना करने की अवधि 14 अगस्त से 29 सितम्बर है। जिसमें 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित होंगे। ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण 14 अगस्त से 22 सितम्बर तक होगे। ऑनलाइन आवेदनों की बीएलओ द्वारा सत्यापन 23 सितम्बर से 29 सितम्बर तक किया जाएगा। हस्तलिखित पाण्डुलिपि कार्यालय में जमा करना के लिए 30 सितम्बर से 6 अक्टूबर निर्धारित है। ड्राफ्ट नामावलियों का कम्प्यूटरीकरण के लिए 7 अक्टूबर से 24 नवम्बर है। मतदान स्थलों का क्रमांकन एवं मतदाता सूची डाउनलोडिंग आदि की अवधि 25 नवम्बर से 4 दिसम्बर है। अनंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 5 दिसम्बर को होगा। सूची का निरीक्षण व दावे-आपत्तियां आमंत्रित 6 दिसम्बर से 12 दिसम्बर को होगा। दावे/आपत्तियों का निस्तारण 13 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक होगा। पुनः पाण्डुलिपि तैयार कर जमा करना के लिए 20 दिसम्बर से 23 दिसम्बर और पूरक सूचियों का कम्प्यूटरीकरण और समाहितिकरण के लिए 24 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तिथि निर्धारित है। मतदान स्थलों का क्रमांकन व अंतिम सूची 9 जनवरी से 14 जनवरी 2026 तक तैयार होगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 15 जनवरी 2026 को होगा। एडीएम ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार में इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। यह समय-सारिणी सभी कार्यालयों के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। पुनरीक्षण की कार्यवाही सार्वजनिक अवकाशों में भी यथावत जारी रहेगी तथा किसी भी स्थिति में समय सीमा नहीं बढ़ाई जाएगी।

# लायन्स क्लब शामली सिनर्जी के चिकित्सा शिविर का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायन्स क्लब शामली सिनर्जी द्वारा आयोजित कावड़ सेवा एवं चिकित्सा शिविर का शहर के एमएसके रोड पर पूर्व मंत्री सुरेश राणा व चेयरमैन अरविन्द संगल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस शिविर का उद्देश्य शिव भक्त कावड़ियों को निस्वार्थ सेवा और प्राथमिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया तथा भगवान शिव एवं भारत माता की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर प्रतीक गर्ग, सुनील गोयल, संदीप संगल, नीरज संगल, अंकुर संगल, तुषार धवन, भारत संगल, शिवम अरोड़ा, पुनीत जैन, शिवम विश्वकर्मा, मोहित कांबोज, प्रियम्क गोयल, ऋषभ गोयल, वैभव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

उ०प्र० पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि०

पत्रांक/No. 841/वि0पा0ख0 (ETD)/शामली (SML)/
दिनांक/DATED 19/07/2025

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

अनुभवी कार्यदायी संस्थाओं/फर्मों से विद्युत पारेषण खण्ड, शामली के अंतर्गत ई-निविदा दो भागों में आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त सूचना ई-पोर्टल www.etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है । ई-निविदा का विवरण निम्न प्रकार है। (1) ई-निविदा संख्या-01/2025-26/ ETD Shamli— विद्युत पारेषण खण्ड-शामली के अन्तर्गत विभिन्न प्राथमिक उपकेन्द्रों पर प्रयोग होने वाले दैनिक लॉगशीट एवं विभिन्न पंजिकाओं के क्रय हेतु सम्बन्धित कार्य, धरोहर राशि रू. 1500.00, निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित रू. 590.00 खोलने की दिनांक - 30.07.2025.

राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें

( कृष्णा नन्द )
अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड
शामली






# डीएम-एसपी ने कैराना से गुजर रहे कांवड़ियों पर बरसाए फूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** डीएम-एसपी ने कैराना पहुंचकर अपने गन्तव्यों की ओर बढ़ रहे शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों द्वारा किए गए अभिनंदन से शिवभक्त अभिभूत नजर आए। वह बम-बम भोले के गगनचुंबी जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ गए।

प्रदेश की योगी सरकार कांवड़ यात्रा को विगत कई वर्षों से ऐतिहा. सिक बनाती जा रही है। पिछले वर्ष की भांति इस साल भी प्रदेश में विभिन्न जगहों पर शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा की जा रही है। इसी के मद्देनजर शनिवार को डीएम शामली अरविंद कुमार चौहान व एसपी रामसेवक गौतम कैराना पहुंचे। जहां पर उन्होंने कोतवाली द्वार व कस्बे के कांधला तिराहे पर खड़े होकर शिवभक्त कांवड़ियों पर फूल बरसाए। फूलों की बरसात के चलते शिवभक्त कांवड़ियों में एकाएक जोश भर आया और उन्होंने बोल बम, बम-बम भोले के उद्घोष लगाए। इस दौरान कांवड़ियों को फलाहार व शीतल पेय की बोतलें भी वितरित की गई। प्रशासन द्वारा किए गए अभिनंदन से शिवभक्त कांवड़ियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान एसडीएम निधि भारद्वाज, तहसीलदार अर्जुन चौहान, सीओ श्यामसिंह, ईओ समीर कुमार कश्यप, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## एसडीएम व तहसीलदार ने शिवभक्तों को वितरित किए फलाहार

कांवड़ मेले के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन एक तरफ जहां शिवभक्तों की यात्रा को सुरक्षित व सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जुटा है, वहीं अधिकारी कांवड़ियों की सेवा कार्य करके पुण्य प्राप्त करने में भी पीछे नही है। इसी के मद्देनजर शुक्रवार देर शाम एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज व तहसीलदार अर्जुन चौहान यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना ब्रिज पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने अपने गन्तव्यों की ओर जा रहे शिवभक्त कांवड़ियों को फलाहार व शीतल पेय वितरित किया। साथ ही, शिवभक्तों का कुशल-क्षेम जानते हुए उनके कल्याण की कामना की। इस दौरान एसडीएम न्यायिक ऊन मृदुला दूबे, लेखपाल लवकेश आदि मौजूद रहे।



## तेजी से आगे बढ़ रहे कांवड़िए

**शामली।** हरिद्वार से गंगाजल लेकर शिवालयों की ओर जाने वाले राजस्थान और हरियाणा के शिवभक्त कांवड़ियों के कदम तेजी से बढ़ रहे हैं। शनिवार को कंधे में रंग बिरंगी कांवड लेकर शिवभक्त भगवान शिव के जयकारों के साथ अपने अपने शिवालयों की ओर बढते रहे। लंबी दूरी के ए कांवड़िए जत्थों के रूप में चल रहे हैं। बम-बम भोले व हर-हर महादेव के जयकारों से कांवड़ यात्रा मार्ग गुंजायमान है। कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट है। व्यवस्था को दुरुस्त करने में अधिकारी लगे हुए हैं।

जैसे-जैसे शिवरात्रि नजदीक आती जा रही है, कांवड़ियों की संख्या और उनके कदम भी तेजी से आगे की ओर बढ़ते जा रहे हैं। राजस्थान और हरियाणा के कांवड़िए एमएसके रोड़ से तेजी से शिवालयों की ओर बढ़ रहे हैं। कांवड़ियों के लिए 24 घंटे चाय, नाश्ता, खाना, पानी, चिकित्सा, ठहरने, स्नान करने आदि की व्यवस्था है। शिवचौक पर शहर का कंटोल रूम बना है। शहर में हर तरफ बाबा के भक्तों केसरिया रंग नजर आ रहा है। पूरा शहर शिवमय हो गया। हर तरफ बम-बम भोले के जयकारे व भोले के भजनों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। कांवड़िए भारी संख्या में शहर से गुजरते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़े चले जा रहे हैं। कंधे में रंग बिरंगी कांवड लेकर शिवभक्त बढते चले जा रहे है। कांवडियों की संख्या बढने के साथ ही कांवड मार्ग को पूरी तरह से खाली कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर पालिका कर्मचारी लगे हुए है। हरिद्वार से आने वाले कांवडिया शहर के शिव चौक पर भगवान शिव की प्रतिमा की परिक्रमा कर आगे बढ रहे है। सवेरे बारिश और फिर दिन में चिलचिलाती धूप निकलने से कांवड़ियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा है। इसलिए सुबह-शाम कांवड़ियों की संख्या बढ़ रही है। राजस्थान और हरियाणा के विभिन्न जनपदों को जाने वाले हजारों शिवभक्तों की अनेक टोलियां बोल बम बोल बम का जयघोष करते हुए अपने शिवालयों की ओर बढते ही जा रहे है। जगह जगह शिवभक्तों का फूलों से स्वागत भी किया गया।

## शहीद जवानों के सम्मान के लिए ले जा रहे कांवड़

**शामली।** हरियाणा के जनपद पानीपत अहर गांव के निवासी कांवड़िया मंदीप शर्मा इन दिनों एक विशेष उद्देश्य के साथ कांवड़ यात्रा पर निकले हैं। वह हरिद्वार से 65 लीटर गंगाजल लेकर गांव लौट रहे हैं। यह कांवड़ यात्रा सिर्फ धार्मिक भावना तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से उन्होंने शहीद जवानों के सम्मान और ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन का संदेश भी दिया है।

मंदीप शर्मा ने अपनी कांवड़ के एक ओर ऑपरेशन सिंदूर और देश के नौजवानों के समर्थन में पोस्टर लगाया है, तो दूसरी ओर गांव के ही शहीद भूप सिंह का चित्र लगाया है। भूप सिंह वर्ष 2021 में त्रिपुरा बॉर्डर पर डड्यूटी के दौरान देश के लिए शहीद हो गए थे। उन्हें सात गोलियां लगी थीं, लेकिन वे वीरता से लड़ते हुए मातृभूमि पर न्यौछावर हो गए। मंदीप ने बताया कि वह इस यात्रा के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति की भावना को जागृत करना चाहते हैं और शहीदों के बलिदान को जन-जन तक पहुंच. ाना चाहते हैं। यात्रा के दौरान समाजसे. वियों और स्थानीय लोगों ने कई स्थानों पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पुष्प वर्षा और जयकारों के साथ शिवभक्त मंदीप का अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि जब तक देश के जवान सीमा पर डटे हैं, तब तक देश सुरक्षित है और हम उन पर गर्व करते हैं।

## मन्नत पूरी होने पर 110 लीटर गंगा जल चढ़ाने का लिया संकल्प

**शामली।** हरियाणा के पानीपत जनपद के गांव इसराना निवासी एक दंपत्ति ने भगवान शिव से मांगी गई मन्नत पूरी होने पर 110 लीटर गंगा. जल लेकर शिवालय में अर्पित करने का संकल्प लिया। अजय और नेहा नामक इस नवदंपत्ति की प्रेम कहानी अब भक्ति और आस्था का प्रतीक बन गई है।

हरियाणा के जिला पानीपत के गांव इसराना निवासी अजय और नेहा पिछले तीन वर्षों से एक-दूसरे से प्रेम करते थे। लाख कोशिशों के बावजूद परिजन शादी के लिए नही मान रहे थे और उनका प्रेम विवाह नहीं हो पा रहा था। ऐसे में दोनों ने भोलेनाथ से विवाह की मन्नत मांगी थी और वादा किया था कि यदि उनकी जोड़ी बन जाती है, तो वे 110 लीटर गंगाजल लाकर गांव के शिवालय में चढ़ाएंगे। भगवान शिव की कृपा से चार माह पूर्व दोनों की शादी सकुशल संपन्न हो गई। अब मन्नत पूरी होने पर दोनों गंगाजल लेकर हरिद्वार से रवाना हुए और शामली होते हुए गांव की ओर बढ़े। रास्ते भर लोग उन्हें देख कर हैरान भी हुए और उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होने बताया कि वह दोनों शिव मंदिर में गंगाजल अर्पित करेगे और भगवान शिव का आभार जताया। अजय और नेहा ने कहा कि यह यात्रा हमारे लिए सिर्फ एक धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि विश्वास, आस्था और प्रेम की जीत का प्रतीक है।



## रात-दिन कांवड़ियों की हो रही सेवा

**शामली।** शहर में लगे कांवड़ सेवा शिविरों में भगवान शिव के भक्तों की सेवा में हर कोई आगे आ रहा है। जहां कांवडियों की रातदिन सेवा की जा रही है। शहर के कैराना रोड़ स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के कांवड़ सेवा शिविर में कांवडियों की सेवा में दर्जनों लोग लगे। है। समाजसेवी कुशांक चौहान ने कांवड़ सेवा शिविर में कांवड़ियों की सेवा की। आधुनिक मशीनों से थके हारे कांवड़ियों के पैरों की मसाज की गई। कैंप में मिक्स दाल, आलू की सब्जी, घेराव, वही शाम को भिंडी, दाल चावल, सादी रोटी, चलेकबी, लडडू, घेवर, फल आदि का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर डा। जनेश्वर चौहान, अलका चौहान, कुशांक चौहान, श्वेता चौहान, पूर्वांक चौहान, मौजूद रहे। इसके अलावा शहर गुलजारी वाला शिव मंदिर में, हनुमान टीला हनुमान धाम, सर्व मंगला कांवड सेवा शिविर, व्यापार मंडल के कांवड सेवा शिविर, नामदेव युवा जन कल्याण समिति, सर्व समाज कल्याण समिति के कांवड सेवा शिविरों में भी भगवान शिव के भक्तों की जमकर सेवा की जा रही है। सर्व समाज ककल्याण समिति एवं नामदेव युवा जनकल्याण समिति के शिविर में प्रसिद्ध कथा वाचक अरविन्द .ष्टि महाराज पहुंचे। मौके पर रजनीश नामदेव, अनुज नामदेव, सतएंद्र नामदेव, विजेंद्र प्रजा. पति, गिरधारी लाल नारंग, रूपेश नामदेव, मनुज कंबोज आदि मौजूद रहे।



## इकरा हसन ने कांवड़ियों को वितरित किया प्रसाद

**शामली।** कैराना सांसद इकरा हसन ने रविवार देर रात्रि शहर के कैराना रोड़ स्थित कांवड सेवा शिवि. रों में पहुंचकर कांवडियों को प्रसाद वितरित किया। इस दौरान सांसद का समाजसेवी लोगों द्वारा स्वागत भी किया गया।



शनिवार देर रात्रि कैराना सांसद इकरा हसन शहर के कैराना रोड स्थित कांवड सेवा शिविरों में पहुंची। सबसे पहले वह शिव मंदिर गुलजारी वाला मंदिर के कांवड सेवा शिविर में गई, जहां उन्होने कांवडियों को भोजन, प्रसाद वितरित किया। इस दौरान उन्होने कांवडियों से बातचीत भी की और उनका हाल जाना। इसके बाद वह अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के चिकित्सा शिविर में पहुंची। इस दौरान उन्होने कांवडियों को दवाईयां वितरित की। साथ ही कांवडियों की सेवा में लगे समाजस. ेवी लोगों की सराहना की। उन्होने कहा कि भगवान शिव में आस्था रखने वाले लोग आपसी भाईचारे का संदेश देते है। क्षेत्र में एक दूसरे से मिलकर रहना ही सभी का कर्त्तव्य है। भाईचारा कायम करे और शिव. रात्रि पर भगवान शिव के भक्तों की सेवा की जाए। इस अवसर पर व्यापारी नेता घनश्याम दास गर्ग, सुमित बंसल, वैभव प्रकाश गोयल, महेश धीमान, शमशाद बलवा, असलम प्रमुख, रवि संगल आदि मौजूद रहे।

# सांसद इकरा हसन से दुर्व्यवहार पर भड़के पूर्व प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** जनपद शामली के ग्राम पलठेड़ी के पूर्व प्रधान शरीफ अहमद चौधरी ने सहारनपुर में एक प्रशासनिक अधिकारी द्वारा कथित तौर पर कैराना की सांसद इकरा हसन के साथ किए गए अभद्र व्यवहार को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों की गरिमा के खिलाफ बताते हुए अफसरशाही को लोकतांत्रिक मर्यादाओं में रहने की नसीहत दी है।

पूर्व प्रधान शरीफ अहमद ने कहा कि इकरा हसन एक निर्वाचित सांसद हैं, जिनकी पहचान जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने वाली नेता के तौर पर होती है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जिस तरह से सहारनपुर में एडीएम स्तर के अधिकारी द्वारा एक महिला सांसद से दुर्व्यवहार किया



गया, वह न केवल एक जनप्रतिनिधि का अपमान है, बल्कि लोकतंत्र की मूल भावना पर भी चोट है।

शरीफ अहमद ने प्रशासनिक अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि उन्हें जनसेवक की भूमिका निभानी चाहिए, न कि सत्ता के घमंड में लो. कतंत्र के मूल सिद्धांतों को ताक पर रखना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। सपा समर्थकों और ग्रामीण जनता में भी इस घटनाक्रम को लेकर नाराजगी देखी गई है। कई लोगों का मानना है कि महिला प्रति. निधियों के साथ इस तरह का व्यवहार लोकतांत्रिक व्यवस्था में अस्वीकार्य है। पूर्व प्रधान ने कहा कि सांसद इकरा हसन ने हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का प्रयास किया है, और उनका अपमान करना सीधे तौर पर जनता की आवाज को दबाने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल एक सांसद का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की अस्मिता का प्रश्न है।

## सांसद से दुर्व्यवहार के आरोपी एडीएम के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**कैराना।** उत्तर रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य मेहरबान कुरैशी एडवोकेट ने देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को शिकायती-पत्र भेजा है। उन्होंने कैराना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन के साथ में दुर्व्यवहार करने के आरोपी एडीएम प्रशासन सहारनपुर के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। जनपद न्यायालय शामली ऐट कैराना में वकालत करने वाले कस्बे के मोहल्ला छड़ियान निवासी एडवोकेट मेहरबान कुरैशी ने देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को शिकायती-पत्र भेजा है। बताया कि विगत एक जुलाई को कैराना लोकसभा क्षेत्र से सांसद इकरा हसन छुटमलपुर नगर पंचायत अध्यक्षा शमा परवीन के सामने आ रही जनसरोकार से सम्बंधित समस्याओं से अवगत कराने के लिए एडीएम प्रशासन सहारनपुर के कार्यालय में गई थी। पूर्व में सूचित किए जाने के बावजूद एडीएम अपने कार्यालय में मौजूद नही मिले और न ही उन्होंने सांसद इकरा हसन की कॉल रिसीव की। करीब दो-तीन घंटे की प्रतीक्षा कराने के बाद एडीएम अपने कार्यालय पर पहुंचे। नगर पंचायत अध्यक्षा ने जैसे ही अपनी बात उनके समक्ष रखी, तभी पूर्वाग्रह से ग्रस्त एडीएम ने उनके लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। जब सांसद ने हस्तक्षेप करना चाहा तो एडीएम ने उनके साथ में भी दुर्व्यवहार करते हुए कार्यालय से बाहर जाने को कह दिया। पत्र में कहा गया है कि एडीएम ने प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए जनप्रतिनिधि के साथ अनुशासनहीन आचरण किया है। ऐसे में आरोपी एडीएम के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाया जाना अति आवश्यक है।

## छेड़छाड़ करने के मामले में एक गिरफ्तार

**शामली।** 17.7.2025 को थाना बाबरी क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पीडिता के परिजन द्वारा थाना बाबरी पर लिखित तहरीर दी गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। 19.7.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा नाबा. लिग के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त रामकुमार उर्फ रामू पुत्र लोकेन्द्र निवासी ग्राम बन्तीखेडा थाना बाबरी जनपद शामली है।

## किरतपुर में लिए गए नमूने

**किरतपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शिकायत पर दो दुकानदारों के रसगुल्ला और बूंदी के लड्डू के नमूने भर कर जांच के लिए भेज दिए है। खाद्य सुरक्षा विभाग के चीफ संजीव कुमार ने बताया कि मेन बाजार सब्जी मंडी स्थित शाह जमाल स्वीट से बूंदी के लड्डू तथा निसार स्वीट से रसगुल्ला के नमूने ले कर जांच को भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त दुक. ानदारों की शिकायत आईजीआरएस पर की गई थी। उन्होंने कहा कि मिलावटी व दूषित खाद्यय सामग्री नहीं बेचने दी जाएगी।

## मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**नजीबाबाद ।** नगर में पुलिस ने सोशल मीडिया पर मारपीट की वायरल वीडियो से संबंधित एक युवक को एक दिन पूर्व ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो और युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़ित हिमांशु कुमार पुत्र मुनेश कुमार निवासी ग्राम जगदीशपुर उर्फ बाजोपुर, थाना नजीबाबाद अपने दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से लुकादड़ी जा रहा था। तभी रास्ते में युवक गुलशन पुत्र अमर सिंह, पंकज, सागर पुत्र पीयोम निवासी लालू वाला, थाना नजीबाबाद एवं तीन चार अज्ञात लड़के जो दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आये और पीड़ित हिमांशु के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और मारपीट का वीडियो बनाया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उसके बाद युवकों द्वारा मारपीट के वीडियो को वायरल कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो और युवकों गुलशन पुत्र अमर सिंह, पंकज पुत्र जसराम निवासी ग्राम लालू वाला, थाना नजीबाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

## मोहम्मद दिलशाद को नगराध्यक्ष मनोनीत

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने जनपद के नगर स्योहारा में मोहम्मद दिलशाद को नगराध्यक्ष मनोनीत करते हुए उन्हें संगठन से जोड़ा है और उम्मीद जताई है कि मोहम्माद दिलशाद संगठन को मजबूत बनाकर 2027 विधानसभा चुनाव में मजबूत टीम बनाकर सपा को जीत दिलाने का काम करेंगे। पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने स्योहारा के मोहल्ला कस्बा निवासी मोहम्माद दिलशाद को सपा नगराध्यक्ष का मनोनयन पत्र सौंपा। इस मौके पर मोहम्मद दिलशाद ने कहा है कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसको वह पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का काम करेंगे और नगर में मजबूत संगठन बनाकर सपा को 2027 में जीत दिलाने का काम करेंगे। उन्होंने इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन का आभार जताया।

# मुकंदपुर खेड़ी में युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

**मुखबिरी के शक में दोनों पक्षों के लोगो के बीच दो दिन पूर्व भी हो चुकी है मारपीट, शांतिभंग होने की आशंका के चलते दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर चुकी है पुलिस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव मुकुंदपुर खेड़ी में कुछ लोगो ने घर में घुसकर युवक को जान से मारने की नीयत से गोली मार दी। युवक को गम्भीर हालत के चलते हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। मामले में पुलिस ने सगे भाइयों समेत आठ लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दोनों पक्षों के लोगो के बीच मुखबिरी के शक में दो दिन पूर्व भी मारपीट हो चुकी है, जिसका मुक. दमा भी कोतवाली पर दर्ज है।

शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव मुकंदपुर खेड़ी निवासी अफसर अपने घर पर था। इसी दौरान करीब एक बजे पुरानी रंजिश के चलते लाठी-डंडों व अवैध हथियारों से लैस कुछ लोग घर के अंदर घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इसी बीच आरोपियों ने अफसर को गोली मार दी, जिस कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली युवक के बांए कंधे पर लगी है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। उधर, मामले की सूचना पर पुलिस आननकृफानन में मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे गम्भीर हालत के चलते हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घटना के संबंध में घायल युवक के भाई इरफान की ओर से गांव के ही शादाब, फाजिल, वासिल, आवेश, फुरकान व वादिल तथा झिंझाना क्षेत्र के गांव रोटन निवासी जुनैद और गांव इस्सापुर खुरगान निवासी राशिद के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि युवक को गोली मारने के सम्बंध में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रत्एक बिंदु पर मामले की जांच की जा रही है।

## मुखबिरी के शक में दोनों पक्षों के बीच हो चुकी है मारपीट



गांव मुकंदपुर खेड़ी में युवक को गोली मारने की घटना मुखबिरी के शक में विगत गुरुवार को दोनों पक्षों के लोगो के मध्य हुई मारपीट से जुड़ी है।

इस झगड़े में एक पक्ष का शादाब व दूसरे पक्ष का जमालू घायल हो गए थे। मामले में शादाब ने जमालू के चार पुत्रों इरफान, समीर, नवाब व अफसर के विरुद्ध कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें शादाब ने चारों भाइयों पर मुखबिरी करने के शक ने मारपीट करके दांत तोड़ने का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के छह लोगों के खिलाफ शांतिभंग होने की आशंका के चलते भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिताद्धबीएनएसएसत्रः की धारा-170 के तहत चालानी कार्यवाही की थी।

# करणी सेना के उपेन्द्र राणा को तत्काल गिरफ्तार किया जाए

**बिजनौर।** पूर्व सपा जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन ने करणी सेना के नेता उपेन्द्र राणा के दिए गए विवादित बयान की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिला विरोधियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

पूर्व सपा जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन ने कहा कि करणी सेना कभी दलित सपा सांसद के घर पर हमला बोलती है और उनके काफिले पर पथराव किया जाता है। इसी क्रम में अब करणी सेना के नेता उपेन्द्र राणा ने कैराना की सांसद इकरा हसन को लेकर महिला विरोधी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की नापाक हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में समाज के ठेकेदार बने इन समाज विरोधियों ने माहौल खराब करने का ठेका ले रखा है। उन्होंने कहा कि समाज में भाईचारा बना रहना चाहिए और बहन बेटियों की इज्जत की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी समाज की बहन बेटियों की इज्जत की रक्षा की जानी चाहिए।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरे पुत्र व पुत्रवधू कहने-सुनने में नहीं हैं। हमारे साथ अभद्र व्यवहार करते हैं, इस कारण में अपने पुत्र साजिद पुत्रवधू आयशा, साबिर पुत्रवधू गुलशाना व कादिर पुत्रवधू गुलशाना को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में किए गए लेन-देन व कुकृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। अब हमारे परिवार से इनका कोई वास्ता मतलब नहीं रहा।

**खुरशीद पुत्र यासीन व रईसा पत्नी खुरशीद, निवासी-मोहल्ला मिर्दगान कस्बा कांधला जनपद शामली**

# संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों ने 25 शिकायतें कराई दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा चकबंदी, पुलिस, बैंक, राजस्व, पूर्ति आदि विभागो से संबंधित शिकायते दर्ज कराई गई। जिनमें से उच्चाधिकारियों द्वारा तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों से गुणवत्ता के आधार पर शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये।

खंड विकास कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 25 फरियादीयों में अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों के सामने शिकायते दर्ज कराई। हालांकि तीन शिकायतों को डीएम की मौजूदगी में निस्तारण करा दिया गया। इस दौरान सबसे ज्यादा राजस्व विभाग की 16 शिकायतें थी। जबकि नगर पालिका परिषद, चकबंदी, देवबंद कोतवाली, बीडीओ, पूर्ति विभाग और बैंक सहित अन्य विभागों से सबंधित शिकायते डीएम मनीष बंसल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने सुनी।




जिलाधिकारी मनीष बंसल ने अधिकारियों को गुणवत्ता के आधार पर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत पराशार, तहसीलदार विजय सिंह, खंड विकास अधिकारी असलम प्रवेज, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धरमेंद्र कुमार सोनकर आदि विभागो से सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

## कावड़ मार्ग का डीएम व एसएसपी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्रावण मास कांवड चात्रा को सकुशल संपन्न कराये जाने के लिए अधिकारियों ने कांवड मार्ग का निरीक्षण कर स्थानीय अधिकारियों को अवश्यक दिशा निर्देश दिये।



जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से देवबंद से उत्तराखंड बॉडर तक कांवड़ मार्ग का निरीक्षण कर स्थानीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# शिव भक्तों की सेवा करना पुण्य का कार्य है: बृजेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि कावड़ यात्रा भगवान शिव के भक्तों की एक महत्वपूर्ण तीर्थयात्रा है। शिवभक्त सैकड़ों किमी का पैदल सफर करते हैं इसलिए उनकी सेवा करना एक पूण्य का कार्य है।

राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह सराय मालियान में कावड़ सेवा शि. विर का उद्घाटन करने के उपरांत उन्होंने अधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वह कांवड़ लाने वाले शिव भक्तों की सहायता व सेवा में कोई कसर न छोड़े। प्रदेश सरकार का भी यही मंतव्य है। भाजपा जिलाध्यक्ष डा. महेंद्र सैनी ने कहा कि कावड़ यात्रा पवित्र यात्रा है। इसका उद्देश्य केवल धर्म लाभ कमाना है। धर्म के मार्ग पर चलने वाले लोगों की सेवा और रक्षा करना सभी का दायित्व होता है। इस दौरान राज्य मंत्री ने शिव भक्तों को खाना भी खिलवाया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी युवराज सिंह, ब्लाक प्रमुख पति विजय त्यागी, पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, भाजपा के जिला महामंत्री वैभव अग्रवाल, शुभम त्यागी, विपिन भारतीय, राजेश अनेजा, राममोहन सैनी, आलोक खटीक आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।



## किरतपुर में फैसल गिरफ्तार

**बिजनौर।** 18 जुलाई को वादी ने थाना किरतपुर में तहरीर दी थी कि 17 जुलाई को अभियुक्तगण फैसल पुत्र फुरकान, गुलबाज पुत्र अब्दुल सलाम एवं यासर पुत्र रिजवान निवासी ग्राम मुगलबेड़ा ने उनकी नाबालिग पुत्री को अश्लील इशारे किए और रास्ता रोक कर छेड़छाड़ की। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने फैसल को गिरफ्तार कर लिया है।

## बिजनौर में बिहारी इमरान अरेस्ट

**बिजनौर।** शहर कोतवाली में वादी ने 30 मई को तहरीर दी थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी पुत्री को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया हैं। शहर कोतवाली में पहले गुमशुदगी दर्ज की गई थी।

# श्रीकृष्ण रथयात्रा महोत्सव का 17 अगस्त को होगा शुभारंभ

**श्री पंचायती ठाकुर द्वारा मंदिर में आयोजित बैठक में लिया गया निर्णय**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री पंचायती ठाकुरद्वारा मंदिर में बैठक का आयोजन कर आगामी 9 से 18 अगस्त तक आयोजित होने वाले श्रीकृष्ण रथयात्रा महोत्सव पर चर्चा की गई।

शनिवार को मंदिर में आयोजित हुई बैठक में कमेटी अध्यक्ष विनोद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि 9 अगस्त को महोत्सव का शुभारम्भ मंदिर शिखरों पर धर्मध्वज स्थापना के साथ होगा। 17 अगस्त को मंदिर में प्रभु के स्वर्णिम रथ एवं लड्डू गोपाल के प्रसाद रथ पर सारथी बनने, चंवर डुलाने और प्रसाद वितरण आदि बोलियां होंगी और जन्माष्टमी से दो दिन बाद 18 अगस्त को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें ठाकुर जी महाराजा का स्वर्णिम रथ शामिल होगा। जिस पर भगवान श्री कृष्ण संग श्री राधा रानी प्रतिमूर्ति रूप में विराजमान होकर श्रद्धालुओं को अपने दर्शनों से अभिभूत करेंगे। शोभायात्रा में बैंड बाजे, मनोरम झांकियां, कीर्तन मंडलियां व अखाड़े आकर्षण का केंद्र रहेंगे। बैठक में अशोक गुप्ता, राकेश अग्रवाल, राजीव गुप्ता, ऋषिपाल कश्यप, ब्रह्म सिंह पुंडीर, सुशील गुप्ता, मुकेश गर्ग, राधे श्याम गर्ग, श्रवण सिंघल, डा. संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## फावड़े से हमला कर भतीजे को किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मामूली कहासुनी के चलते चाचा ने भतीजे पर फावड़े से हमला कर घायल कर दिया।

जखवाला गांव निवासी अंकुर शनिवार को गांव में स्थित खेत पर काम कर रहा था। इस दौरान उसका चाचा वहां पहुंचा। किसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी होने लगी। आरोप है कि चाचा ने गुस्से में आकर अंकुर पर फावड़े से हमला कर दिया। सिर में फावड़ा लगने से वह घायल हो गया। परिजन मौके पर पहुंचे और अंकुर को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# खिलाड़ी नाथ की भूख हड़ताल का किया समर्थन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अखिल भारतीय जन जागृति सेना की आयोजित बैठक में राष्ट्रीय प्रमुख ठाकुर सुरेंद्रपाल सिंह ने नाथ संप्रदाय के कंवर सिंह उर्फ खिलाड़ी नाथ की भूख हड़ताल को समर्थन देने की घोषणा की है।

स्थानीय कार्यालय पर हुई बैठक में ठाकुर सुरेंद्रपाल सिंह ने कहा कि ठोकरपुर गांव के कंवर सिंह उर्फ खिलाड़ी नाथ अपनी संक्रमणीय भूमि को लेकर भूमाफिया किस्म के लोगों से संघर्ष कर रहे हैं। आरोप है कि तहसील स्तर पर भूमि की गैरकानूनी एंट्री कर उनको परेशान किया जा रहा है। कमिश्नर के यहां इनकी सुनवाई नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई संज्ञान नहीं लिया गया। ठाकुर सुरेंद्रपाल ने कहा कि इससे परेशान आकर खिलाड़ी नाथ ने 23 जुलाई को भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय लिया है।

अखिल भारतीय जन जागृति सेना उनका पूर्ण समर्थन करेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष फरमान, जिला उपाध्यक्ष डॉ. शमीम, नरपत सिंह, अतुल चौधरी, अमित कुमार, शुभम चंद, सरवर आदि शामिल रहे।

## क्रांतिकारी अमर शहीद मंगल पांडे की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन

**देवबन्द।** देवीकुंड स्थित हनुमान धाम मंदिर में ब्राह्मण समाज द्वारा क्रांतिकारी अमर शहीद मंगल पांडे की जयंती के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। ब्राह्मण सभा के संरक्षक रविंद्र शर्मा ने कहा कि मंगल पांडे ने अंग्रेजों की फौज में रहकर देशभक्ति की ज्वाला अपने दिल में जाग्रत कर ब्रिटिश अधिकारियों से लोहा लिया। युवा ब्राह्मण नेता रोहित कौशिक ने कहा कि हमें अपने बच्चों को अमर शहीदों के इतिहास से रूबरू कराना चाहिए। विनय पंडित, राजीव पंडित व दीपक पंडित ने भी विचार व्यक्त किए। शुभम पंडित, तुषार शर्मा, आचार्य गौरव कृष्ण, आचार्य मोहित, प्रमोद शाही, सागर पंडित, आकाश आदि मौजूद रहे।

## महिला ने युवक पर बेटी को ले जाने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** महिला ने अपनी बेटी को गांव के ही युवक पर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से बेटी को सकुशल बरामद कराये जाने की मांग की हैं।

राज्जुपुर पुलिस चौकी क्षेत्र निवासी महिला ने दूसरे वर्ग के युवक पर 20 वर्षीय बेटी को लेकर जाने का आरोप लगाया है। बताया कि पडोस में रहने के कारण बेटी उससे बात. चीत करती थी। कई बार उसे मना भी किया गया। 18 जुलाई को युवक बेटी को लेकर फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अंकित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# नृत्य प्रतिभाओं ने मंच पर बिखेरा जलवा

**खुशहाली राजपूत को मिला बेस्ट डांसर अवॉर्ड**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप की ओर से आयोजित बहुचर्चित नृत्य प्रतियोगिता जो जीता वही सिकंदर में बच्चों ने अपनी जबरदस्त प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण और नगर क्षेत्र की छुपी नृत्य प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था, जिसमें तीन श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

कार्यक्रम में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। निर्णायकों ने सर्वसम्मति से खुशहाली राजपूत को 'बेस्ट डांसर अवॉर्ड' से नवाजा। निर्णायक मंडल की अध्यक्षता कर रहीं धामपुर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य बबीता गुप्ता को विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं में माही (सब-जूनियर), तोशिका राजपूत (जूनियर) और एंजल (सीनियर वर्ग) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनके साथ-साथ सौम्या, विधि सैनी, जकिया, राशि, अंशिका और खुशी को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थानों से सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन दुर्गा पब्लिक स्कूल में किया गया, जिसका शुभारंभ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजू गुप्ता, रोटेरियन शिवेंद्र अग्रवाल, संरक्षक दीपेंद्र सिंह चौहान, चिकित्सक डॉ. करिश्मा सक्सेना, शिक्षाविद अनिल कुमार सिंह, ऐश्वर्या चौधरी, मीनू सिसोदिया ने संयुक्त रूप से किया।




कार्यक्रम संचालन की बागडोर संभाली जनपद के चर्चित मंच संचालक शुभम वालिया ने, जिनके शायराना अंदाज ने आयोजन को ऊर्जावान बनाए रखा। गुलफाम अहमद और सलमान फरीदी को भी सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में स्कूल की कोऑर्डिनेटर नंदिनी रानी तथा समस्त शिक्षकों व स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्था के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान और महासचिव आरके आर्य एडवोकेट ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

## संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** संपूर्ण समाधान दिवस के अंतर्गत शनिवार को तहसील प्रांगण के चौधरी चरण सिंह सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जिसमें एसडीएम नजीबाबाद द्वारा जन शिकायतें सुनी गई। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

शनिवार 19 जुलाई को 10:00 से 2:00 बजे तक एसडीएम नजीबा. बाद शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस के अंतर्गत जन शिकायतें सुनी गई। इस दौरान तहसीलदार नजीबाबाद संतोष कुमार, नायब तहसीलदार ममता यादव, विकास खंड अधिकारी दीपक तेवतिया व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस के अंतर्गत राजस्व की 9, पुलिस की 4, विकास की 4, समाज कल्याण की 2, शिक्षा की 1, अन्य 6, कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 2 का निस्तारण मौके पर किया गया।

## एक नजर

### आसमान में ड्रोन, उड़ा रहा कौन

**हीमपुर दीपा।** ग्राम हीमपुर दीपा व रतनपुर खुर्द सहित कई गांव में ड्रोन पिछले कई दिनों से मंडरा रहे हैं। ग्रामीण रात में डर के मारे जागकर पहरेदारी कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस को इसकी शिकायत की है और जांच की मांग की है। थाना क्षेत्र में 8 से 10 बजे रात तक कई गांव के ऊपर ड्रोन उड़ते दिखायी पड़ते है। इससे ग्रामीण डरे हुए हैं। किसी अनहोनी की आशंका में ग्रामीण अपनी छतों पर लाठी डंडा लेकर मुस्तैद हो जाते हैं। ग्रामीण रात-रात जागकर पहरेदारी करने को मजबूर हैं। आसमान में उड़ते ड्रोन से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने इस बात की शिकायत पुलिस से भी की है। उधर थानाध्यक्ष योगेश कुमार मावी ने बताया कि यह अफवाह है और पूरे जिले में है। कुछ लोग हवाईजहाजों की लाइट को देखकर ड्रोन बता रहे है जबकि ड्रोन इतनी ऊपर नहीं उड़ते है। साथ ही ड्रोन की काफी आवाज आती है जबकि यहां क्षेत्र में किसी भी तरह का कोई शोर नहीं है। हीमपुर दीपा थानाध्यक्ष ने अफवाहों पर ज्यादा ध्यान न देने और लोगों से अफवाह न फैलाने की अपील की है।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार



**स्योहारा।** ग्राम सब्दलपुर निवासी श्रीमती सीमा पत्नी नकुल कुमार ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि गांव के ही पवन कुमार उनके पुत्र रितिक, वितेश तथा पुत्रियां प्रिया व अश्वनी ने उनके घर में घुसकर गाली-गलौच व मारपीट की थी। मुकदमा दर्ज करने के बाद विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर प्रिया व अश्वनी की नामजदगी गलत पाई गई। पुलिस ने नामजद अभियुक्त रितिक पुत्र पवन कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### बम-बम की गूंज के साथ बढ़ रहे शिवभक्त

**नगीना।** कांवड़ रूट पर शिवभक्तों की संख्या में इजाफा होने लगा है। हरिद्वार से पावन गंगजल लेकर गंतव्य के शिवालयों की ओर बढ़ रहे शिवभक्तों के आगमन से नगीना में कांवड़ मार्गों पर बोल-बम, बम-बम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय होने लगा है। कोई अपने मित्रों के साथ शिवालय की ओर बढ़ रहा है तो कोई अपने परिवार के साथ यात्रा पर निकला है। कांवड़ रूट पर आस्था के कई रंग देखने को मिल रहे हैं। चौराहों पर भी शिव भक्ति के गीत गुंजायमान हो रहे हैं तो रूट पर बोल बम जय बम के जयकारे लग रहे हैं। हर कोई शिव भक्ति में डूबा है।

# के.एस. चिल्ड्रंस एकेडमी में इंटर हाउस इंग्लिश डिबेट प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** के.एस. चिल्ड्रंस एकेडमी में इंटर हाउस इंग्लिश डिबेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के चारों हाउस एयर, अर्थ, फायर एवं वॉटर ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग का विषय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' तथा सीनियर वर्ग का विषय 'Cyber Security is a Threat of a student' रहा। निर्णायक की भूमिका ज्योति शर्मा एवं संजय ने निभाई, जबकि मंच संचालन मानसी अग्रवाल द्वारा किया गया। जूनियर वर्ग में फायर हाउस प्रथम, एयर हाउस द्वितीय एवं वॉटर हाउस तृतीय स्थान पर रहा। वहीं सीनियर वर्ग में वॉटर हाउस प्रथम, फायर हाउस द्वितीय एवं एयर हाउस तृतीय स्थान पर रहा। एयर हाउस की इंचार्ज शिवानी चौधरी, अर्थ हाउस की इंचार्ज पारुल मेहरा, फायर हाउस की इंचार्ज रेणुका गौतम तथा वॉटर हाउस की इंचार्ज ज्योति शर्मा रहीं। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जो विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह द्वारा वितरित किए गए। इस संपूर्ण आयोजन का समन्वयन गतिविधि प्रभारी मानसी अग्रवाल द्वारा किया गया। अंत में प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति एवं सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं।



# सास बहू व बेटा सम्मेलन में बताए गए सीमित परिवार के फायदे : डॉ. स्नेही

**नवविवाहिताओं को शगुन किट भेंट की गई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ब्लॉक के विभिन्न स्वास्थ्य उप केंद्रों व हैल्थ वैलनेस सेंटरों पर सास बहू और बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सीमित परिवार के लाभों की जानकारी देना रहा।

सीएचसी स्योहारा के अधीक्षक डॉ. बीके स्नेही व बीपीएम शालिनी बिश्नोई के निर्देशन में शाहपुर खेड़ी व काजमपुर के हैल्थ वैलनेस सेंटरों और स्वास्थ्य उप केंद्रों पर यह सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में चिन्हित नवविवाहित दंपतियों को परिवार नियोजन की जानकारी दी गई और उन्हें शगुन किट भेंट की गई। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले 15 प्रतिभागियों पांच सास, पांच बहुएं और पांच बेटे को पुरस्कार भी दिए गए। आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम ने परिवार नियोजन के साधनों के महत्व को समझाया। आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र से आठ-दस परिवारों को सम्मेलन में लेकर पहुंची थी।



इस अवसर पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर नित्या राज, एएनएम रुकमणि, अंजू नागर, सविता, किरण, आशा, संगिनी और आशा कार्यकर्ता रिहाना, वनीता, सावित्री, सुधा समेत कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम JAYA SONI से बदलकर JAYA THAREJA रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाये।

JAYA THAREJA W/o SUMIT THAREJA
ADDRESS:- 115/B, SOUTH CITY, DELHI ROAD, SAHARANPUR.

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

हमने अपने पुत्र **हरजीत** व पुत्रवधु **कोमल** को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। उनके किसी भी लेनदेन, गलत कार्य का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**बिजेन्द्र पुत्र फूलसिंह व ममता पत्नी बिजेन्द्र,** ग्राम- तुगलकपुर, थाना पुरकाजी, जिला- मुजफ्फरनगर।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र तालिब व पुत्रवधू नजमीन व पोत्र तल्हा को उनके गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इनका मेरे व मेरे परिवार से कोई संबंध नहीं रहेगा।

नसीम पुत्र जहरूल
निवासी मोहल्ला सराय काहरान
देवबंद जिला सहारनपुर

**सूचना**

मैंने अपना नाम SADDAM से बदलकर MOHAMMAD SADDAM रख लिया हैं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

MOHAMMAD SADDAM S/O MOHAMMAD ABID MOH. SARAI PEERZADGAN DEOBAND (SAHARANPUR)

# दरबाड़ा व केलनपुर में सट्टा प्रदर्शन का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह ने पी.बी.एस. फूड्स शुगर मिल चांदपुर के ग्राम दरबाड़ा और बिंदल पेपर्स शुगर मिल के ग्राम केलनपुर सोसाइटी चांदपुर में सट्टा प्रदर्शन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आगामी नवीन गन्ना पेराई सत्र 2025-26 की तैयारियों के तहत आयोजित इस 63-कॉलम सट्टा प्रदर्शन में ग्रामीण किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लेने पर उनसे अपनी बात साझा की। इस अवसर पर सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर विश्वामित्र पाठक, समिति चांदपुर सचिव जितेंद्र कुमार, राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक और चीनी मिल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला गन्ना अधिकारी ने सभी उपस्थित स्टाफ को सट्टा प्रदर्शन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टॉफ से स्पष्ट कहा कि प्लॉट का नामकरण करते समय सट्टा प्रदर्शन के दौरान सभी प्लॉट का नामकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सी. एल.ए. से अधिक गन्ना क्षेत्र होने पर सी.एल.ए. (कैन लैंड एरिया) से अधिक गन्ना क्षेत्र वाले किसानों से संपर्क कर उनकी खतौनी प्राप्त की जाए और उस रकबे को बॉन्डिंग केन के तहत लाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। शून्य सर्वे एरिया वाले किसान की सूची तैयार की जाए, जिन्होंने पिछले वर्ष आपूर्ति की थी लेकिन उनका सर्वे एरिया शून्य है, उन्हें चिन्हित कर क्षेत्र आवंटित किया जाए। उन्होंने कहा कि संशोधन आवेदनों का निस्तारण करते समय संशोधन हेतु प्राप्त सभी आवेदनों को शत-प्रतिशत आपत्ति रजिस्टर में दर्ज कर नियमानुसार निस्तारण किया जाए। किसानों के हस्ताक्षर व मोबाइल नंबर के प्रदर्शन के समय किसानों के मौके पर हस्ताक्षर कराए जाएं और उनके मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से अंकित किए जाएं। गन्ने के सट्टा प्रदर्शन का महत्व बताते हुए जिला गन्ना अधिकारी ने कहा कि गन्ने का सट्टा प्रदर्शन एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो किसानों और चीनी मिल के बीच पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करती है। यह किसानों को उनके गन्ने के रकबे और मिल को आपूर्ति की जाने वाली संभावित मात्रा का स्पष्ट अनुमान प्रदान करता है, जिससे उन्हें बुवाई की योजना बनाने और फसल प्रबंधन में सहायता मिलती है। सट्टा प्रदर्शन के माध्यम से किसान सरकारी योजनाओं और चीनी मिल द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का लाभ भी उठा सकते हैं। यह पूरी गन्ना आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित करता है, जिससे पेराई सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सकता है और सुचारु संच. ालन सुनिश्चित होता है। गन्ना सर्वे सट्टा प्रदर्शन निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पंचामृत खेती गन्ने की उत्पादकता बढ़ाने का सूत्र पंचामृत खेती गन्ने की खेती की एक अभिनव और टिकाऊ विधि है जो पांच प्रमुख घटकों को एकीकृत करती है। यह न केवल गन्ने की उपज में वृद्धि करती है बल्कि भूमि की उर्वरता बढ़ाती है और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव को कम करती है। इसके मुख्य अवयव ट्रेंच प्लांटिंग (ट्रेंचेड प्लांटिंग), इस विधि में गन्ने की बुवाई गहरी खाइयों में की जाती है, जिससे जड़ों को अधिक गहराई तक जाने और पानी व पोषक तत्वों का बेहतर अवशोषण करने में मदद मिलती है। यह सूखे और तेज हवाओं से फसल को बचाने के साथ-साथ फसल गिरने (लॉगिग) की संभावना को भी कम करती है। ड्रिप इरीगेशन (ड्रिप इर्रिगेशन) पर कहा कि बूंद-बूंद सिंचाई प्रणाली या ड्रिप इरीगेशन, पानी की बचत में अत्यंत प्रभावी है। यह सीधे पौधों की जड़ों तक पानी पहुंचाती है, जिससे पानी का अपव्यय कम होता है और सिंचाई की दक्षता बढ़ती है। यह उर्वरकों के कुशल उपयोग में भी सहायक है। सहफसली (इंटरक्रॉपिंग): गन्ने के साथ दालें, सब्जियां या तिलहन जैसी अन्य फसलों की बुवाई सहफसली कहलाती है। यह भूमि का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करती है। किसानों की आय में वृद्धि करती है और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायक है क्योंकि दलहनी फसलें नाइट्रोजन स्थिरीकरण करती हैं। रटून प्रबंधन (रटून मैनेजमेंट): कटाई के बाद गन्ने की पेड़ी का उचित प्रबंधन रटून प्रबंधन कहलाता है।

संक्षिप्त खेल समाचार

## हैदराबाद करेगा दूसरे महिला कबड्डी विश्वकप की मेजबानी

**हैदराबाद, वार्ता।** बिहार के हटने के बाद हैदराबाद तीन से 10 अगस्त तक चलने वाले महिला कबड्डी विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा। अंतर्राष्ट्रीय कबढी महासंघ (आईकेएफ) द्वारा भारतीय एमेच्योर कबढी महासंघ (एकेएफआई) के सहयोग से हैदराबाद के गाचीबावली इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस विश्वकप में 14 टीमें भाग लेंगी। भारत के अलावा, ईरान, बंगलादेश, नीदरलैंड, जापान, पोलैंड, यूगांडा, केन्या, हंगरी, थाईलैंड, नेपाल, जर्मनी और अर्जेंटीना महिला कबड्डी विश्वकप के दूसरे संस्करण में भाग लेने की पुष्टि कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट मूल रूप से बिहार के राजगीर में आयोजित होना था, लेकिन राज्य द्वारा मेजबानी से हटने के बाद इसे हैदराबाद स्थानांतरित कर दिया गया। हैदराबाद 2005 में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी कर चुका है।

## ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर बिंद्रा ने साय से की मुलाकात

**रायपुर, वार्ता।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शनिवार को उनके निवास कार्यालय में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर श्री अभिनव बिंद्रा ने सौजन्य भेंट की और श्री साय ने श्री बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी एवं स्पोर्ट्स साइंस डेवलपमेंट के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्री साय ने श्री बिंद्रा का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने श्री बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में खेल गतिविधियों के विकास एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने संबंधी योजनाओं पर गहन चर्चा की।

# 35 औसत वाले राहुल विदेश में सबसे भरोसेमंद



**● करियर के 10 में से 9 शतक विदेश में, इंग्लैंड सीरीज में 62.50 का औसत**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ जारी 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम के अनुभवी ओपनर केएल राहुल ने अपनी टेक्निक से सभी को खूब प्रभावित किया है। सीरीज में खेली लगभग हर एक पारी में नई गेंद के सामने राहुल दीवार बनकर खड़े हुए हैं। यही वजह रही है कि भारतीय टीम के मध्यक्रम ने मौजूदा सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। राहुल सीरीज की 6 पारियों में 62.50 की औसत से 375 रन बना चुके हैं। वह सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले 6 बैटर्स में इकलौते टॉप-3 में बैटिंग करने वाले खिलाड़ी हैं।

यह केवल इस सीरीज की बात नहीं है। 33 साल के राहुल हालिया वर्षों में विदेश में भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके टेस्ट करियर की 10 में से 9 सेंचुरी विदेशी जमीन पर हैं। हालांकि, मौजूदा समय में भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ माने जाने वाले राहुल का करियर औसत सिर्फ 35.26 का है, जो उनके प्रदर्शन से बिल्कुल भी मेल नहीं खाता है। मौजूदा समय में टॉप-6 भारतीय बैटर्स में राहुल का औसत सबसे कम है, लेकिन इस बीच यह समझना भी जरूरी हो जाता है कि आखिरी एक दशक से भी ज्यादा समय से भारत के लिए खेल रहे राहुल का औसत इतना कम क्यों है? आइए इसके कारणों के बारे में जानते है, घरेलू मैदान की तुलना में विदेश में ज्यादा मैच साल 2014 में टेस्ट डेब्यू के बाद से राहुल ने 61 मैच खेले हैं। लेकिन इनमें से केवल 20 ही उन्होंने भारत में खेले। अन्य बैटर्स घरेलू परिस्थितियों में रनों का अंबार लगाते हैं, लेकिन उन्होंने 32 पारियों में 39.62 की औसत से सिर्फ 1149 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से केवल एक शतक निकला है। वहीं, विदेश में खेले 41 मैचों में 2483 रन स्कोर किए हैं। प्रदर्शन राहुल ने ज्यादातर रन बड़ी टीमों यानी इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और द. अफ्रीका के खिलाफ बनाए हैं। उन्होंने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16-16 टेस्ट में क्रमशरू 1330 रन और 894 रन बनाए हैं। इसके विपरीत वेस्ट इंडीज (374), श्रीलंका (354), बांग्लादेश (175) और अफगानिस्तान (54) जैसी कमजोर टीमों के खिलाफ उनके बेहद कम रन हैं। कन्वर्जन रेट कम, 2 बार 150+ स्कोर राहुल का अर्द्धशतक को शतक में बदलने का रेट कम है। करियर में 18 अर्द्धशतक और 10 शतक हैं। साल 2017 में ऑस्ट्रेलिया व श्रीलंका के खिलाफ रिकार्ड लगातार 7 अर्द्धशतक को शतक में तब्दील नहीं कर पाए थे। करियर में एक भी दोहरा शतक नहीं है। केवल दो बार ही राहुल डेढ़ सौ का आंकड़ा पार कर सके हैं। राहुल का ज्यादा मैच नहीं खेल पाना और खराब फार्म सहित चोटों के कारण लगातार टीम से अंदर बाहर होते रहना भी कम औसत का बड़ा कारण रहा है। राहुल के डेब्यू के बाद से पिछले 10 में से 5 साल में भारतीय टीम ने 10 से ज्यादा मैच खेले हैं। विराट-रोहित के संन्यास लेने से राहुल को पहली बार टीम के प्रमुख बैटर का जिम्मा मिला। राहुल करियर में टीम के दूसरे या तीसरे प्रमुख बैटर के रूप में खेलते रहे हैं। कोहली और रोहित जैसे दिग्गज बल्लेबाजों के बीच राहुल अपनी क्षमता के अनुकूल प्रदर्शन नहीं कर सके। लेकिन दोनों दिग्गजों के संन्यास के बाद अब राहुल टीम के प्रमुख और सबसे अनुभवी बैटर हैं। राहुल ने भी इस जिम्मेदारी को मौजूदा सीरीज में बखूबी निभाया है। उन्होंने अपने करियर में पहली बार किसी सीरीज में एक से अधिक शतक लगाए हैं।

## डोमेस्टिक सीजन 2025-26 खेल सकते हैं मोहम्मद शमी



**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे पेसर मोहम्मद शमी को बंगाल ने डोमेस्टिक सीजन 2025-26 के 50 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है। शमी इंग्लैंड में भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं और आईपीएल 2025 के बाद से उन्होंने कोई भी मैच नहीं खेला है। शमी 28 अगस्त से शुरू होने वाले दलीप ट्राफी में पूर्व क्षेत्र की टीम का हिस्सा हो सकते हैं। यह टूर्नामेंट, अपने पुराने फार्मेट इंटर-जोनल तरीके से खेला जाएगा। शमी, जिन्होंने 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। आईपीएल में, शमी की नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद छठे स्थान पर रही, और उनका प्रदर्शन भी प्रभावशाली नहीं रहा। उन्होंने 9 पारियों में 6 विकेट लिए और प्रति ओवर 11.23 रन दिए। शमी इससे पहले लंबे समय तक चोट के कारण बाहर थे, जिसमें उनकी टखने की सर्जरी हुई और घुटने की समस्याओं ने भी परेशान किया। शमी ने आखिरी बार 2025 की शुरुआत में चैंपियंस ट्राफी में भारत के लिए खेला था। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीता, और शमी ने 5 मैचों में 9 विकेट लिए, जो भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक थे। हालांकि, उनकी गेंदबाजी महंगी रही, क्योंकि उन्होंने प्रति ओवर 5.68 रन दिए।

## हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की

**● इसमें पिछले शिविर के सभी खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है, यह शिविर हमारे लिए महत्वपूर्ण**

**बेंगलुरु, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने आगामी सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के नामों की शनिवार को घोषणा की।

बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में 21 जुलाई से 29 अगस्त तक आयोजित होने वाला यह शिविर भारतीय महिला हॉकी टीम की पांच सितंबर से चीन के हांगझाऊ में शुरू होने वाले महिला एशिया कप 2025 की तैयारी के मद्देनजर महत्वूपर्ण है। इस टूर्नामेंट की चैंपियन टीम को 2026 एफआईएच महिला विश्वकप के लिए सीधे जगह मिलेगी। इसमें पिछले शिविर के सभी खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है। शिविर को लेकर भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि यह शिविर हमारे लिए एक बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर है। एशिया कप न केवल एक प्रतिष्ठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट है, बल्कि 2026 विश्व कप के लिए एक सीधा रास्ता भी है। हम इस शिविर में पूरी तत्परता और एकाग्रता के साथ भाग ले रहे हैं ताकि हम हांगझाऊ में मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह तैयार टीम के रूप में पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि हमने निरंतरता बनाए रखने के लिए पिछले शिविर के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, साथ ही युवा खिलाड़ियों को सीनियर टीम में शामिल होने के लिए अधिक समय भी दिया है। यूरोप में एक कठिन प्रो लीग अभियान के बाद, जहां हम अपने मनचाहे परिणाम नहीं हासिल कर पाए थे।

## भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठक से इन्कार

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ढाका में एशियन काउंसिल की वार्षिक बैठक आयोजित होने पर भाग नहीं लेगा। यह बैठक 24 जुलाई को बांग्लादेश की राजधानी ढाका में होनी है।

बीसीसीआई का कहना है कि बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए बोर्ड वहां बैठक में शामिल नहीं हो सकता। भारत ने एसीसी अध्यक्ष और पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी से बैठक का स्थान बदलने की मांग की थी, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। सूत्रों के मुताबिक, मोहसिन भारत पर अनावश्यक दबाव डालने की कोशिश कर रहे हैं। बीसीसीआई ने साफ कहा है कि जब तक बैठक की जगह बदली नहीं जाती, एशिया कप को लेकर कोई फैसला नहीं हो सकता। भारत इस बार एशिया कप की मेजबानी कर रहा है और यह टूर्नामेंट टी-20 फार्मेट में खेला जाएगा। अभी तक एसीसी ने टूर्नामेंट का शेडयूल या स्थान घोषित नहीं किया है, लेकिन माना जा रहा है कि यह सितम्बर में हो सकता है। 2023 में भी भारत ने पाक जाकर एशिया कप खेलने से मना कर दिया था, जिसके बाद भारत के मैच श्रीलंका में कराए गए थे। इस साल भी ऐसी अटकलें थीं कि भारत महिला और पुरुष टीमें एशिया कप से हट सकती हैं, लेकिन बीसीसीआई सचिवने इन खबरों को कल्पना पर आधारित और झूठा बताया है। श्रीलंका, ओमान और अफगानिस्तान के क्रिकेट बोर्ड भी भारत के साथ हैं और उन्होंने भी ढाका में मीटिंग को लेकर चिंता जताई है। बावजूद इसके, एसीसी चेयरमैन मोहसिन मीटिंग को ढाका में ही कराने पर अड़े हुए हैं। एसीसी के संविधान के अनुसार, अगर अहम सदस्य बोर्ड इस बैठक में शामिल नहीं होते हैं तो वहां लिए गए फैसले अमान्य माने जा सकते हैं। इससे एशिया कप की मेजबानी को लेकर बड़ा विवाद पैदा हो सकता है। सूत्रों का यह भी कहना है कि नकवी का ढाका में ही बैठक करवाने का जोर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

**● 24 जुलाई को ढाका में होनी है मीटिंग, एशिया कप-2025 के आयोजन को लेकर फैसला होना है**



## कान्वे की फिफ्टी से जीते कीवी

**● ट्राई सीरीज के तीसरे मैच में जिम्बाब्वे को 8 विकेट से हराया, मैट हेनरी को 3 विकेट मिले**

**हरारे, वार्ता।** डेवोन कान्वे की फिफ्टी से न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को टी-20ए ट्राई सीरीज में 8 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। इसी के साथ कीवी टीम पाइंट्स टेबल के टाप पर पहुंच गई हैं। हरारे में खेल गए मैच में मैट हेनरी के 3 विकेट के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करते हुए जिम्बाब्वे को 120/7 के स्कोर पर रोका।

इसके बाद न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने 14 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे उनका नेट रन रेट 1.919 तक पहुंच गया। जिम्बाब्वे को अभी कोई अंक नहीं मिला है और उन्हें ट्राई सीरीज में बाहर होने से बचने के लिए दक्षिण अफीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दोनों मैच जीतने होंगे। इस मैच में जिम्बाब्वे ने पिछले मैच (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) की तुलना में अधिक आक्रामकता दिखाई, लेकिन वे केवल 11 चौके और एक छक्का ही लगा सके, जो पिछले मैच से कम था। जिम्बाब्वे की सबसे बड़ी साझेदारी 37 रन की थी, जबकि न्यूजीलैंड ने दो अर्द्धशतकीय साझेदारियां कीं। टिम साइफर्ट के आउट होने के बाद डेवोन कानवे और रचिन रवींद्र ने 44 गेंदों में 59 रन जोड़े, फिर कानवे और डेरिल मिशेल ने 32 गेंदों में 58 रन की साझेदारी कर जीत आसान कर दी ।न्यूजीलैंड की गेंदबाजी शानदार रही। मैट हेनरी ने 3/26 के साथ छोटी गेंदों का अच्छा उपयोग किया।

स्पिनर मिशेल सैंटनर, माइकल ब्रेसवेल और रवींद्र ने 9 ओवर में केवल 43 रन देकर एक-एक विकेट लिया। जिम्बाब्वे के गेंदबाजों में केवल ब्लेसिंग मुजारबानी ने 6.75 की इकोनामी के साथ एक विकेट लिया। वेलिंगटन मसाकद्ज़ा की जगह तेज गेंदबाज टिनोटेंडा मापोसा को खिलाने का फैसला गलत साबित हुआ। वेस्ली मधेवेरे ने पहली गेंद पर चौका लगाकर जिम्बाब्वे को तेज शुरुआत दी। पहले ओवर में 11 रन बने। पिछले 11 पारियों में केवल एक बार 20 से अधिक रन बनाने वाले मधेवेरे ने आक्रामकता दिखाई, लेकिन 36 रन बनाकर आउट हो गए।

**● एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप**

## भारतीय मिक्स्ड टीम क्वार्टरफाइनल में

**● भारत ग्रुप-डी में है और हांगकांग ने भी अपने दोनों मुकाबले जीत लिए है**

**जकार्ता, वार्ता।** भारत ने बैडमिंटन एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 110-83 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। एशिया जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप इंडोनेशिया में खेला जा रहा है। इससे पहले इंडिया ने श्रीलंका को हराया था। भारत ग्रुप डी में हैं और हांगकांग ने भी अपने दोनों मुकाबले जीत लिए हैं। दोनों टीमें आपस में भिड़ेंगी। भारत ने अपने सभी गेम जीते भारत ने शानदार शुरुआत की, जब लड़कियों के सिंगल्स में रुजुला रामू ने मायशा खान को 11-5 से हराया। इसके बाद मिक्स्ड डबल्स में सी लालरमसांगा और तारिणी सूरी ने भारत की बढ़त को 22-11 तक पहुंचाया। मैच के बीच में स्कोर 55-41 था, जो भारत के पक्ष में रहा। वहीं, यूएस ओपन फाइनलिस्ट तन्वी शर्मा ने मधुमिता सुंदरपांडियन को हरा कर भारत को 66-46 से आगे कर दिया। इसके बाद लालरमसांगा और रेशिका यू की जोड़ी ने दूसरी मिक्स्ड डबल्स में अधित्य किरण और मायशा खान को 11-5 से हराकर भारत को 77-51 की मजबूत बढ़त दिलाई। रिले स्कोरिंग फार्मेट में खेला जा रहा है टूर्नामेंट यह टूर्नामेंट 110 अंकों के रिले स्कोरिंग फार्मेट में खेला जा रहा है, जिसमें टीमें 10 मुकाबलों में 110 अंक हासिल करने होते हैं। भारत का इस टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 में रहा था, जब उसने कांस्य पदक जीता था। पिछले साल भारत मलेशिया से 2-3 से हारकर क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गया था। टूर्नामेंट में 17 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है इस टूर्नामेंट में 17 टीमें चार ग्रुप में बंटी हैं। तीन ग्रुप में तीन-तीन टीमें और एक ग्रुप में पांच टीमें हैं। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचती हैं।

## स्विटजरलैंड को हराकर स्पेन महिला यूरो के सेमीफाइनल में

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** स्पेन ने दो पेनल्टी चूकने के बावजूद मेजबान स्विट्जरलैंड को 2-0 से हराकर इतिहास में दूसरी बार महिला यूरो के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल के पहले हॉफ में पिना ने स्पेन के लिए कई मौके बनाए, लेकिन मेजबान टीम की मजबूत रक्षापंक्ति के कारण मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल करने में विफल रही। स्पेन की फॉरवर्ड एथीनिया डेल कैस्टिलो ने बेंच से उतरकर स्कोरिंग की शुरुआत की और क्लाउडिया पिना ने शानदार दूसरा गोल किया।

# आंद्रे रसेल का इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा

**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने ऐलान किया है कि वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 और 22 जुलाई को होने वाले दो टी-20 मैचों के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। यह दोनों मैच जमैका के सबीना पार्क में खेले जाएंगे, जो रसेल का घरेलू मैदान है।

रसेल ने वेस्टइंडीज के लिए 141 मैच खेले और अपनी सबसे यादगार पारी 2016 टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ मुंबई में खेली। उस मैच में भारत ने 193 रन बनाए थे। रसेल जब नंबर 5 पर बल्लेबाजी के लिए आए, तब वेस्टइंडीज को 41 गेंदों में 77 रन की जरूरत थी। रसेल ने नाबाद 43 रन सिर्फ 20 गेंदों में बनाए और आखिरी ओवर में विराट कोहली की गेंद पर छक्का मारकर वेस्टइंडीज को जीत दिलाई। वेस्टइंडीज ने 2016 में अपना दूसरा टी-20 वर्ल्ड कप जीता था। रसेल ने कहा कि 2016 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मेरी जिंदगी का सबसे गर्व भरा पल था। उस समय भारत का पूरा स्टेडियम अपनी टीम को सपोर्ट कर रहा था, जिससे थोड़ा दबाव था। लेकिन पिच अच्छी थी और ड्रेसिंग रूम में हमें आत्मविश्वास था। इसी भरोसे ने मुझे खुलकर खेलने की आजादी दी। भारत को सेमीफाइनल में हारने के बाद वेस्टइंडीज ने फाइनल में इंग्लैंड को हराकर चार साल में दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता। रसेल दोनों जीत का हिस्सा रहे। इस पर उन्होंने कहा, दो वर्ल्ड कप जीतना एक अलग ही अहसास है।

फाइनल जीतने के बाद जब आप सोते हैं और बस दो घंटे में ही उठ जाते हैं, लेकिन फिर भी आप तरोताज़ा महसूस करते हैं, क्योंकि आप इंटरनेट पर वो सारे अच्छे पल, सोशल मीडिया पोस्ट और लोगों की शुभकामनाएं देखना चाहते हैं। वो सब देख कर मैं भावुक हो जाता हूं। रसेल ने कहा कि उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए हर मौके पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की और अब उन्हें लगता है कि विदा लेने का यही सही समय है। मेरे लिए सबीना पार्क पर रिटायर होना एक सपना जैसा है। यहीं से मैंने क्रिकेट की शुरुआत की थी और यहीं पर खत्म करना मेरे लिए सम्मान की बात है।

**● 2016 विश्व कप सेमीफाइनल को बताया सबसे गर्व का पल, वेस्टइंडीज के लिए 141 मैच खेले**



## चार भारतीय महिला खिलाड़ी फिडे विश्व कप के फाइनल में

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की चार महिला चेस खिलाड़ी फिडे विमेंस वर्ल्ड कप के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई हैं। जार्जिया के बटुमी में आयोजित हो रहे इस टूर्नामेंट में कोनेरू हम्पी, द्रोणवल्ली हरिका, आर.वैशाली और इंटरनेशनल मास्टर दिव्या देशमुख ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली है।

अनुभवी हम्पी ने भी स्विट्जरलैंड की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक को टाईब्रेक्स में 1.5-0.5 से हराया। हम्पी सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए चीन की युशिन सान्ग से भिड़ेंगी। दिव्या और हरिका में से एक का सेमीफाइनल में जाना तय दिव्या और हरिका में से एक का सेमीफाइनल में जाना तय है। क्वार्टर फाइनल में दिव्या और हरिका आपस में भिड़ेंगी। जिससे यह मुकाबला पूरी तरह से भारतीय होगा। दिव्या ने प्री-क्वार्टरफाइनल में दूसरे वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी झू जिनर को 1.5-0.5 से हराया। उन्होंने पहले गेम में काले मोहरों से जीत हासिल की और दूसरे गेम में सफेद मोहरों से ड्रा किया। दिव्या ने प्री-क्वार्टरफाइनल में दूसरे वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी झू जिनर को 1.5-0.5 से हराया। हरिका ने रूस की कतेरीना लागनो के खिलाफ 15+10 रैपिड टाईब्रेक्स के पहले गेम में हार का सामना किया, लेकिन दूसरे गेम में वापसी करते हुए जीत हासिल की। मुकाबला फिर 10+10 रैपिड टाईब्रेक्स में चला गया, जहां हरिका ने पहले गेम में काले मोहरों से ड्रा किया और दूसरे गेम में सफेद मोहरों से जीत दर्ज की। हरिका द्रोणावल्ली और काटेरिना लाग्नो ने आधा-आधा अंक साझा किया। वैशाली का सामना चीनी खिलाड़ी से होगा आर.वैशाली ने कजाकिस्तान की मेरुएर्त कमालिदेनावा के खिलाफ 15+10 और 10+10 रैपिड टाईब्रेक्स में गेम्स को बांटा। मुकाबला ब्लिट्ज टाईब्रेक्स में चला गया।

# महापौर व नगर आयुक्त ने कांवड़ियों पर की पुष्पवर्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम की ओर से महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरी ने आज दोपहर हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर कांवड़ श्रद्धालुओं का स्वागत किया। बाद में पार्षद मयंक गर्ग, पार्षद नीरज शर्मा, दिग्विजय चौहान व ज्योति अग्रवाल ने भी कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की।



महापौर डॉ. अजय कुमार आज दोपहर पार्षद मयंक गर्ग, नीरज शर्मा, दिग्विजय चौहान व पार्षद ज्योति अग्रवाल के साथ देहरादून रोड स्थित राकेश केमिकल के निकट एक निजी हेलीपैड पहुंचे। क्षेत्रीय लोगों व अनेक शिविर संचालकों ने महापौर व पार्षदों तथा नगरायुक्त शिपू गिरि का बुके भेंट कर स्वागत किया। उक्त हेलीपैड से एक निजी हेलीकॉप्टर से महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त ने उड़ान भर हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्यों को जा रहे कांवड़ श्रद्धालुओं पर देहरादून रोड से अम्बाला रोड तक पूरे कांवड़ मार्ग पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान यूएसए के एक वरिष्ठ पत्रकार अक्षित भी उनके साथ रहे। बाद में पार्षद मयंक गर्ग, पार्षद नीरज शर्मा, दिग्विजय चौहान व ज्योति अग्रवाल ने भी कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि कांवड यात्रा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का महापर्व है। पूरे प्रदेश में वर्ष 2017 से जब से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सुशासन आया है उनके नेतृत्व में इस महापर्व को बडे़ उत्साह और हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। हम प्रदेश में संस्कृति और राष्ट्रवाद को स्थापित करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम कांवड़ियों की सेवा के लिए रात दिन जुटा है।

निगम सीमा क्षेत्र में लगाये गए कांवड़ शिविरों और श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध जलापूर्ति, साफ-सफाई व शौचालयों की व्यवस्था के साथ ही पथ प्रकाश व्यवस्था आदि के लिए निगम की टीमें अहर्निश कार्य कर रही हैं। कहीं जलभराव न हो इसके लिए निगम की क्यूआरटी टीमें लगातार सक्रिय है। हम कांवड़ यात्रा को प्रति. बंधित पॉलीथिनध्प्लास्टिक बनाये रखने के लिए भी संकल्पित हैं। इस अवसर पर पार्षद मंसूर बदर व पार्षद प्रतिनिधि असद सिद्दकी आदि भी मौजूद रहे।

# न्यायालय परिसर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना के मार्गदर्शन में आज न्यायालय परिसर में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्ताओं एवं न्यायिक कर्मचारियों की आंखों की जांच कर नि:शुल्क परामर्श दिया गया। इस शि. विर का शुभारंभ पीठासीन अधिकारी अम्बर रावत, सिविल बार एसोसियेशन के अध्यक्ष अभय सैनी एवं महासचिव अजय कौशिक द्वारा फीता काटकर किया गया।

शिविर में टाईटन आई प्लस के विशेषज्ञ ऑप्टोमेट्रिस्ट शिव कुमार, शिवसिंह एवं सुश्री मुक्ता सिंह द्वारा न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नेत्र जांच की गई। इस अवसर पर अपर जिला जज अभय कृष्ण, मौहम्मद अहमद खान, विकास गुप्ता, प्रकाश तिवारी एवं प्रबोध कुमार वर्मा सहित कई न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस पहल की सराहना करते हुए अधिकारियों ने नियमित नेत्र जांच के महत्व पर बल दिया और इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों को समय-समय पर आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# अवैध खनन में पोकलेन मशीन व डंपर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम/चिलकाना।** जहां एक तरफ बरसात के मौसम के चलते खनन कार्य तीन माह के लिए प्रतिबंधित है, वही खनन माफिया अवैध खनन कर सरकार को राजस्व की हानि पहुंचा रहे हैं।



खान अधिकारी सुभाष सिंह को सूचना मिली कि सदर तहसील के पंचकुआं खनन जॉन में बिना अनुमति के अवैध खनन किया जा रहा है। इस पर उन्होंने चिलकाना थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसैन सैनी तथा पुलिस बल को साथ लेकर मौके पर छापा मारा। जहां उन्होंने मौके से अवैध खनन करती एक पोकलेन मशीन वएक डंपर को पकड़ लिया। जिन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। खान अधिकारी ने बताया कि अवैध खनन कर आरबीएम महादेव स्टोन क्रशर पर डाला जा जा रहा था। उन्होंने बताया कि अवैध खनन में संलिप्त क्रशर मालिक रंधौल पुत्र धर्मपाल निवासी पंचकुआ तहसील सदर सहारनपुर, अमित कुमार पुत्र सतपाल सिंह निवासी असलमपुर बरथा तहसील बेहट, तेजेंद्र सिंह पुत्र विरेंद्र सिंह निवासी गुड़गांव हरियाणा, जमीन मालिक अनूप सिंह पुत्र धर्मपाल निवासी पछुआ तहसील सदर जिला सहारनपुर व डंपर मालिक अरुण पुत्र रेनू सिंह निवासी जगाधरी यमुनानगर सहित पोकलेन मशीन के मालिक के खिलाफ थाना चिलकाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## रूपरेखा की तैयार

**गंगोह।** श्री लक्ष्मी नारायण मंडल द्वारा श्रावण मास में श्री शिव महापुराण कथा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की सफलता व आमजन की सहभागिता के लिए नगर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक रुपरेखा तैयार की गई।

आगामी 26 जुलाई से 1 अगस्त तक कथा का आयोजन श्री महादेव कुटी बड़ा हनुमान मंदिर में होगा। आचार्य देशमुख वशिष्ठ महाराज कथा वाचन करेंगे। आयोजनकर्ता संस्था के अध्यक्ष रघुनंदन गोयल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कथा प्रतिदिन सायं साढे तीन बजे से आरंभ होगी। शुरुआत में 26 जुलाई को कलश यात्रा निकाली जाएगी जबकि समापन 1 अगस्त की शाम विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कुमार फौजी, प्रधान सचिव राकेश गोयल, अरविंदपाल कपूर, सचिन गर्ग, करण गोयल, दीपांशु मौजूद रहे।

# आरक्षण दिवस संविधान जागरूकता दिवस के रूप में मनाएंगे सपाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर आगामी 26 जुलाई को आरक्षण दिवस को संविधान मान स्तंभ दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जनपद सहारनपुर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व मंत्री कमाल अख्तर मुख्य अतिथि होंगे।



कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज सपा जिला कार्यालय अंबाला रोड, पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने की। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अब्दुल वाहिद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार आरक्षण दिवस को संविधान जागरूकता दिवस के रूप में बदलकर मनाया जाएगा। इसके तहत आमजन को संविधान, अधिकारों एवं आरक्षण की महत्ता के विषय में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आयोजन को सफल बनाने के लिए जुट जाने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए सपा प्रदेश सचिव मजिहर राणा एवं प्रदेश नेता मांगेराम कश्यप ने बताया कि संविधान के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना आज के समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 26 जुलाई के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को संविधान के मूल अधिकारों एवं सामाजिक न्याय के प्रति सजग करना है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री लियाकत अली, नगर पंचायत अध्यक्ष शमा परवीन, सपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य चौधरी सलीम अख्तर, जिला पंचायत सदस्य ममता चौधरी, मोहम्मद जब्बार, कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी, वरिष्ठ नेता चौधरी अब्दुल गफूर, मोहसिन मलिक, सुद. ेश गुर्जर, शैलेश प्रधान, महजबी खान, अच्छन यादव, मास्टर राजवीर यादव, गुलजार सलमानी, रामआशीष यादव, हसीन कुरैशी, काशिफ अल्वी, उस्मा गड़ा, महेंद्र पाल, राकेश, सतीश कुमार समेत अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सपा जिला उपाध्यक्ष सुदेश गुर्जर ने किया।

# आपत्तियों के निस्तारण के बाद ही होगी टैक्स वसूली: डा. अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम की ओर से महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज एक बार फिर लोगों को भरोसा दिलाया है कि जीआईएस सर्वे नोटिसों में वृद्धि को लेकर लोग चिंतित न हो जब तक उनकी आपत्तियों का निस्तारण नहीं होगा, उनसे टैक्स नहीं वसूला जायेगा। महापौर व नगरायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि जो नये भवन बने हैं उनके लिए अप्रैल 2024 कट ऑफ डेट रखी गयी हैं।



महापौर व नगरायुक्त ने आज व्यापार मण्डलों के प्रतिनिधियों, उध्यमियों व सर्वदलीय संघर्ष समिति के साथ जीआईएस सर्वे पर विस्तार से चर्चा करते हुए उक्त आश्वासन दिया। इससे पूर्व महापौर ने अन्य शहरों की दरों का उल्लेख करते हुए सहारनपुर की टैक्स दरों से अवगत कराया। महापौर ने कहा कि कुछ लोगों के बीच यह भ्रांति फैली है कि डीएम सर्किल रेट के आधार पर टैक्स की दरे निर्धारित की गयी है। उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। इससे पूर्व कर निर्धारण अधिकारी श्रुति महेश्वरी ने जीआईएस सर्वे क्या है और उसके उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि जीआईएस सर्वे नोटिस का तात्पर्य भवन स्वामी को सूचना देना है यदि वह उससे सहमत नहीं है तो उस पर आपत्ति दर्ज करा सकता है। उन्होंने बताया कि लिखित के अलावा निगम की साइट पर भी जाकर आपत्ति दर्ज करायी जा सकती है। महापौर ने कहा कि गरीब को कोई सताए नहीं यह हम सब सुनिश्चित करेंगे। नगरायुक्त ने कहा कि जीआईएस सर्वे को लेकर किसी के झांसे में आने की जरुरत नहीं है। सीधे उनसे आकर मिलें, वह तुरंत ठीक कराते हुए निस्तारण करायेंगे।

व्यापारी नेता विवेक मनोचा, सुरेंद्र मोहन चावला, नरेश धीमान, शैलेंद्र भूषण गुप्ता व पूर्व पार्षद पुनीत चौहान आदि ने निगम बोर्ड की बैठक बुलाकर जीआईएस सर्वे समाप्त करने की मांग करते हुए कहा कि जीआईएस सर्वे में काफी खामियां है और व्यापारी उससे संतुष्ट नहीं हैं। पुनीत व शैलेंद्र भूषण ने पूर्व की तरह सेल्फ एसेसमेंट के जरिये ही कर निर्धारण करने की मांग की। महापौर ने बताया कि जीआईएस सर्वे प्रदेश स्तर पर सरकार द्वारा लिए गए निर्णयानुसार कराया गया है, सरकार द्वारा बनाये गए अनेक नियमों को निगम मानने को बाध्य है।संघर्ष समिति के जयनाथ शर्मा, एसआईए के शिव गौड़, महेंद्र तनेजा, यश मैनी आदि ने भी अनेक जिज्ञासाएं व्यक्त की जिन्हें महापौर व नगरायुक्त ने उत्तर देकर शांत किया। विवेक मनोचा, यश मैनी व सुरेंद्र मोहन चावला ने प्रवर्तन दल व व्यापारी के बीच हुए विवाद की जांच रिपोर्ट जल्द जारी करने पर जोर दिया। महेंद्र तनेजा ने अलग से सर्वदलीय संघर्ष समिति को समय देने की मांग की। बैठक में अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संगीता गुप्ता तथा उक्त व्यापारी नेताओं के अलावा पूर्व विधायक सुरेन्द्र कपिल, ठाकुर वीरेंद्र सिंह, रवींद्र मिगलानी, राजकुमार मक्कड़, मुकुंद मनोहर गोयल, अनुपम गुप्ता, नुसरत साबरी, जयवीर राणा, विजय मल्होत्रा, शीतल टण्डन आदि व्यापारी नेताओं के अतिरिक्त पार्षद मुकेश गक्खड़, दिग्विजय चौहान, राजेंद्र कोहली, मयंक गर्ग, पार्षद प्रतिनिधि अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# युवक के हत्यारोपियों को बचाने में लगी पुलिस: फरहाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** सपा के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाडा ने कहा मनुवादी सोच की गोद में बैठी सत्ता में ओबीसी की जान की कीमत कुछ नही है। भाजपा राज के अंदर हत्या के मामले में एक आरोपी को पकड पुलिस ने लीपापोती कर ली, लेकिन न्याय के पीडित परिवार आज भी भटक रहा है।

फरहाद ने बताया कि विधानसभा नकुड के गांव डालेवाला की विधवा के लगभग पन्द्रह वर्षीय पुत्र प्रिंस कश्यप की 7 जुलाई को हत्या कर दी गई थी। जिसमें केवल एक ही हत्यारे की गिरफ्तारी के बाद पुलिस लीपापोती कर रही हैं। परिजनों का आरोप है कि प्रिंस कश्यप की हत्या के 12 दिन बाद भी इंसाफ नहीं मिला। फरहाद गाडा ने कहा कि यह कोई इकलौती घटना नहीं है। पिछले 11 सालों मेंओबीसी, दलितों, और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के मामले बेलगाम बढ़ गए हैं, क्योंकि सत्ता में बैठी भाजपा ने भेदभाव का नकाब पहनी हिंसा को खुली छूट दे दी है।

उन्होने कहा कि सरकार ने ना सिर्फ इन अत्याचारों पर चुप्पी साध ली है, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर के अपराधियों की ढाल बना दिया है। भाजपा सरकार के दौर में दलित होना, गरीब होना, वंचित होना - जैसे अपराध बन गया है। प्रिंस कश्यप की मौत सिर्फ एक इंसान की नहीं बल्कि संविधान और बाबा साहब के सपनों की हत्या है।

उन्होने कहा कि प्रिंस व उसके परिवार के साथ हुई बर्बरता सिर्फ एक अपराध नहीं है बल्कि यह ठश्रच्-ै की मनुवादी सिस्टम का वो घिनौना चेहरा है जो आज भारत में ओबीसी, बहुजनों के जीवन को सस्ता समझता है, जो उन्हें समानता और सम्मान का हकदार नहीं मानता।

सपा नेता फरहाद आलम ने कहा मैं पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा हूं। यह सिर्फ एक परिवार के इंसाफ की लड़ाई नहीं, यह सामाजिक न्याय और भारत की आत्मा की लड़ाई है। उनहोंने कहा दोषियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई होनी चाहिये।

# चकबंदी अधिकारी राजेश का मौलाना फरीद ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नवनियुक्त बन्दोबस्त चकबंदी अधिकारी राजेश कुमार देवरार के सहारनपुर पहुंचने पर जामा मस्जिद प्रबन्धक मौलाना फरीद मजाहिरी समेत कई समाजसेवियों ने उनका स्वागत किया।

प्रदेश के चकबंदी आयुक्त भानुचंद गोस्वामी ने विगत दिवस प्रतापगढ के बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी राजेश कुमार देवरार का तबादला इसी पद पर सहारनपुर कर दिया था। आज यहां पहु. चने पर उनके पुराने मित्र जामा मस्जिद के प्रबन्धक मौलाना फरीद मजाहिरी, मौ. आलम, राव महबूब, नौशाद मलिक, डा. शाहकार खान ने फूलों का गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात अपेक्षा की कि श्री राजेश जिले के ग्रामीणों की समस्याओं का निदान कराने में अग्रसर रहेंगे।

# गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने को टीमों का गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के क्रम में कांवड यात्रा मार्ग में पड़ने वाले विभिन्न कांवड शिविरो, ढाबों, रेस्टोरेन्ट तथा छोटे दुकानदारों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं अन्य खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आठ टीमें गठित की गयी है जो कांवड मार्गो पर लगातार भ्रमणशील रहते हुए न केवल गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान कर रही है बल्कि स्वच्छ परिवेश में खाद्य पदार्थ बनाने तथा रख-रखाव के सम्बन्ध में जागरूक भी कर रही है।



विभाग द्वारा कांवड मार्गों पर फूड सेफ्टी ऑनविल मोबाईल वैन द्वारा श्रद्धालुओं, शिविर संचालकों एवं समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को जागरूक करते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जनपद के सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कांवड़ मार्ग के सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं के खाद्य पंजीकरण, अनुज्ञप्ति प्रतिष्ठान के मुख्य स्थान पर प्रदर्शित करवाया गया है तथा इस कांवड यात्रा में विभाग द्वारा ऑनलाईन फीडबैक एवं शिकायत के लिए फूड सेफ्टी कनेक्ट एप का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए जनपद के समस्त कांवड मार्ग में पड़ने वाले प्रतिष्ठानों पर चस्पा किया गया है। इस एप के माध्यम से कोई भी श्रद्धालु एवं व्यक्ति अपने फीडबैक एवं अन्य खाद्य पदार्थो से सम्बन्धी समस्याओं से अवगत करा सकता है तथा उस पर विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए निस्तारण कराया जा सकता है। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में कांवड मार्ग पर पड़ने वाले सभी खाद्य प्रतिष्ठानों पर रेट लिस्ट चस्पा करायी गयी है। जनपद के सभी कांवड मार्गो तथा उसके आस-पास माँस, मछली, अण्डे पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित किये गये है तथा जनपद में संचालित नॉनवेज के सभी ढाबों, रेस्टोरेन्ट, प्रतिष्ठानों को बन्द करा दिया गया है। समस्त कार्यो को सहायक आयुक्त (खाद्य)-।। मनोज कुमार वर्मा एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी धनंजय कुमार शुक्ला द्वारा सत्त रूप से पर्यवेक्षण किया जा रहा है। प्रतिदिन कांवड़ शिविरों का निरीक्षण कर संचालकों तथा श्रद्धालुओं को स्वच्छ परिवेश में गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभाग में जिलाधिकारी के निर्देशन में कार्यरत सभी आठों टीमे लगातार भ्रमणशील रहते हुए श्रद्धालुओं को स्वच्छ व स्वस्थ खान-पान उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है।

# विधायक निम ने की कांवड़ियों की सेवा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहरादून रोड पर जेल चुंगी के निकट चल रहे शिवर श्री नीलकंठ महादेव कांवड़ सेवा संघ परिवार शिविर का विधिवत श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना और कांवड़ यात्रा का यह पवित्र अवसर, आस्था, भक्ति और सेवा का संगम होता आ रहा है। ऐसे में हमारे बीच पधारे रामपुर मनिहारान विधायक देवेन्द्र निम ने कांवडियों की सेवा की और और भोले बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संरक्षक शीशपाल सिंह, अध्यक्ष आशु पंडित, उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, कार्यक्रम संचालक विजय नारिया, हिमांशु चौहान, जितेंद्र भारद्वाज, गौरव कपूर, सचिन खेड़ा, धर्मेश पवार, हिमांशु शर्मा, मोनू पंडित, कपिल शर्मा, विनीत पवार, राजीव नरूला, शिवम् नरूला, तरुण बत्रा, महेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।



**अम्बाला रोड स्थित लगाये गये शिविर में महापौर डा. अजय, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा व पूर्व विधायक संजय गर्ग कांवड़ियों की सेवा करते हुए।**

# कांवड़ियों ने गाड़ी के तोड़े शीशे

**सरसावा।** हरिद्वार गंगा में अस्थि विसर्जन कर रात के समय वापस हरियाणा लौट रहे परिवार की कार शाहजहांपुर में एक कावड़िए से टच हो गई। जिससे आक्रोशित कावड़िए एवं साथी ने कार को रोक लाठी डंडों से कार के शीशे तोड़ क्षतिग्रस्त कर दी गई। कार सवारों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच आक्रोशित कावड़ियों को समझा बुझा शांत किया। उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार रात करीब 10:30 बजे थाना सरसावा क्षेत्र के हाईवे किनारे स्थित गांव शाहजहांपुर में शिविर में कुछ कावड़ियों आराम कर रहे थे।उनका एक साथी डिवाइडर पार कर हाईवे के दूसरी ओर जो वाहनों के लिए संचालित है । पर जाने लगा तो सहारनपुर की ओर से आ रही एक सफेद रंग की इनोवा कार से टच हो गया।जिससे आक्रोशित उक्त कावड़िए एवं उसके साथियों ने लाठी डंडों से कार के शीशे तोड़ दिए।

कार चालक मनोज कुमार पुत्र नाहर सिंह निवासी ग्राम बोह थाना महेश नगर,जिला अंबाला हरियाणा ने थाना सरसावा में दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर देते बताया कि शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे अपने परिजन की अस्थियां हरिद्वार गंगा में विसर्जित कर वापस हरियाणा लौट रहे थे। तभी दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसकी कार को रोक कर कार के शीशे तोड़कर कार क्षतिग्रस्त कर दी।इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि पीड़ित को ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है।आरोपियों की तलाश जारी।

# कांवड़ियों को उपलब्ध कराई चिकित्सा सुविधा

**शाह टाइम्स संवाददात**

**बिहारीगढ़।** दिल्ली देहरादून नेशनल हाईवे पर मोहण्ड पुलिस चौकी पर पावर लाइफ केयर हॉस्पिटल देहरादून की तरफ से कावड़ियों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, अस्पताल की तरफ से यहां 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा भी मिलेंगी।



बता दें कि पवित्र सावन मास में शिव भक्त कावड़िये उत्तराखंड के गंगोत्री, गोमुख और हरिद्वार से गंगाजल लेने के लिए हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित अनेक राज्यों से बिहारीगढ़ के रास्ते देहरादून होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं। इस दौरान कावड़ियों की सेवा में जगह-जगह सनातन धर्म के लोग शिविर लगाकर कावड़ियों को सुबह दोपहर और शाम को चाय नाश्ते के साथ-साथ विभिन्न तरह का स्वादिष्ट भोजन और विश्राम की सुविधाएं मुहैय्या करा रहे हैं, वहीं सुंदरपुर निवासी वरिष्ठ समाज सेवी एवं पावर लाइफ केयर हॉस्पिटल मोहब्बेवाला (देहरादून) के चेयरमैन नाथी राणा ने अपने अस्पताल के सिनियर डॉक्टरों की टीम अनिल चौधरी के नेतृत्व में मोहण्ड पुलिस चौकी पर 24 घंटे के लिए तैनात कर दी है, किसी भी इमरजेंसी के लिए उन्होंने एंबुलेंस का प्रबंध भी किया है। इस दौरान डॉक्टर शुभम सैनी, डॉक्टर कुलदीप सिंह राणा, वार्ड ब्वाय संतोष कुमार सहित पूरी टीम शिव भक्त कावड़ियों की सेवा में जुटी हुई है। बिहारीगढ़ से डांट काली मन्दिर स्थित यूपी-उत्तराखंड के बार्डर तक बिहारीगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक जावेद खान भी कावड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था में थाना पुलिस को साथ लेकर दिन रात मेहनत में लगे हुए हैं।



नई दिल्ली। गाजा में चल रहे सशस्त्र संघर्ष के बीच नेहरू प्लेस में फलस्तीनियों के समर्थन में प्रदर्शन में भाग लेते लोग।

# गाजा में भारी गोलीबारी, 50 फलस्तीनी मारे गए

## खाद्य वितरण केंद्र पर इजरायली सेना ने लोगों पर गोलियां बरसाईं, ड्रोन से भी गोलियां चलाई गईं

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी के दक्षिणी हिस्से में शनिवार को 50 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। स्थानीय अधिका. रियों के अनुसार ये सभी खाने के पैकेट के लिए जा रहे थे। वहीं अस्पताल के अधिका. रियों के अनुसार, इजरायली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाई, जिसमें कई लोग घायल भी हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक, ये सभी फलस्तीनी गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) नाम की संस्था की तरफ से चलाए जा रहे खाद्य वितरण केंद्रों की ओर जा रहे थे। यह संस्था अमेरिका और इजरायल की मदद से मई महीने से गाजा में खाना बांट रही है। जीएचएफ ने मई महीने में गाजा में काम शुरू किया था। इसका मकसद भूखे लोगों को खाना पहुंचाना है। अमेरिका और इजरायल ने इस संस्था को इसलिए समर्थन दिया क्योंकि उनका आरा. ेप है कि पारंपरिक यूएन आधारित राहत

### जीएचएफ के खाद्य वितरण केंद्रों की ओर जा रहे थे मारे गए लोग

वितरण प्रणाली में हमास के आतंकी राशन चुरा लेते हैं। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र इस आरोप को सिरे से खारिज करता है। जीएचएफ दावा करता है कि उसने लाखों खाने के पैकेट बांटे हैं, लेकिन स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सैंकड़ों लोग इन केंद्रों पर गोलीबारी में मारे जा चुके हैं। जानकारी के अनुसार, गोलीबारी की घटना मुख्य रूप से दो जगहों पर हुई। जिसमें पहली घटना तेइना इलाका, खान यूनिस शहर के पास हुई। इस दौरान लगभग तीन किलोमीटर दूर जीएचएफ के एक केंद्र की ओर सैकड़ों लोग पैदल चल रहे थे। गवाहों के अनुसार, पहले इजरायली सेना ने चेतावनी में हवाई फायरिंग की, लेकिन बाद में सीधे लोगों पर गोलियां बरसा दीं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने

### मई महीने से भूखे लोगों को खाना पहुंचा रही है जीएचएफ

बताया कि यह एक नरसंहार था, सैनिकों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।श एक अन्य गवाह ने बताया कि टैंकों और ड्रोन से भी गोलियां चलाई गईं। इसके बाद घायल लोगों को उठाकर नासर अस्पताल, खान यूनिस लाया गया, जहां 25 शव और 70 घायलों की पुष्टि हुई है। दूसरी घटना शकूश इलाका, रफा शहर के पास हुई। यहां भी जीएचएफ केंद्र के पास भीड़ पर गोलियां चलीं, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक महिला भी थी। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इस गोलीबारी के बारे में जानकारी देते हुए एक शख्स ने कहा कि हमने चिल्लाकर कहा- खाना चाहिए, खाना! लेकिन उन्होंने हमसे बात नहीं की, सीधे गोलियां चलाईं। एक जॉर्डन-फलस्तीनी व्यक्ति ने बताया कि उनका 19 साल का बेटा हिशाम भी मारा गया। उन्होंने जॉर्डन सरकार से अपील की कि उन्हें गाजा से निकालने में मदद करें। जीएचफ ने कहा है कि उसके केंद्रों पर कोई गोलीबारी नहीं हुई, और अगर मौतें हुई हैं तो भगदड़ और हमास की तरफ से फैलाई अफवाहों के कारण हुईं। वहीं इजरायली सेना ने कहा कि वह केवल 'चेतावनी के तौर पर फायरिंग' करती है अगर भीड़ बहुत पास आ जाए। हालांकि, शनिवार की घटना पर सेना और जीएचएफ की ओर से कोई आधिकारिक बयान अब तक नहीं आया है। 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला किया, जिसमें 1200 लोग मारे गए और 250 को बंधक बना लिया गया। जवाब में इजरायल ने गाजा पर भीषण सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें अब तक 58000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शीनबाम ने नई अमेरिकी सीमा दीवार के निर्माण का कड़ा विरोध किया

**मैक्सिकन सिटी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने शुक्रवार को न्यू मैक्सिको में सीमा पर दीवार के एक नए हिस्से के निर्माण का कड़ा विरोध किया और इसे अमेरिकी सरकार का एकतरफा कदम बताया। राष्ट्रपति शीनबाम ने अपनी दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मेक्सिको किसी भी तरह से इस परियोजना में शामिल नहीं है और न ही इसके लिए कोई धनराशि दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे इसे अपने दम पर बना रहे हैं। हम दीवार का समर्थन नहीं करते।

### चीन में तूफान 'विफा' के लिए येलो अलर्ट

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रीय वेधशाला ने शनिवार को देश के छठवें तूफान 'विफा' के लिए पीला अलर्ट जारी किया और इससे देश के दक्षिणी तटीय क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की आशंका है। राष्ट्रीय मौसम केंद्र के अनुसार आज सुबह पांच बजे तूफान 19.9 डिग्री उत्तर अक्षांश और 120.2 डिग्री पूर्व देशांतर पर स्थित था, जो 15.20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि रविवार दोपहर या शाम के समय दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के शेनझेन शहर से लेकर हैनान प्रांत के वेनचांग शहर तक तटीय क्षेत्रों में तूफ़ान के असार हैं।

### कनाडा में जंगल की आग बढ़ने की आशंका

**ओटावा।** कनाडा के ऊर्जा एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री टिम हॉजसन ने शुक्रवार को कहा कि अगस्त तक पश्चिमी कनाडा के अधिकांश हिस्सों में जंगल की आग के के बढ़ने की आशंका है और यह औसत से कहीं अधिक तेज हो सकती है। हॉजसन ने जंगल की आग का पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा कि इसका सबसे जयादा खतरा दक्षिणी ब्रिटिश कोलंबिया में है। मौसम के पूर्वानुमान जुलाई से अगस्त तक देश के अधिकांश हिस्सों में औसत से अधिक तापमान का संकेत देते है और आने वाले हफ्तों में विशेष रूप से पश्चिम और उत्तर में शुष्क परिस्थितियों के और बढ़ने की संभावना है।

### उ. कोरिया का नया समुद्र तटीय रिसॉर्ट विदेशियों के लिए बंद

**सिंगापुर।** उत्तर कोरिया ने नये समुद्र तटीय रिसॉर्ट पर कुछ हफ्तों बाद ही विदेशी पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक जुलाई को खोले गए वॉनसन कल्मा तटीय पर्यटन क्षेत्र को उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की पर्यटन को बढ़ावा देने की महत्वाकांक्षाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया जा रहा है। उत्तर कोरिया ने फरवरी में ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन सहित पश्चिमी देशों के पर्यटकों को भी अनुमति दी थी।

# भारत-पाक संघर्ष में पांच जेट गिरे: ट्रम्प

## जेट किस देश के यह नहीं बताया, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 24वीं बार कहा: भारत-पाक जंग मैंने रुकवाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। साथ ही उन्होंने कहा: मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सच में पांच जेट गिरे थे। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे। ट्रम्प ने ये बात व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान कही। ट्रम्प अब तक 24 बार भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने की बात कह चुके हैं।

पहली बार ऐसा दावा उन्होंने 10 मई को सोशल मीडिया पर किया था। दरअसल, पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने लड़ाई में 5 भारतीय विमान मार गिराए थे। वहीं, भारत ने भी कहा था कि पाकिस्तान के कुछ विमान गिराए गए हैं। पाकिस्तान ने अपने किसी भी विमान के नुकसान से इनकार किया, लेकिन हवाई ठिकानों को निशाना बनाने की बात मानी थी। ट्रम्प बोले थे: हम संघर्षों को निपटाने में बहुत सफल रहे इससे पहले 14 जुलाई को ट्रम्प ने अपने इस दावे को दोहराया था कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के बाद हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को बढ़ने से रोक दिया था। ट्रम्प ने ये टिप्पणियां नाटो के महासचिव मार्क रूट के साथ अपनी बैठक के दौरान कीं। ट्रम्प ने कहा कि हम युद्ध को निपटाने में बहुत सफल रहे हैं। उन्होंने व्यापार को लाभ के रूप में इस्तेमाल करने की अपनी रणनीति


ट्रम्प ने वॉल स्ट्रीट जर्नल पर मानहानि का केस किया 86 हजार करोड़ डॉलर का हर्जाना भी मांगा

की ओर इशारा करते हुए कहा कि हमने व्यापार के माध्यम से ऐसा किया। मैंने कहा था कि जब तक आप इस मामले को सुलझा नहीं लेते, हम आपसे व्यापार के बारे में बात नहीं करेंगे, और उन्होंने ऐसा किया। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएचजे) पर मानहानि का केस किया है। उन्होंने 10 अरब डालर (लगभग 86188 करोड़ भारतीय करेंसी) हर्जाने की मांग की है। ट्रम्प ने डब्ल्यूएचजे पर आरोप लगाया है कि उसने एक झूठी और मानहानिकारक खबर छापी, जिसमें उनका नाम अरबपति और सेक्स ट्रैफिकिंग के दोषी जेफ्री एपस्टीन के साथ जोड़ा गया है। दरअसल, अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि ट्रम्प ने साल 2003 में एपस्टीन के 50वें जन्मदिन पर एक लेटर भेजा था। इस लेटर में सिर्फ ट्रम्प का नाम ही नहीं था, बल्कि उसमें एक नग्न महिला की तस्वीर भी संलग्न थी। ट्रम्प ने इस खबर को झूठा और अपमानजनक बताते हुए कहा है कि अगर डब्ल्यूएचजे ने इसे वापस नहीं लिया, तो वह कानूनी कार्रवाई करेंगे। इसके मालिक रूपर्ट मर्डोक और उनकी कंपनी न्यूज कार्प पर केस करने की धमकी दी थी।

### ट्रम्प ने ब्रिक्स के खत्म होने की भविष्यवाणी की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से ब्रिक्स देशों को चेतावनी दी कि अगर वे अमेरिका के खिलाफ काम करेंगे तो उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने खास तौर पर ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात दोहराई। ट्रम्प ने कहा, जब मैंने पहली बार ब्रिक्स ग्रुप के बारे में सुना-छह देश हैं इसमें मैंने उन पर बहुत सख्ती से कार्रवाई की। अगर यह समूह कभी भी मजबूत तरीके से सामने आता है तो यह बहुत जल्द खत्म हो जाएगा। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ब्रिक्स देशों की डॉलर को चुनौती देने की कोशिशें नाकाम हो रही हैं। उन्होंने कहा, ब्रिक्स नाम का एक छोटा समूह है, जो अब तेजी से कमजोर पड़ रहा है। इस बार ट्रम्प ने अपने भाषण में किसी देश का नाम तो नहीं लिया, लेकिन कहा कि हम किसी को भी अपने साथ खेलने की इजाजत नहीं दे सकते।

### अमेरिका कुछ बड़े व्यापारिक सौदों की घोषणा जल्द करेगा: ट्रम्प

**न्यूयॉर्क।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की ओर से कुछ बड़े व्यापारिक सौदों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में स्टेबलकॉइन एक्ट पर शुक्रवार को हस्ताक्षर समारोह में कहा कि वे आज ही ऐसा कर सकते हैं शायद बाद में, हम ऐसा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जब मैं यह दस्तावेज भेजूंगा कि आप 35 प्रतिशत या 40 प्रतिशत टैरिफ दे रहे हैं तो यह एक समझौता होगा। फिर वे फोन करेंगे और देखेंगे कि क्या वे कुछ अलग तरह का समझौता कर सकते हैं। ट्रम्प ने हाल ही में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत व्यापक अमेरिकी पारस्परिक आयात शुल्क के 90-दिवसीय निलंबन को नौ जुलाई से एक अगस्त तक बढ़ा दिया गया है और कई प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ व्यापार वार्ता चल रही है। गत आठ जुलाई को सोशल मीडिया पर अमेरिका के राष्ट्रपति के पोस्ट के अनुसार एक अगस्त की समय-सीमा में कोई बदलाव या विस्तार नहीं होगा, जब आयात शुल्क का भुगतान शुरू होगा।

# फ्रांसीसी प्रधानमंत्री की लोकप्रियता घटी

**मॉस्को।** फ्रांस के प्रधानमंत्री फ्रेंकोइस बायरू ने देश के सार्वजनिक घाटे को कम करने के लिए उपायों की घोषणा की है लेकिन देश के अधिकांश नागरिक उनकी नीतियों से सहमत नहीं हैं और चाहते हैं कि वह अपना पद छोड़ दें। आरटीएल प्रसारक के लिए इप्सोस बीवीए द्वारा किए गए एक नए सर्वेक्षण के अनुसार 50 प्रतिशत से अधिक नागरिक चाहते हैं कि बायरू अपने पद से इस्तीफा दें।

इस पोल में यह भी सामने आया है कि केवल 20 प्रतिशत फ्रांसीसी नागरिक ही उनकी नीतियों का समर्थन करते हैं। आरटीएल द्वारा शुक्रवार को प्रकाशित सर्वेक्षण के अनुसार, केवल 20 प्रतिशत फ्रांसीसी नागरिक प्रधानमंत्री का समर्थन करते हैं जबकि 59 प्रतिशत लोग चाहते हैं कि बायरू इस्तीफा दें।सर्वेक्षण 16-17 जुलाई को हुआ जिसमें शामिल 1000 से जयादा लोगों में से 44 प्रतिशत लोग संसद भंग करने के पक्ष में थे और 34 प्रतिशत लोग अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में थे। वहीं सर्वेक्षण में शामिल 41 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे अविश्वास प्रस्ताव को लेकर

**बायरू ने सार्वजनिक घाटे को कम करने के लिए उपायों की घोषणा की**

चिंतित होंगे। बायरू ने कहा कि उनका लक्ष्य अगले साल फ्रांस के बजट घाटे को जीडीपी के 4-6 प्रतिशत तक कम करना है। मंगलवार को अगले वर्ष के लिए मसौदा बजट पेश करते हुए बायरू ने कहा कि फ्रांस वर्ष 2026 में अपने सबसे धनी नागरिकों के लिए कर बढ़ाएगा और मुद्रास्फीति के आधार पर पेंशन एवं सामाजिक लाभों को समाप्त कर देगा। प्रधानमंत्री की योजना देश के बजट घाटे को वर्ष 2029 तक यूरोपीय संघ की तीन प्रतिशत जीडीपी सीमा के नीचे लाने की है। इसके लिए उन्होंने 43.8 अरब यूरो की कटौती की योजना बनाई है, जिसमें सार्वजनिक खर्च में वृद्धि पर रोक लगाना और उच्च आय वालों पर 'एकजुटता' कर लगाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने देश के स्वास्थ्य सेवा बजट में पांच अरब यूरो की कटौती करने की योजना की भी बात की और स्थानीय अधिकारियों के लिए 2026 में अपने खर्च से 5.3 अरब यूरो की कटौती करने की योजना बनाई।

# एर्दोआन, पुतिन ने सीरिया में झड़पों इजरायली हमलों पर की चर्चा

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर बातचीत की और सीरिया में संघर्ष को पूरे क्षेत्र की स्थिरता के लिए खतरा करार दिया है। तुर्की के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में यह जानकारी दी है।

बयान के अनुसार, शुक्रवार को हुई बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने सीरिया के दक्षिणी प्रांत स्वेदा में बढ़ते तनाव पर चर्चा की। एर्दोआन ने इजरायल द्वारा सीरिया की संप्रभुता का ख्याल रखने के महत्व को रेखांकित किया तथा सीरिया में स्थिरता एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा देश की स्थिति के यथाशीघ्र सामान्य होने के लिए समर्थन देने की तुर्की की प्रतिबद्धता दोहराई। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने सीरिया में बढ़ते तनाव सहित मध्य-पूर्व में घटित घटनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं ने सीरिया में हाल ही में हिंसा में हुई वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा इस बात पर बल दिया कि सीरिया के विविध समाज के सभी लोगों के वैध अधिकारों का सम्मान करते हुए बातचीत एवं राष्ट्रीय समझौते को मजबूत करके यथाशीघ्र स्थिति को सामान्य करना बहुत महत्वपूर्ण है बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने सीरिया की संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# सीरिया-इजरायल संघर्ष विराम पर सहमत

## अमेरिकी दूत के हवाले से किया जा रहा दावा-स्वैदा से सीरियाई बलों की वापसी के बाद फैसला

**दमिश्क।** सीरिया के स्वैदा प्रांत में सीरियाई बलों और ड्रुज अल्पसंख्यक समुदाय के बीच हिंसा के बाद इजरायल ने सीरिया पर हमले किए। अब अमेरिकी दूत के हवाले से दावा किया जा रहा है कि सीरिया और इजरायल संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। सीरिया में अमेरिकी दूत टाम बैरक ने कहा कि स्वैदा से सीरियाई बलों की वापसी के बाद इजरायल ने संघर्ष विराम कर लिया है।

बैरक ने एक्स पर लिखा कि इजरायल और सीरिया के बीच नए युद्ध विराम का तुर्की, जार्डन और अन्य पड़ोसी देशों ने समर्थन किया है। ड्रूज से अपने हथियार डालने और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ मिलकर अपने पड़ोसियों के साथ शांति और समृद्धि में एक नई और एकजुट सीरियाई पहचान बनाने का आह्वान किया है। वहीं इजरायल ने कहा कि वह ड्रूज समुदाय की रक्षा के लिए काम कर रहा है, जो इजरायल में


इजरायल और सीरिया के बीच नए युद्ध विराम का तुर्की, जार्डन और अन्य पड़ोसी देशों ने किया समर्थन

एक बड़ा समुदाय है। वहां एक वफादार अल्पसंख्यक के रूप में देखा जाता है। इससे पहले सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने घोषणा की थी कि सरकार स्वैदा में झड़पों को रोकने और जमीनी स्तर पर संघर्ष को सुलझाने के लिए एक विशेष बल भेजेगी। उन्होंने कहा कि समझौते के तहत सरकारी बलों के हटने के बाद, ड्रूज गुटों और मौलवियों को स्वेदा में आंतरिक सुरक्षा बनाए रखनी होगी। सीरियाई अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले सरकार ने भी ड्रूज गुटों के साथ एक समझौते पर बातचीत की थी। मगर सफल नहीं रही। सीरिया में लंबे समय से गृहयुद्ध जैसी स्थितियां बनी हुई हैं।

हालिया संघर्ष की शुरुआत तब हुई जब एक द्रुज सब्जी विक्रेता को एक बेदुइन कबायलियों ने अपहरण कर लूट लिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच एक के बाद एक अपहरण और जवाबी हमले शुरू हो गए। इसके बाद हिंसा और भड़क उठी और सीरियाई सरकार के लड़ाके भी ड्रूजों की हत्या में शामिल हो गए। इस घटनाक्रम को देखते हुए इजरायल ने 15 जुलाई को पहली बार सीरिया के स्वैदा में हमले बोले और कट्टरपंथी लड़ाकों को भागने पर मजबूर कर दिया।

# जरूरत पड़ने पर इजरायल का सामना करने को तैयार: हिजबुल्लाह नेता

**बेरूत।** हिजबुल्लाह नेता नईम कासिम ने 'इज़रायली आक्रमण' और अमेरिका समर्थित क्षेत्रीय दबावों से लेबनान के 'अस्तित्व को खतरे' की चेतावनी देते हुए कहा है कि उनका संगठन ज़रूरत पड़ने पर इज़रायल के सैन्य रूप से सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने ये टिप्पणी वर्ष 2024 में एक इज़रायली हमले में मारे गए हिजबुल्लाह के शहीद कमांडर अली अब्दुल मोनीम कराकी (अबू अल-फ़दल) की स्मृति में शुक्रवार को आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा के दौरान की। स्थानीय टीवी चैनल अल-मनार ने कासिम के हवाले से कहा कि हम रक्षात्मक टकराव के लिए तैयार हैं।

# अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 70% गिरी

## छात्रों से जुड़ी नीतियों की वजह से वीजा स्लाट्स में रुकावट और रिजेक्शन में बढ़ोतरी से स्थिति बनी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में पढ़ाई के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 70 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई है। ट्रम्प प्रशासन की अंतर्राष्ट्रीय छात्रों से जुड़ी नीतियों की वजह से वीजा स्लाट्स में रुकावट और वीजा रिजेक्शन में अचानक बढ़ोतरी से यह स्थिति बनी है। हैदराबाद ओवरसीज कंसल्टेंट के संजीव राय ने बताया-आमतौर पर इस समय तक छात्र अपने वीजा इंटरव्यू पूरे कर चुके होते हैं और अमेरिका जाने की तैयारी कर रहे होते हैं। इस साल हम रोज पोर्टल चेक कर रहे हैं कि कहीं स्लाट खुल जाएं, लेकिन यह कई सालों में सबसे खराब स्थिति है। अमेरिकी अधिकारियों ने वीजा स्लाट्स को अलग-अलग स्टेज



में जारी करने का वादा किया था, लेकिन हालात अभी तक क्लियर नहीं हैं, जिससे छात्रों में साल बर्बाद होने का डर बढ़ गया है। वहीं, विंडो ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंसी के अंकित जैन ने कहा कि स्लाट्स बुक करने के बावजूद कई छात्रों को कन्फर्मेशन नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा: ऐसा लगता है कि अमेरिका अपने सिस्टम की टेस्टिंग कर रहा है। इन सब दिक्कतों के चलते कई छात्र अब दूसरे देशों में पढ़ाई के विकल्प तलाश रहे हैं। 23 साल के एक छात्र ने कहा: मैं और इंतजार नहीं कर सकता। मुझे एक साल बर्बाद होने का डर है। अमेरिका का रास्ता बंद लग रहा है। आई20 फीवर कंसल्टेंसी के अरविंद मांडुवा ने चेतावनी दी कि अगर अगले कुछ दिनों में स्लाट्स नहीं खुले, तो हजारों छात्रों के सपने टूट जाएंगे। हमें हर दिन छात्रों और उनके माता-पिता के फोन आ रहे हैं। इसके अलावा, मार्च में आवेदन करने वाले छात्र, जिन्हें इंटरव्यू स्लाट्स मिल चुके थे, अब हाई रिजेक्शन का सामना कर रहे हैं। ओवरसीज एजुकेशन कंसल्टेंसी के अंकित जैन के मुताबिक, कई छात्र, जिन्हें आमतौर पर आसानी से वीजा मिल जाता था, अब रिजेक्ट हो रहे हैं। उनके सोशल मीडिया प्रोफाइल भी क्लियर हैं। रिजेक्शन का ज्यादातर कारण सेक्शन 214बी बताया जा रहा है। सेक्शन 214(बी) अमेरिकी इमिग्रेशन कानून का एक प्रावधान है, जो तब लागू होता है जब आवेदक यह साबित नहीं कर पाता कि वह पढ़ाई के बाद अपने देश वापस लौटेगा।

# रूसी हस्तक्षेप की गलत जानकारी ओबामा के अधिकारियों ने फैलाई: गबार्ड

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निद. ेशक तुलसी गबार्ड ने शनिवार को एक रिपोर्ट जारी कर आरोप लगाया कि ओबामा प्रशासन के अधिकारियों ने 2016 के चुनाव में रूसी हस्तक्षेप से संबंधित खुफिया जानकारी फैलाई थी।

गबार्ड ने एक बयान में दावा किया कि पूर्व अधिकारी एक देशद्रोही षड्यंत्र में शामिल थे। उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय संभावित आपराधिक संदर्भों के लिए अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) को सबूत सौंप रहा है। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) के कार्यालय ने शुक्रवार को खुलासा किया कि ओबामा प्रशासन ने 2016 चुनाव में रूस के तथाकथित हस्तक्षेप के मामले को तैयार किया जबकि खुफिया रिपोर्टें लगातार इसके विपरीत संकेत दे रही थीं। कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि गबार्ड ने ठोस सबूत का खुलासा किया है जो दर्शाता है कि कैसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ 2016 का चुनाव जीतने के बाद, तत्कालीन राष्ट्रपति ओबामा और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट के सदस्यों ने खुफिया जानकारी का निर्माण और राजनीतिकरण किया। डीएनआई ने पाया कि छह जनवरी, 2017 को जारी रूस के चुनाव हस्तक्षेप पर खुफिया समुदाय (आईसी) का आकलन, आईसी द्वारा पिछले छह महीनों में किए गए आकलनों के विपरीत था जिसमें चुनाव से पहले किए गए आकलन भी शामिल थे।

बयान में यह भी संकेत दिया गया कि ओबामा प्रशासन ने नौ दिसम्बर, 2016 को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक के बाद रूस के हस्तक्षेप की बात को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि बैठक के बाद ओबामा के अधिकारियों ने वाशिंगटन पोस्ट सहित मीडिया संस्थानों में भ्रामक बयान लीक किया जिसमें कहा गया था कि रूस ने साइबर माध्यमों से चुनाव परिणाम में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया भले ही वह सक्रिय रूप से प्रभावित न कर सके।



# सोनम ने बागी-4 की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री सोनम बाजवा ने फिल्म बागी 4 की शूटिंग पूरी कर ली है। सोनम बाजवा ने टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म बागी 4 की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। सोनम बाजवा ने एक पोस्ट में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें क्लैपरबोर्ड के साथ पोज दे रही हैं। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट भी लिखी है और फिल्म के बारे में जानकारी दी है। सोनम बाजवा ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है और बस यूं ही बागी 4 की शूटिंग पूरी हो गई। यह मेरी दूसरी हिंदी फिल्म है। यह एक ऐसा सफर है जो जोश और विश्वास से बुना गया है। मेरे शानदार निर्देशक ए-हर्षा, हमारे दूरदर्शी निर्माता साजिद सर, मेरे अद्भुत सह-कलाकार टाइगर श्रॉफ और इस कहानी में अपना सब कुछ देने वाली दीप्ती जिंदल समेत हर व्यक्ति का आभार। इस अध्याय को आपके साथ साझा करने के लिए बेताब हूं। बागी फ्रैंचाइजी की चौथी किस्त का निर्देशन ए-हर्ष ने किया है। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, सोनम बाजवा, संजय दत्त और हरनाज संधू अहम किरदार में हैं। बागी 4-5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## बेटे अरहान संग इटली में वेकेशन मना रहीं मलाइका

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा इन दिनों अपने बेटे अरहान के साथ इटली में छुट्टियां मना रही हैं। एक्ट्रेस ने अपनी वेकेशन की कई सारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो काफी स्टाइलिश और यंग नजर आ रही हैं। मलाइका इटली के टस्कनी में बेटे अरहान के साथ कभी स्विमिंग तो कभी साइकलिंग करती नजर आ रही हैं। हालांकि मां-बेटे के साथ में बिताए गए क्वालिटी टाइम में कुछ लोगों को मलाइका के कपड़े पंसद नहीं आ रहे हैं।

# संगीता बिजलानी की बर्थडे पार्टी में पहुंचे सलमान खान

**मुंबई।** एक्टर सलमान खान अपनी एक्स गर्लफ्रेंड संगीता बिजलानी की जन्मदिन की पार्टी में पहुंचे। बांद्रा में हुई इस पार्टी में सलमान अपने सुरक्षा गार्ड्स के साथ पहुंचे। उन्होंने काली टी-शर्ट और डेनिम जींस पहनी थी। बता दें कि फोटोग्राफर्स के सामने पोज देते समय सलमान सीरियस दिखे। हालांकि, उनका मूड तब बदल गया जब उन्होंने एक छोटे से बच्चे को देखा। उन्होंने बच्चे स बातचीत की। वीडियो में देखा जा सकता है कि सलमान वेन्यू के गेट पर रुकते हैं। बच्चे को देखते ही उससे बात करते हैं। दोनों ने साथ में तस्वीर भी खिंचवाई। इसके बाद सलमान लिफ्ट की ओर बढ़ गए। संगीता बिजलानी और सलमान खान ने 1986 में एक दूसरे को डेट करना शुरू किया था। बता दें कि एक्टर अर्जुन बिजलानी भी इस जन्मदिन पार्टी में पहुंचे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर संगीता और सलमान के साथ एक तस्वीर शेयर कर लिखा हैप्पिएस्ट बर्थडे संगीता बिजलानी, बहुत प्यारी इंसान। मुझे लगता है बिजलानी खास होते हैं, सलमान खान के साथ दिन और अच्छा हो गया। बहुत सारा प्यार भाई। पत्नी तुम हमेशा की तरह शानदार दिख रही हो। वहीं पार्टी से बाहर निकलते समय फैंस ने उन्हें घेर लिया। एक फैन ने उनके कंधे पर हाथ रख सेल्फी लेनी चाही। सुरक्षा ने उसे रोका और सलमान तेजी से गाड़ी में बैठकर निकल गए। बता दें कि सलमान और संगीता ने कई साल रिश्ते में थे। दोनों की मुलाकात एक टीवी एड के सेट पर हुई थी। दोनों दस साल तक साथ रहे। यह सलमान के सबसे लंबे रिश्तों में से एक माना जाता है। दोनों शादी करने वाले थे।

प्रवेश सूचना- पैरामैडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104



### सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड के फार्महाउस में चोरी

**मुंबई।** एक्ट्रेस संगीता बिजलानी के पावना डैम स्थित फार्महाउस में 18 जुलाई को अज्ञात लोगों ने चोरी की है। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए, फार्महाउस के अंदर तोड़फोड़ की और कई कीमती चीजें लेकर फरार हो गए। एक रिपोर्ट के अनुसार, लोनावाला ग्रामीण पुलिस का कहना है कि यह घटना एक सोची-समझी साजिश लगती है।

## किंग के सेट पर चोटिल हुए शाहरुख खान

**मुंबई।** शाहरुख खान अपनी फिल्म किंग की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गए। उन्हें चोट तब लगी, जब वह मुंबई के गोल्डन टोबैको स्टूडियो में एक एक्शन सीन शूट कर रहे थे।

शाहरुख को चोट कब लगी और कहां लगी, इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है, लेकिन वह अपनी टीम के साथ इलाज के लिए अमेरिका गए हैं। यह भी बताया गया कि मांसपेशियों में चोट के कारण उनकी सर्जरी हुई है और डाक्टर्स ने उन्हें एक महीने आराम करने के लिए कहा है। यह भी बताया कि किंग की शूटिंग अब सितम्बर या अक्टूबर में तब शुरू होगी, जब शाहरुख पूरी तरह ठीक हो जाएंगे।

जुलाई से अगस्त के बीच फिल्म के लिए फिल्म सिटी, गोल्डन टोबैको और YRF स्टूडियो में जो शूटिंग शेड्यूल तय किया गया था, वह कैंसिल कर दिया गया है। किंग की शूटिंग भारत और यूरोप में होगी। फिलहाल, नई शूटिंग डेट्स का इंतजार किया जा रहा है।

दुबई IMMEDIATE DEPARTURE दुबई
INTERVIEW 19, 21 & 22 JULY AT CHANDIGARH OFFICE
कंस्ट्रक्शन हैल्पर 200 Nos ONLY 25000/- SERVICE CHARGES
दुबई की WADE ADAM कंपनी को निम्नलिखित CATEGORIES तुरंत चाहीए
OPERATORS: JCB, BOBCAT, ROLLER, BACKHOE, EXCAVATOR, MOBILE CRANE, WHEEL LOADER, GRADER BUS DRIVER, LIGHT DUTY DRIVER, HYDRAULIC MECHANIC, PLANT ELECTRICIAN, HEAVY DUTY MECHANIC, RIGGER
नोट ड्राईवरों व ऑपरेटरों के पास UAE Valid/Expire लाईसेंस होना चाहिऐ
Email: chdjobs@ambecs.com Lic No. B-0254/MUM/COM/1000+/5/7295/2005
AMBE CONSULTANCY SERVICES PVT. LTD. 73558-48978
CHANDIGARH:- SCO 15, Sector 20-D. 86578-56477

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है।
इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं।
इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं।
यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घें-घें-औं-औं की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S.(U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S.(U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पुर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पुर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो. : 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## एसएस राजामौली ने जेनेलिया डिसूजा की तारीफ की

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने फिल्मकार एसएस राजामौली ने अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा की तारीफ की है। जेनेलिया डिसूजा की तेलुगु फिल्म जूनियर का हाल ही में प्री इवेंट हुआ। इस इवेंट में राजामौली ने जेनेलिया की तारीफ की। इस इवेंट मे एसएस राजामौली ने कहा, 'जेनेलिया, तुमने तो समय को रोक दिया है। कितने साल बीत गए, फिर भी तुम बिल्कुल वैसी ही दिखती हैं। वही खूबसूरती, वही शालीनता। मैंने सिनेमैटोग्राफर सेंथिल से भी पूछा कि क्या हमें इसमें नई जेने. लिया देखने को मिलेगी, और उन्होंने भरोसा दिलाया।

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals Affiliations
www.srgcmzn.com src_mzn@rediffmail.com
Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
Polytechnic (CE, ME, EE)
MBA | MCA | BArch | DPharm
Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm
Shri Ram College of Law
BALLB | BComLLB | LLB
Shri Ram Polytechnic
Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)
For Admission Scan QR code or Register on www.srgcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26
Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh
BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy
MSc- Agri Chemistry & Soil Sc | BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany
MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics
MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC
BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance, BSc- Tourism & Hospitality Mgmt
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.
For Admission Scan QR code or Register on www.srcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26
Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at Maa Shakumbhari University, Saharanpur Admission Portal
Scholarship more than ₹10 Crores Available
For Further Information Please Contact @
Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Edu: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281